केवल शैक्षणिक उद्देश्य के लिए

पारा विधिक स्वयंसेवकों के लिए नियमावली

द्वारा प्रकाशित
>kj[k.M jkT; fof/kd lsok ikf/kdkj
न्याय सदन, ए.जी. ऑफिस के समीप, डोरण्डा, राँची
फोन : 0651–2481520, 2482392, फैक्स : 0651–2482397
ईमेल : jhalsaranchi@gmail.com वेबसाइट : www.jhalsa.org
यह पुस्तक झालसा के वेबसाईट www.jhalsa.org पर भी उपलब्ध है।

o"k 2017

पारा विधिक स्वयंसेवकों
के लिए
नियमावली

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार

प्रस्तावना

"The persons involved in such awareness campaign are required to equip themselves with costitutional concepts, culture, philosophy, religion, scriptual commands and injunctions, the mandate of the law as engrafted under the Act and above all the development of modern science....

The people involved in the awareness campaigns should have boldness and courage. There should not be any iota of confusion or perplexity in their thought or action."

Hon'ble Mr. Justice Dipak Misra
Judge, Supreme Court of India
(excerpts from order dated 16-9-2014 passed in Voluntary health Association of Punjab Vs Union of India)

उपरोक्त कालजयी बातें ही, इस नियमावली को तैयार करने में, हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। पारा विधिक स्वयंसेवक हमारे सारे जागरूकता अभियान के अगुवा हैं। उनको नालसा की नीति, नियम, सिद्धांत तथा गतिविधि की पूरी जानकारी होनी ही चाहिए। कुछ मुलभूत बातें हैं, जिनकी समझ और जानकारी होना पारा विधिक स्वयंसेवकों के लिए आवश्यक है। विधिक सेवाओं की पहुंच महिलाओं, बच्चों, विशिष्ट योग्यता रखने वालों, बंदियों, अनुसूचित जाति, जनजाति, वरिष्ठ नागरिकों तथा हाशिए पर के व्यक्ति और समुदाय तक सुनिश्चित करने में हमारे पारा विधिक स्वयंसेवकों का योगदान अप्रतिम रहा है। ये विधिक सेवा संस्थानों द्वारा स्थापित पंचायत स्तरीय विधिक सेवा केन्द्र, पुलिस थाना, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, वृद्धाश्रम, वैसे अस्पताल जहां तेजाबी हमले से पीड़ित को विशेषज्ञ चिकित्सा दी जाती है, सामुदायिक केन्द्र, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति तथा विधिक सेवा संस्थान के फ्रंट ऑफिस पर तैनात होते हैं। इनके माध्यम से विधिक सेवाओं की पहुंच वंचित तथा शोषित तबकों तक अद्‌भुत रूप से बढ़ा है, अतः एक सक्षम कार्यबल होने के नाते पारा विधिक स्वयंसेवकों को सुयोग्य तथा सक्षम होना ही चाहिए।

उपरोक्त पृष्ठभूमि में इस नियमावली को तैयार करने की जरूरत महसूस की गई। एक ही जगह पर पारा विधिकों को नालसा के नीति नियम तथा किए जा सकने योग्य तथा न किए जाने योग्य बातों की जानकारी देना ही इस नियमावली का उद्देश्य है। बड़े ही सरल शब्दों में सारी बातों को इसमें लिखा गया है। हिन्दी में अनुवाद करते समय भावार्थ पर ध्यान दिया गया है। यह सर्वदा ही संभव है कि इस नियमावली में और भी सुधार की संभावना हो सकती है। वैसे सभी सुझाव का हम बेहद आदर करेंगे और आगे निकलने वाले प्रकाशन में उस सुधारों को अमल में लाएंगे।

यह सत्य ही कहा गया है कि :

बड़े-बड़े काम
दल भावना से ही होते हैं
एक व्यक्ति अकेला कुछ नहीं कर सकता
दल में शामिल व्यक्तियों द्वारा
छोटे-से छोटा काम भी
काफी महत्व का होता है
बड़ी-बड़ी इमारतों में
एक-एक ईंट का महत्व होता है।

पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा नालसा की दस योजनाओं के कार्यान्वयन में अद्‌भुत योगदान दिया जा रहा है।

यहां मैं कुछ पारा विधिक स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट कार्यों का संक्षेप में उल्लेख करना चाहता हूँ।

गुमला जिले के पारा विधिक भिखारी उरांव अपने जनजागरण अभियान के दौरान तीन बच्चों (उम्र 4 वर्ष, 6 वर्ष तथा 9 वर्ष) से मिले जिनके माता-पिता की हत्या कर दी

गई थी और उनका सौतेला भाई एक रिक्शा चालक था जिसके खुद के चार बच्चे थे तथा वह इन बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ था। भिखारी उरांव ने इन बच्चों के पुनर्वास के लिए आवेदन तैयार किया तथा विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से उन्हें आवासीय विद्यालय में दाखिल कराया। उन्हें दो लाख रूपया पीड़ित मुआवजा के रूप में दिलवाया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उन बच्चों का विधिक अभिभावक बनाया गया है।

चतरा जिले की पारा विधिक श्रीमती बिंदुल बाला अपने अभियान के तहत आरती देवी से मिलीं जिनके दोनों पैर उसके पति ने तोड़ दिए थे तथा इसके बच्चे की हत्या कर दी थी। शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से

आरती देवी टूट चुकी थी। उन्हें अपना और अपने दूसरे बच्चे का गुजारा करना भी बहुत मुश्किल हो गया था। बिंदुल बाला ने विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से आरती देवी के लिए आवेदन तैयार किया तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़कर उन्हें इंदिरा आवास दिलाया तथा पेंशन दिलाया। पीड़ित मुआवजा के रूप में उसे दो लाख रूपया भी मिला। ऐसे लोग सभी राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पारा विधिक के रूप में काम कर रहे हैं इन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए गौरवान्वित करना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

हमारे पारा विधिक स्वयंसेवक साइकिल यात्रा तथा पदयात्रा के द्वारा दूर-दराज के क्षेत्रों में घर-घर जाकर विधिक जागरूकता अभियान चलाते हैं तथा विधिक सेवा प्राप्त करने हेतु दिए गए आवेदन को विधिक सेवा संस्थान तक पहुंचाते हैं।

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के पारा विधिक स्वयंसेवकों के संबंध में संक्षिप्त परिदृश्य :

कुल प्रशिक्षित पारा विधिक स्वयंसेवक	:	1839
पैनल में शामिल पारा विधिक स्वयंसेवक	:	1199
पुरूष पारा विधिक स्वयंसेवक	:	787
महिला पारा विधिक स्वयंसेवक	:	412
पंचायत स्तरीय विधिक सेवा केन्द्र में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	355
थाना में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	118
फ्रंट ऑफिस में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	43
जेल में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	92
किशोर न्याय बोर्ड/बाल कल्याण समिति में तैनात	:	46
वृद्धाश्रम में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	06
सामुदायिक केन्द्रों में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक	:	42

झारखण्ड राज्य में त्रिस्तरीय निगरानी व्यवस्था है जिसे गुजरकर पारा विधिक के कार्यों का मूल्यांकन तथा मानदेय का भुगतान होता है, जिसे नीचे दर्शाया गया है :



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के योग्य नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में हमारे देश में विधिक सेवाओं की दिन-दूनी रात-चौगुनी वृद्धि हुई है। राष्ट्र का समस्त विधिक सेवा कार्यबल, जिसमें पारा विधिक स्वयंसेवक भी शामिल हैं, नालसा के उद्देश्यों तथा निर्देशों का पालन करने के लिए तथा उन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। नालसा के सक्षम कार्यबल में शामिल पारा विधिक स्वयंसेवक के दो मूलमंत्र है :

1. **कभी हार नहीं मानो।**
2. **हमेशा पहले मूलमंत्र को याद रखो।**

(न्यायमूर्ति डी. एन. पटेल)
कार्यपालक अध्यक्ष
झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार

तिथि : 24 अप्रैल, 2017

अनुक्रमणिका

1. विधिक सेवा को जन सेवा केन्द्र के द्वारा मुख्य धारा में शामिल करना.....1
2. पारा विधिक स्वयंसेवकों का स्त्रोत.....8
3. पारा विधिक स्वयंसेवक का चयन.....9
4. पारा विधिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण.....11
5. पारा विधिक स्वयंसेवक का डाटाबेस.....15
6. पारा विधिक स्वयंसेवक के कार्य.....16
7. पारा विधिक स्वयंसेवक के द्वारा पंजी का रख-रखाव.....18
8. पारा विधिक स्वयंसेवक के किए कार्यों की निगरानी व्यवस्था.....20
9. पारा विधिक स्वयंसेवक के मानदेय.....21
10. पारा विधिक स्वयंसेवक का पंचायत विधिक सेवा केन्द्र भ्रमण संबंधी दिशानिर्देश.....23
11. कारा में पारा विधिक स्वयंसेवक एवं उनके कर्तव्य.....24
12. पारा विधिक स्वयंसेवक की थाने में तैनाती तथा उनके कर्तव्य.....26
13. पारा विधिक स्वयंसेवक की मानसिक आरोग्यशाला में नियुक्ति तथा उनके कर्त्तव्य.....27
14. पारा विधिक स्वयंसेवक की अयोग्यता एवं उन्हें हटाने की प्रक्रिया.....29
15. पारा विधिक स्वयंसेवक पर नालसा के परिपत्र.....30
16. पारा विधिक स्वयंसेवी से संबंधित सामान्यत: पूछे जाने वाले प्रश्न.....39

परिशिष्ट

1. पारा विधिक स्वयंसेवकों का परिचय पत्र.....53
2. पारा विधिक स्वयंसेवकों का पोशाक.....53
3. कानूनी सहायता रजिस्टर.....54
4. पैरा लीगल स्वयंसेवकों का डाटाबेस.....55
5. झारखण्ड राज्य के पारा विधिक स्वयंसेवकों के लिए ओरिएन्टेशन तथा इंडक्शन ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम (पाँच दिवसीय) के लिए पाठ्यक्रम.....56
6. पारा विधिक स्वयंसेवक योजना (संशोधित).....59

पारा विधिक स्वयंसेवको को जानने योग्य वैसे निर्णय जो मील का पत्थर हैं

1. Voluntary Health Association of Punjab Versus Union of India and Others.....75
2. BACHPAN BACHAO ANDOLAN VERSUS UNION OF INDIA & ORS.....90
3. Apne Aap Women Worldwide Trust ... Versus The State Of Bihar & Ors.....94
4. Initiative For Transportation ... Versus Mcd And Ors. 114
5. Baisil Attipety @ Basil.A.G Versus The State Of Kerala.....121
6. Court On Its Own Motion Versus The State Of Jharkhand And Others.....125
7. The Court On Its Own Motion Versus The Union Of India Through Its ... .128

8. Dr Bhim Prabhakar Versus Human Resource Development 135
9. Lussa Pahan Versus The State Of Jharkhand 138
10. National Domestic Workers Welfare Versus State Of Jharkhand & Ors 144
11. Court On Its Own Motion Versus State Of Jharkhand & Ors 149
12. National Domestic Workers Welfare Versus State Of Jharkhand & Ors 154

अधिनियम, नियम, विनियम तथा योजना

1. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 167
2. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 182
3. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010 194
4. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता क्लिनिक) विनियम, 2011 205
5. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2016 . 214
6. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2016 215
7. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ित) योजना, 2015 216
8. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (असंगठित क्षेत्र के कामगारों को विधिक सेवाएं) योजना, 2015 217
9. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (बच्चों के लिए बाल-सुलभ विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण) योजना, 2015 218
10. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं नि:शक्त व्यक्ति) योजना, 2015 219
11. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की योजनाएँ) योजना, 2015 220
12. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (जनजातीय अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन) योजना, 2015 221
13. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नशे के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं एवं नशे के कलंक का निवारण) योजना, 2015 222
14. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से विधिक सेवाओं की योजना 223
15. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश 224
16. नामित किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के दिशा-निर्देश 227
17. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण शिकायत/जनअभियोग निवारण हेतु सामान्य व्यवहार प्रक्रिया 234
18. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण हिरासत में व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व के लिए मानक संचालन प्रक्रिया 239

1. विधिक सेवा को जन सेवा केन्द्र के द्वारा मुख्य धारा में शामिल करना

हाशिए पर रह रहे व्यक्तियों तक न्याय पहुँचाने की योजना - एक अवधारणा नोट

1. पृष्ठभूमि

हाशिए पर रह रहे लोगों को न्याय का लाभ देना एवं न्याय पहुंचाने की योजना का क्रियान्यवयन विधि विभाग एवं संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के द्वारा किया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विधिक जागरूकता, विधिक सहायता, हाशिए पर रह रहे समुदायों का सशक्तिकरण तथा न्याय व्यवस्था एवं न्यायिक सुधार के राष्ट्रीय मिशन को अमल में लाने में सहयोग करना है।

इसके तहत विधिक साक्षरता को मुख्यधारा में शामिल करने के कई कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। भविष्य का एक मुख्य प्रयास इन सफल पहलुओं को बढ़ाना एवं मजबूत करना है। एक ऐसी पहल विधिक सहायता संबंधित सेवाओं का जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से सशक्तिकरण करना है। यह विशेषत: हाशिए पर रह रहे समुदायों को न्याय का लाभ देने के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा तथा नालसा एवं झालसा को दृष्टि प्रदान करेगा।

2. विधिक साक्षरता का जन सेवा केन्द्रों के द्वारा मुख्यधारा में लाना

न्याय पहुंचाने की परियोजना झारखण्ड में जन सेवा केन्द्रों (तीन जिलों की दस जन सेवा केन्द्रों) तथा राजस्थान के 11 जिलों में फैले 500 जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से विधिक साक्षरता अभियान को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सी0एस0सी0 (जनसेवा केन्द्र) ई0 गर्वनेंस से साझीदारी किया है।

इस योजना के तहत राजस्थान में 500 ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को सामाजिक न्याय कानूनों जैसे मौलिक अधिकारों, सूचना का अधिकार, नागरिकों के अधिकार, लैंगिग कानूनों, बाल अधिकारों एवं श्रमिक कानूनों में प्रशिक्षित किया गया।

योजना के तहत विभिन्न कानूनों पर एक लघु पुस्तिका तथा एक लघु चलचित्र का

निर्माण किया गया तथा ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को वितरित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को विभिन्न सामाजिक न्याय कानूनों की जानकारी देना एवं ग्रामीण स्तर के उद्यमियों के द्वारा समुदायों को बुनियादी जानकारी देना है।

इसके अतिरिक्त प्रतिभागिता पांच उत्तर पूर्वी क्षेत्रें के राज्यों जैसे आसाम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम तथा त्रिपुरा के 467 ग्रामीण स्तर के उद्यमियों, उत्तर पूर्वी राज्यों जैसे मणीपुर, नागालैंड तथा सिक्किम के 433 ग्रामीण स्तर के उद्यमियों एवं जम्मू कश्मीर के 500 ग्रामीण स्तर के उद्यमियों का प्रशिक्षण भी सम्मिलित है।

इस पहल के तहत सूचना, शिक्षा एवं संपर्क सामग्रियों, विभिन्न भाषाओं की डाक्यूमेंटरी फिल्मों का विकास, आवेदनों का ऑनलाईन निगरानी की विकास करना है।

3. जन सेवा केन्द्र : एक अवलोकन

भारत सरकार द्वारा सितम्बर 2006 में अनुमोदित जन सेवा केन्द्र (सी0एस0सी0) योजना में राष्ट्रीय ई0 गर्वनेंस योजना (एन0ई0जी0पी0) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 10000 इंटरनेट सुविधायुक्त केन्द्र खोलना सार्वजनिक निजी भागीदारी (वी0पी0पी0) के तौर पर पूरा किया गया। सी0 एस0 सी0 सरकारी, निजी एवं सामाजिक सेवा क्षेत्रों का ग्रामीण जनता को उनके द्वार तक पहुंचने का केन्द्र बिंदू है। सी0एस0सी0 योजना सेवाओं, सूचना एवं ज्ञान को लोगों तक पहुंचाने का एवं आधारभूत मॉडल (रूप रेखा) की संभावना है जो सामान्य विचारधारा के लोगों तथा सार्वजनिक एवं निजी व्यवसायियों को उनके लक्ष्यों को एकीकृत करने के लिए सहयोगी रूपरेखा के द्वारा ग्रामीण भारत के द्रूत सामाजिक एवं आर्थिक सुधार के लिए व्यवसायिक रूपरेखा तैयार कराने की अनुमति दे सकता है।

4. टी0एन0आई0 जन सेवा केन्द्र योजना 2.0 क्या है?

जन सेवा केन्द्र योजना का उद्देश्य देश के सभी ग्राम पंचायतों में 2.5 लाख जन सेवा केन्द्र की स्थापना करना है।

इसका उद्देश्य है:

- ग्रामीण जनता को बिना भेदभाव के ई0 सेवा पहुंचाना। इसके लिए सी0एस0सी0 को सेवा प्रदान करने का केन्द्र के रूप में विकसित करना।

- एकल तकनीकी प्लेटफॉर्म के जरिए ऑनलाईन सेवाओं को सक्षम एवं समेकन बनाना जिससे सी0एस0सी केन्द्रों में सेवा प्रदानता/वितरण को उत्तरदायी, पारदर्शी एवं दक्ष बनाना।

- वी0एल0ई0 (ग्रामीण स्तर के उद्यमिओं) की क्षमता को बढ़ाते हुए व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना। महिलाओं को वी0एल0ई0, सी0एस0सी0 के रूप में बढ़ावा देना उन्हें डिजिटल पोर्टल के माध्यम से तरह-तरह के सेवा प्रदान करना। इसमे निम्नलिखित शामिल हैं:-

- **डिजिटल साक्षरता**- ग्रामीण युवकों को आई0टी0 (सूचना तकनीकी) प्रवीणता प्रदान कराना।

- **आर्थिक साक्षरता**- ग्रामीण लोग विशेषत: महिलाओं को आर्थिक साक्षरता एवं निवेशक जानकारी के मूल पहलू के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करना।

- **शैक्षणिक सुगमता सेवा**- आम आदमी के लिए अंग्रेजी में कम्प्यूटर का मौलिक ज्ञान प्रदान करना।

- **निर्वाचन साक्षरता**- मतदाताओं के मूल अधिकारों के लिए चुनाव आयोग के साथ दस्तावेज समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) करना।

- **टेली दवा**- सी0एस0सी0ई0 शासन का आजकल टेली दवा नामक योजना काफी सफल रहा है। टेली दवा ने संसार के किसी भी कोने में बैठे स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सुदूर कोने में रह रहे रोगी को जोड़ना संभव किया है। टेली दवा उन रोगियों के लिए महान अवसर है जो डॉक्टरी सलाह के लिए क्लीनिकों या अस्पताओं की यात्रा करना कठिन पाते हैं। रोगियों एवं चिकित्सकों का टेली दवा की तकनीकियों जैसे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का प्रयोग से अस्पताओं या चिकित्सकों तक की यात्रा करने मे हुए खर्च को काफी कम किया जा सकता है। टेली दवा जीर्ण हालत वाले मरीजों की व्यवस्था करने एवं निवारक दवा देने में एक आदर्श राह सिद्ध हो रहा है। चिकित्सकों एवं मरीजों के संवाद/संचार सुगम करने से टेली दवा डिस्चार्ज (उन्मुक्त) रोगियों की निगरानी एवं रोगियों की पुर्नलाभ को पता लगाने को सरलता प्रदान किया है। ठीक इसी तरह का एक प्लेटफॉर्म का विकास जन सेवा केन्द्र के माध्यम से विधिक सेवाओं को मुख्यध ारा में लाने के लिए किया जा सकता है।

5. विधिक सहायता को मुख्यधारा में लाना, जन सेवा केन्द्र के माध्यम से

टेली कानून वकीलों/विद्यालयों के विधिक शिविरों/जिला विधिक सेवा प्राधिकारों/जन सेवा प्रदान करने वालों/गैर सरकारी संस्थाएं को किसी भी जगह से कहीं से कभी भी सुदूर कोने से विधिक परामर्श पाने के इच्छुक व्यक्तियों से जोड़ सकेगा।

जन सेवा केन्द्रों (सी0एस0सी0) का उपयोग ग्रामीण जनता को विधिक परामर्श एवं जानकारी देने के लिए हो सकता है। टेली कानून का सीधा अर्थ संचार/संवाद एवं सूचना तकनीकी का उपयोग कर विधिक जानकारी एवं परामर्श देना है। वकीलों एवं जनता के बीच का यह ई-पारस्परिक आदान प्रदान जन सेवा केन्द्र में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरीए होगा। इसके अतिरिक्त विधि विद्यालयों में स्थित विधिक सहायता शिविरों/जन सेवा प्रदान करने वाले फर्म/विधिक सहायता एवं सशक्तीकरण पर काम करने वाली गैर सरकारी संस्थाओं को भी सी0एस0सी0 के माध्यम से जोड़ा जा सकता है।

6. गतिविधियों को बढ़ाना

1. पायलट प्रशिक्षण एवं राज्यों का चुनाव:-

पहले कदम पर हमलोग दो राज्यों में 1000 जन सेवा केन्द्रों का चुनाव करेंगे। 500 जन सेवा केन्द्र उत्तर प्रदेश में तथा 500 जन सेवा केन्द्र बिहार में। उपरोक्त दोनों राज्य न्यायालयों में लंबित वादों का अधिकतम संख्या वालों में से हैं।

- आगे जन सेवा केन्द्र-एस0पी0भी0 उत्तर प्रदेश में जन सेवा केन्द्र के माध्यम से विधिक सहायता को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है।
- अत: दोनों राज्यों में योजना के सुचारू रूप से चलाने के लिए उन चुनौतियों को समझने में आसान होगा एवं सहभागिता बनाने में।

2. महिला पारा विधिक स्वयंसेविका का चुनाव एवं प्रशिक्षण

- जन सेवा केन्द्र के माध्यम से विधिक सहायता को मुख्यधारा में लाने के लिए 1000 महिला पारा विधिक स्वयंसेवक का चुनाव ग्रामीण स्तर के उद्यमी के साथ काम करने के लिए किया जा सकता है।
- इसका उद्देश्य महिला निवेशकों को बढ़ावा देना तथा उनके सशक्तिकरण से है।

- चयनित पारा विधिक स्वयंसेवक को उपयुक्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपना उत्तरदायित्व का प्रभावकारी रूप से निर्वाह कर सके।
- प्रशिक्षण के रूप में तीन दिनों की विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक कानूनों का प्रशिक्षण भी सम्मिलित होगा।
- तत्पश्चात पुनः पारा विधिक स्वयंसेवक को जन सेवा केन्द्र में नियुक्त किया जाएगा।
- एक माह जन सेवा केन्द्र में काम करने के पश्चात पारा विधिक स्वयंसेवक का एक रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

3. ग्रामीण स्तर के उद्यमिओं का प्रशिक्षण

- 1000 जन सेवा केन्द्र चलाने वाले ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को जन सेवा केन्द्र–ई–शासन (ई–गर्वनेंस) समाज द्वारा एक दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे अपने जन सेवा केन्द्र में टेली कानून सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में सक्षम हो सके।

4. पारा विधिक स्वयंसेवक की सेवा शर्तें

प्रत्येक जन सेवा केन्द्र में महीने के दस दिन एक प्रशिक्षित पारा विधिक स्वयंसेवक (महिला) उपस्थित रहेगी। उसे सालसा के द्वारा एकमुस्त रकम 2000 उसकी सेवा के लिए दिया जाएगा। जन सेवा केन्द्र के पारा विधिक स्वयंसेवक हाशिए पर रह रहे आवेदकों के लिए संपर्क के प्रथम बिन्दू पर रहेंगे। वे समस्या सुनेंगी तथा उपयुक्त सुझाव देंगी। वे जन सेवा केन्द्र में आवेदक को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरीए वकील से संपर्क करने में मदद करेंगी। वे आवेदकों के वादों/समस्याओं पर निगरानी रखेंगी तथा उसका एक अभिलेख रखेंगी। वे अपने द्वारा रख–रखाव किए जाने वाले अभिलेख को प्रत्येक सप्ताह जिला विधिक सेवा प्राधिकार को सौपेंगी।

5. हाशिए पर के लोगों को कानूनी सलाह देने के लिए वकीलों का एक पैनल तैयार करना–

नालसा के द्वारा 5–10 वकीलों का पैनल तैयार किया जाएगा जो राज्यों की राजधानियों में बैठेंगे तथा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरीए जन सेवा केन्द्र में आवेदकों को कानूनी सलाह/मशवरा देंगे। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आवेदक मामूली रकम 30 रूपया प्रति सलाह पर अपने वाद (केश) की वकील से सलाह ले सकते हैं जो कि ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को जन सेवा केन्द्र के उपयोग करने के लिए अदा की जाएगी। कानूनी

सलाह के लिए उपलब्ध वकीलों को नालसा/विधि (न्याय) विभाग के द्वारा पारिश्रमिक दिया जाएगा। आवेदक को यह सुविधा लेने के लिए अपना आधार या अन्य उपयुक्त कागजात दिखलाना होगा। यहां यह जिक्र करना उपयुक्त होगा कि टेली विधिक सेवाओं को जन सेवा केन्द्र में उपलब्ध अन्य सेवाओं के समतुल्य बनाने के लिए यह सुझाव दिया गया कि 30 रूपया का एक नाममात्र का शुल्क लिया जाए। यह ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को टेली कानूनी सेवा को जन सेवा केन्द्रों में अन्य सेवाओं के साथ-साथ प्रचार के लिए प्रोत्साहित करेगा।

6. टेली कानून का निगरानी एवं मूल्यांकनः-

उपरोक्त सेवाओं के उचित निगरानी एवं उनके दुरूपयोग की रोकथाम के लिए, ग्रामीण स्तर के उद्यमियों को उन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी होगी जो इस सेवा का लाभ उठा चुके, जन सेवा केन्द्र में प्रत्येक सत्र की विस्तृत जानकारी अपलोड करना, आवेदक के द्वारा की गई कार्यवाही/या आवेदक को प्रदान करने वाली सेवा का लाभ। इन जानकारियों को सत्र के एक दिन के अन्दर अपलोड किया जाएगा।

7. जन सेवा केन्द्र- ई0 शासन की भूमिका

जन सेवा केन्द्र में विधिक सहायता सेवाओं के लिए एक उपयुक्त/सुविधाजनक ध रातल की रचना का आरंभ किया जाएगा। जन सेवा केन्द्र दो राज्यों में पूरी योजना को तकनीकी आधार प्रदान करेगा। आगे, एक ऑनलाईन निगरानी तंत्र की रचना की जाएगी जो नालसा, सालसा, न्याय विभाग को योजना की निगरानी के लिए योग्य बनाए।

8. एल0एस0ए0 (विधिक सेवा गतिविधि) गतिविधियों का सी0एस0सी0 के जरीए विस्तार

डालसा/सालसा के द्वारा हाशिए पर के समुदायों को प्रदान करने वाली सेवाओं की प्राप्ति की सुगमता-विधिक साक्षरता शिविरों, लोक अदालतों, अदालती आदेशों की प्रति/निर्णय को जन सेवा केन्द्र के माध्यम से हाशिए पर के समुदायों को प्रदान की जाएगी। जन सेवा केन्द्र का उपयोग डालसा/सालसा के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं जैसे विधिक जागरूकता शिविरों एवं लोक अदालतों का वृहत प्रचार करने में हो सकता है।

9. टेली कॉलर की सुविधाः-

मुवक्किलों से टेली विधिक सेवा का प्रभाव जानने के लिए दो टेली कॉलर्स की सेवा

भाड़े पर ली जाएगी, जो मुवक्किलों को फोन करके सेवाओं/विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बारे में पूछताछ करेंगे तथा उनकी प्रतिक्रिया दर्ज करेंगे।

10. नालसा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, न्याय विभाग के बीच सामन्जस्य

इस परियोजना के सफलतापूर्वक संचालन हेतु नालसा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा न्याय विभाग के बीच निकट सामन्जस्य होना जरूरी है। इन संस्थाओं/निकायों के बीच एक समझौते का दस्तावेज (एम0ओ0यू0) होना चाहिए जिसमें उनके कार्य, आर्थिक उत्तरदायित्व, दूसरों के प्रति का, स्पष्ट भूमिका हो। एकबार उपरोक्त खर्च बंटवारा तथा मानदण्ड योजना का मतैक्य बन जाने पर, ए02जे0 परियोजना प्रबंधन दल, एम0ओ0यू0 के मसौदा तथा कार्यान्वयन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने में सहायता मिलेगी।

11. राज्य स्तर पर एक दिन का आरंभ (योजना का) अवसर मनाया जाएगा जिसमें चुने हुए ग्रामीण स्तर के उद्यमी एवं पारा विधिक स्वयंसेवक आमंत्रित किए जाएगें। एम0यु0, नालसा, न्यायिक सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राज्य सरकारों के गणमान्य व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

❑❑❑

2.
पारा विधिक स्वयंसेवकों का स्त्रोत

नालसा की पारा विधिक स्वयंसेवकों की योजना (संशोधित) के अनुसार :

समूह जिनमें से पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन किया जा सकता है ?

- शिक्षकों (सेवानिवृत शिक्षकों समेत)
- सेवानिवृत सरकारी सेवक तथा वरिष्ठ नागरिक
- सामाजिक कार्य विषय के स्नातकोत्तर के छात्र एवं शिक्षक
- आँगनबाड़ी सेवक
- चिकित्सक
- छात्र एवं विधि छात्र (उनके अधिवक्ता के रूप में नामवाली होने तक)
- गैर-राजनैतिक सेवा उन्मुख एनजीओओ तथा क्लब
- महिला पड़ोस समूहों, मैत्री संगमों तथा अन्य स्वयं सहायता समूहों के सदस्य हाशिए पर के/भेद्य समूहों सहित।
- कारा में सजा काट रहे शिक्षित एवं अच्छे व्यवहार वाले कैदी
- कोई भी अन्य व्यक्ति जिसे विधिक सेवा प्राधिकार समिति पीएलभी के रूप में चिन्हित करें।

❑❑❑

3.
पारा विधिक स्वयंसेवक का चयन

नालसा की पारा विधिक स्वयंसेवकों की योजना के अनुसार :

जिला स्तर पर पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन

पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष की अध्यक्षता में समिति के द्वारा की जाएगी। सचिव समिति के एक सदस्य के तौर पर होंगे। समिति सभी तीन सदस्यों युक्त अध्यक्ष सहित होगी तथा सचिव समिति के एक सदस्य के तौर पर होंगे। तीसरे सदस्य की नियुक्ति डालसा अध्यक्ष की मरजी से होगी, जो उपयुक्त व्यक्ति की पहचान पीएलभी के रूप में प्रशिक्षण के लिए कर सके। चयन प्रक्रिया किसी दूसरे निकाय को नहीं दिया जाएगा।

पारा विधिक स्वयंसेवकों का चयन - तालुक स्तर पर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा जिसमें डालसा के अध्यक्ष, सचिव, तालसों (तालुक विधिक सेवा प्राधिकार) के अध्यक्ष तथा डालसा अध्यक्ष के मरजी से एक चौथा व्यक्ति होंगे। तालुक स्तर के पारा विधिक स्वयंसेवकों का साक्षात्कार का स्थल डालसा अध्यक्ष की मरजी पर होगा। डालसा के सचिव चयन प्रक्रिया का समन्वय करेंगे।

सूचीबद्ध की प्रक्रिया

स्थानीय निवासियों से उनके डालसाओं और तालसाओं या अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकारों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जा सकता है आवश्यकता पड़ने पर विज्ञापन भी दिया जा सकता है। आवेदन की मांग के विज्ञापन या सूचना की प्रति अधिवक्ता संघ, न्यायालय परिसर के सूचना पट, विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालयों तथा पंचायत कार्यालयों को भेजा जा सकता है। विज्ञापनों में पीएलभियों की चयन के लिए आवश्यक अहर्ताएं निहित होनी चाहिए डालसा कार्यालय में आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि सहित। आवेदन पर एक ऐसा कॉलम होना चाहिए, जिसमें आवेदकों को जिला-स्तर, तालुक-स्तर या ग्राम-स्तर पर कार्य करने की इच्छा या वरीयता दर्शाना हो। विज्ञान पर यह स्पष्ट वर्णन होना चाहिए कि पीएलभियों के कार्य के लिए कोई वेतन, पारिश्रमिक या मजदूरी समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा तय किए गए मानदेय के अलावे नहीं होता है।

चयन प्रक्रिया

चयन समिति को अपने विवेक के उपयोग का अधिकार होगा प्राप्त आवेदनों की संख्या को ध्यान में रखकर प्रत्याशियों की संख्या निर्धारित करने में पीएलवी के चयन में महिलाओं को वरीयता दी जानी चाहिए। उपयुक्त आवेदकों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक तथा अन्य पिछड़ी जातियों की प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होना चाहिए।

❑❑❑

4.
पारा विधिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण

पारा विधिक स्वयंसेवकों की नालसा की योजना के अनुसार :

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के पर्यवेक्षण में सदस्य सचिव के पूर्ण नियंत्रण में पीएलभियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम कोई सुविधाजनक स्थल पर आयोजित किया जाएगा, डालसा के अध्यक्ष के विवेक के अनुसार। पीएलभियों की प्रशिक्षण की संख्या एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसी भी दिए गए समय में 50 से अधिक नहीं होगी। जहाँ राज्य के न्यायिक अकादमी में प्रशिक्षण की सुविधा है, उस का लाभ लिया जा सकता है। प्रशिक्षण के लिए खर्चों का वहन न्यायिक अकादमी के द्वारा किया जाएगा, जिसकी प्रतिपूर्ति संबंधित राज्य सरकार/डालसा सुविधा प्रदान करने के लिए करेगी।

प्रशिक्षक/संसाधान व्यक्ति

- राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से विमर्श कर डालसा अध्यक्ष पीएलभियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों एवं अन्य संसाधन व्यक्ति का चयन करेंगे।
- अधिवक्ता संघ के प्रशिक्षण में प्रवीण उपयुक्त सदस्यों को संसाधन व्यक्तियों की सूची में सम्मिलित किया जाएगा।
- अन्य को भी शामिल किया जा सकता है।
- विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े एनजीओ, जैसे, वैसे व्यक्ति जो विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य की प्रकृति से उजागर हो।
- मध्यस्था के उस्ताद प्रशिक्षक।
- विधि महाविद्यालयों के विधि शिक्षक।
- विधि स्नातकोत्तर के छात्र।
- सेवानिवृत्त विधि आचार्य।
- सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी।
- कर पदाधिकारी।
- सामाजिक कल्याण विभाग।
- पुलिस पदाधिकारी।

- मनचिकित्सक / मनोविज्ञानी / मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ।

प्रशिक्षण की प्रकृति

पीएलभियों को प्रशिक्षण नालसा के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रदान किया जाएगा तथा निम्नलिखित प्रारूप में होगा :

क) उन्मुखीकरण (ओरियनटेसन) कार्यक्रम

ख) मौलिक प्रशिक्षण (बेसिक ट्रेनिंग)

ग) रिफ्रेशर (पुनश्चर्या) पाठ्यक्रम

पीएलभी के द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता के आकलन के लिए आवधिक रिफ्रेशर (पुनश्चर्या) प्रशिक्षण होगा। विधिक सेवा प्राधिकारों को पीएलभी के कार्यों का आकलन करना जरूरी होगा एवं उन्हें अपने क्षेत्रों के अनुभव के पश्चात् उनके खामियों को पहचानने एवं समस्याओं को सामना करने में सहयोग करना होगा। पीएलभी का एक वार्षिक समागम अनुभवों के आदान प्रदान की सुविधा के लिए होगा। पीएलभियों का पाठ्यक्रम के अनुसार जिलावार अर्द्धवार्षिक बैठक होनी चाहिए उनके शंकाओं के समाधान के लिए तथा उनके ज्ञान प्राप्ति तथा कौशल को बढ़ाने की सुविधा प्रदान करने के लिए। पीएलभियों के नागरिकों को लोक अदालत के माध्यम से लंबित वादों के समझौतों के लाभों के प्रति जागरूक बनाना होगा यह तथ्य सहित कि पक्षकार न्यायालय शुल्क वापसी का अधिकारी है तथा कि कोई अपील नहीं होगी।

प्रशिक्षण का विषय

नालसा के द्वारा पीएलभी के प्रशिक्षण के लिए एक सामान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार की जाएगी जो पूरे देश में लागू होगी तथा पाठ्यक्रम में पीएलभी के आचरण एवं व्यवहार पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस तरह से तैयार की गई पाठ्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा।

परिचय पत्र

..... STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY
Para-Legal volurteer registration number —— (
Name:
Father I Husband Name:
Village I Town:

Signature of
Para Legal Volunteer

Signature of Secreta
D.L.S.A.

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रशिक्षण समाप्त हो जाने पर, पीएलभी के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने की घोषणा के पूर्व पीएलभियों को लिखित एवं मौखिक परीक्षा देनी होगी। सफल घोषित होने पर उन्हें परिचय पत्र दिया जाएगा जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार का चिन्ह होगा।

परिचय पत्र पर (1) क्रमांक संख्या, (2) पीएलभी का नाम तथा पता, (3) पीएलभी का संपर्क नम्बर, (4) पीएलभी का तस्वीर, (5) परिचय पत्र के जारी करने की तिथि तथा वैद्यता की अवधि होगी। परिचय पत्र के पृष्ठ भाग पर स्पष्ट रूप से परिचय पत्र के खो जाने तथा पाए जाने की अवस्था में निकटतम पुलिस थाने में सूचित किए जाने का उल्लेख हो। परिचय पत्र का उपयोग बस तथा कोई भी परिवहन के साधनों में यात्रा रियायत लेने में नहीं किया जाएगा। परिचय पत्र धारक द्वारा किसी भी सरकारी लाभ या ऋण लेने में इसका उपयोग नहीं किया जाएगा।

परिचय पत्र की वैद्यता

परिचय पत्र की वैद्यता एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। पीएलभियों को नया परिचय पत्र जारी तभी किया जाएगा, जब जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष उसे पीएलभी के रूप में एक वर्ष से अधिक कार्य करना जारी रखने के योग्य समझते हों।

पीएलभी के लिए गुरू/मार्गदर्शक

डालसा एवं नालसा गुरूओं/मार्गदर्शकों की एक सूची रखेगी जिन्हें पीएलभी अपने पीएलभी के कर्तव्यों के निर्वाहन के संबंध में किसी स्पष्टीकरण के समय संपर्क कर सकें। एक सलाहकार पर दस पीएलभी से अधिक नहीं होगा।

मासिक प्रतिवेदन

डालसा द्वारा सालसा को मौजूदा पीएलभियों, नए भर्ती किए गए पीएलभी तथा पीएलभियों को दिए गए प्रशिक्षण का मासिक प्रतिवेदन समर्पित करना होगा। डालसा को प्रत्येक माह की प्रशिक्षित हुए पीएलभी की संख्या लगे संसाधन व्यक्तियों, हुए खर्चों तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, अगर कोई किया गया हो, की संकलित प्रतिवेदन माह के 15वें दिन नालसा को समर्पित करना होगा। नालसा के द्वारा प्रतिवेदन की प्रति को भारत के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा गठित पारा विधिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण एवं विधिक सहायता गतिविधियों की राष्ट्रीय समिति को भेजी जाएगी। सालसा – नालसा को जिलावार पीएलवी की गतिविधियों का विशेषत: भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या, दिए गए सुझावों की प्रकृति तथा की गई कार्यवाही का संकलित प्रतिवेदन सौंपेगी।

पारा विधिक स्वयंसेवक की पोशाक

❑❑❑

5.
पारा विधिक स्वयंसेवक का डाटाबेस

पारा विधिक स्वयंसेवक की नालसा योजना के अनुसार :

जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिलों में पारा विधिक स्वयंसेवकों का डाटा आधार का रख-रखाव।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार पारा विधिक स्वयंसेवकों का एक डायरेक्टरी (विवरणी) का रखरखाव करेगी तथा उसका समय-समय पर सुधार करेगी। डायरेक्टरी (विवरणी) में जिलावार पारा विधिक स्वयंसेवकों का नाम, उनका पता, दूरभाष / मोबाईल फोन नम्बर, ई0 मेल आई.डी. नम्बर, जारी परिचय पत्र की समाप्ति की तिथि का विवरण होगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राज्य के सभी पारा विधिक स्वयंसेवकों डाटाबेस रखेगी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पारा विधिक स्वयंसेवकों का एक डायरेक्टरी (विवरणी) का रखरखाव करेगी तथा उसका समय-समय पर सुधार करेगी। डायरेक्टरी (विवरणी) में जिलावार पारा विधिक स्वयंसेवकों का नाम, उनका पता, दूरभाष / मोबाईल फोन नम्बर, ई0 मेल आई.डी. नम्बर, जारी परिचय पत्र की समाप्ति की तिथि का विवरण होगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पारा विधिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण एवं विधिक सहायता गतिविधियों के भारत के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा स्थापित राष्ट्रीय समिति के समन्वय के साथ कार्य करेगी।

राज्य, जिला एवं तालुक स्तर के विधिक सेवा प्राधिकार भारत के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा स्थापित पारा विधिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण एवं विधिक गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय समिति से समन्वय के साथ कार्य करेंगे। पारा विधिक स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण एवं विधिक गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के द्वारा दिया गया निर्देश, यदि कोई, देश के सभी विधिक सेवा संस्थानों पर लागू होंगें।

सालसा की मासिक प्रतिवेदन

प्रत्येक डालसा / अनु.लसा. को पीएलभी का डाटा सालसा को निर्धारित प्रारूप में देना होगा।

❑❑❑

6.
पारा विधिक स्वयंसेवक के कार्य

नालसा का विनियमन-10 (विधिक सेवा केन्द्र) विनियमन 2011 के अनुसारः

पारा विधिक स्वयंसेवक के विधिक सेवा केन्द्र में कार्य :

1) विधिक सहायता केन्द्र में लगे पारा विधिक स्वयंसेवक, विधिक सहायता चाहने वालों को आरंभिक सलाह देंगे, उनकी मदद करेंगे, विशेषकर अशिक्षितों को, आवेदन, प्रतिनिधित्व आवेदन, नोटिस लिखने / तैयार करने में तथा सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध विभिन्न लाभों के लिए आवेदन फार्म भरने में।

2) पारा विधिक स्वयंसेवक, यदि जरूरी हो, विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्तियों के साथ सरकारी कार्यालय जाएंगे पदाधिकारियों से बातचीत करने के लिए तथा ऐसे व्यक्तियों के समस्या का समाधान करने के लिए।

3) विधिक सहायता केन्द्र में यदि अधिवक्ता की आवश्यकता पड़े, तो पारा विधिक स्वयंसेवक, बिना विलंब किए, निकटतम विधिक सेवा संस्थान से संपर्क करेगा, अधिवक्ता की सेवा उपलब्ध करवाने के लिए।

4) पारा विधिक स्वयंसेवक विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्तियों के विधिक शिक्षा एवं साक्षरता के लिए पर्चे तथा अन्य सामग्रियों का वितरण करेंगे।

5) पारा विधिक स्वयंसेवक विधिक सहायता केन्द्र के स्थानीय क्षेत्र में विधिक सेवा संस्थानों द्वारा आयोजित जागरूकता शिविरों में सक्रिय भाग लेंगे।

झालसा परिपत्र (पत्रांक संख्या 1932 दिनांक 17.3.15) के अनुसार :

1) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना लोगों को उनके विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा विधिक सहायता पाने के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए।

2) गुमशुदा बच्चों या बाल तस्करी से पीड़ित परिवार की सहायता करना डालसा के माध्यम से बच्चे के प्राप्ति एवं पुर्नवास के लिए।

3) कार्यक्रम आयोजित करना लोगों को मध्यस्था, समझौता तथा स्थायी लोक अदालत के लाभ के बारे में जागरूक करने के लिए।

4) अपराध के पीड़ित को झारखण्ड राज्य मुआवजा योजना के तहत मुआवजे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जाने में सहायता करना।

5) लोगों को सरकारी लाभदायी योजनाओं के लाभ लेने में सहायता करने में।

6) डालसा के कार्यक्रमों में भाग लेना।

7) विधिक सहायता के लिए लोगों की डालसा रेफर करना।

8) विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग लेना।

9) जेल, अस्पताल, संप्रेक्षण गृह, सुधार गृह, सरकारी कार्यालयों में विधिक सेवा गतिविधियों के संदर्भ में जाना।

10) इलाके में पारिवारिक विवाद एवं अन्य विवाद को सुलझाना।

11) दैनिक गतिविधियों का अभिलेख रखना।

12) गतिविधियों के अभिलेख को प्रत्येक माह डालसा में समर्पित करना।

13) विधिक सेवा, सरकारी लाभदायक योजनाओं सामग्रियों साथ ही नालसा एवं झालसा के द्वारा महत्वपूर्ण कानूनों पर प्रकाशित विधिक साक्षरता साहित्यों का वितरण करना।

14) डालसा को बाल अधिकारों के हनन, सांप्रदायिक सौहार्द्र तथा नक्सल हिंसा के बारे में जानकारी देना।

15) स्वयं की इलाके में पहचान बनाना तथा आसान पहुँच सुनिश्चित करना ताकि लोगों को उनके पास विधिक सहायता के लिए जाने में स्वतंत्रता का अनुभव हो।

❑❑❑

7.
पारा विधिक स्वयंसेवक के द्वारा पंजी का रख–रखाव

नालसा की पारा विधिक स्वयंसेवकों की योजना के अनुसार :-

पारा विधिक स्वयंसेवक के द्वारा रखे जाने वाले अभिलेखों के संदर्भ में दिशा-निर्देश :

1) आगन्तुक खाता (डालसा के द्वारा आपूर्ति किया गया तथा प्रत्येक विधिक सहायता केन्द्रों में रखा हुआ)।

2) पीएलभी पंजी (जिसमें विधिक सहायता केन्द्र में आए व्यक्तियों से संबंधित विवरण, पते एवं संपर्क नम्बर तथा परिवाद की प्रकृति संक्षिप्त तत्थों, दिए गए विधिक सहायता का प्रकार हो)।

3) शिकायत / सुझाव पेटी प्रत्येक विधिक सहायता केन्द्र में रखा जाएगा, जिसे प्रत्येक सप्ताह में एक दिन डालसा सचिव के द्वारा स्वयं खोला जाएगा तथा डालसा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा की गई कार्यवाही की प्रति झालसा को भी भेजी जाएगी।

4) प्रत्येक अभिलेख मूल रूप में डालसा में संरक्षित रखा जाएगा।

5) पारिश्रमिक के भुगतान संबंधित प्रत्येक अभिलेख लेखा परीक्षा होने तक संरक्षित रखा जाएगा।

नालसा विनियमन-20 (विधिक सेवा केन्द्र) विनियमन, 2011 के अनुसार :

अभिलेखों एवं पंजियों का रख रखाव :-

1) विधिक सहायता केन्द्र में सेवा प्रदान करने वाले अधिवक्ता एवं पारा-विधिक स्वयंसेवक अपनी हाजरी (उपस्थिति) विधिक सहायता केन्द्र में रखे खाते में दर्ज करना होगा।

2) प्रत्येक विधिक सहायता केन्द्र में एक खाता होगा जिसमें विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्तियों का नाम, पता, अधिवक्ता या पारा विधिक स्वयंसेवक का नाम जो विधिक सहायता केन्द्र में सेवा देते है, दी जाने वाली सेवाओं की प्रकृति, अधिवक्ता या पारा विधिक स्वयंसेवक के टिप्पणियों, विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्तियों का हस्ताक्षर सहित दर्ज होगा।

3) विधिक सहायता केन्द्रों के अभिलेखों पर नियंत्रण विधिक सेवा संस्थाओं के अध्यक्ष या सचिव जिनका उनपर क्षेत्राधिकार हो, का होगा।

4) जिला विधिक प्राधिकार जैसी आवश्यकता हो, विधिक सहायता केन्द्र में अन्य खाते भी रख सकता है।

5) विधिक सहायता केन्द्र के पारा विधिक स्वयंसेवक एवं अधिवक्ता का यह कर्तव्य होगा कि वे खातों को विधिक सेवा संस्था जिनपर उनका क्षेत्राधिकार हो, को जैसे तथा जब देने को कहा जाए, सौंपेगा।

❑❑❑

सफलता की कहानी

पारा विधिक स्वयंसेवक का नाम : भिखारी उराँव
(गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकार)

किए गए कार्य संक्षिप्त में : उसने अनाथ बच्चों जिनके माता-पिता की हत्या 2014 में हो गई थी, की पहचान की। उनके सौतेले भाई जिनके चार नाबालिग बच्चे देखभाल के लिए थे, रिक्शा चालक थे।

वह इन तीन अनाथ बच्चों के देखरेख में असमर्थ था। पारा विधिक स्वयंसेवक भिखारी उराँव इस मामले को गंभीरता से लिया। उसने औपचारिकता एवं कागजात पुरा कर जिला विधिक सेवा के द्वारा उनका पुनर्वास सुनिश्चित करवाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को बच्चों का कानूनी अभिभावक बनाया गया। 23.01.2016 को बच्चों की माननीय न्यायूर्ति ए.आर.दवे के हाथों दो लाख रूपया क्षतिपूर्ति दी गई तथा बच्चों को गुमला में आवासीय विद्यालय में दाखिल किया गया।

नालसा की एक डॉक्युमेन्टरी इस कहानी पर आधारित है।

8. पारा विधिक स्वयंसेवक के किए कार्यों की निगरानी व्यवस्था

झालसा परिपत्र (पत्रांक सं0 1932 दिनांक 17.3.15) के अनुसार :

पारा विधिक स्वयंसेवक के लिए पर्यवेक्षण, पद्धति का डालसा द्वारा दिशा निर्देश, गुणात्मक सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए :

1) यह सुनिश्चित करने के लिए कि विधिक सहायता केन्द्र पंचायत स्तर / अनुमण्डलीय स्तर / पुलिस थानों, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों तथा फ्रोंट (अग्रिम) कार्यालयों में तैनात पीएलभी रख-रखाव करें :
   - क) आगन्तुक खाता (जिसमें नाम, पता, मोबाईल नं0, अगर संभव हो आगन्तुक के हस्ताक्षर के साथ दर्ज हो)।
   - ख) एक पीएलभी खाता (जिसमें उपरोक्त विवरण के अलावे, संक्षेप में आने का उद्देश्य तथा आवश्यक सहायता का प्रकार) साथ ही दी गई सहायता दर्ज किया जाएगा।
2) पीएलभी के द्वारा प्रत्येक मास में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा का प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करना।
3) डालसा सचिव के स्तर पर निगरानी (प्रत्येक मास एक बार) तथा डालसा अध्यक्ष को प्रतिवेदन देना झालसा को प्रति के साथ।
4) सर्वोपरि डालसा अध्यक्ष के द्वारा निगरानी, रिटेनर अधिवक्ता, डालसा सचिव साथ ही साथ स्वतंत्र श्रोतों से आगत जानकारियों के माध्यम से।
5) विधिक रिटेनर स्तर एवं सचिव डालसा के स्तर से गुणात्मक सेवा के लिए लाभुकों से निरूद्देश्यता से प्रति जाँच की व्यवस्था।

पारा विधिक स्वयंसेवका के द्वारा किए गए कार्यों के प्रति जाँच तंत्र के संबंध में दिशा-निर्देश :

1) लाभुकों से निरूद्देश्यता से प्रति जाँच गुणात्मक कार्य को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।
2) रिटेनर अधिवक्ता के द्वारा पीएलभी के द्वारा दर्शाए गए लाभुकों का निरूद्देश्यता से प्रति जाँच करना एवं उसका प्रतिवेदन डालसा को समर्पित करना।
3) पर्यवेक्षण तंत्र सर्वोपरि अध्यक्ष, डालसा के नियंत्रण में होगा।
4) प्रति-जाँच तंत्र पीएलभी के पारिश्रमिक साथ ही पीएलभी के कार्य की सराहना एवं पुरस्कार का आधार होगा।

❑❑❑

9. पारा विधिक स्वयंसेवक के मानदेय

नालसा के विनियमन 17 (विधिक सहायता केन्द्र) विनियमन, 2011 के अनुसार :

विधिक सेवा केन्द्रों में सेवा प्रदान करने वाले अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों के पारिश्रमिक

1) आर्थिक श्रोतों के उपलब्धता की दशा में, राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार से विचार कर विधिक सहायता केन्द्रों में लगे अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों का मानदेय तय करेगी।

   बशर्ते ऐसा मानदेय अधिवक्ता के लिए 500 रूपया प्रतिदिन तथा परा विधिक स्वयंसेवकों के लिए 250 रू0 प्रतिदिन से कम न हो।

2) विशेष ध्यान वैसे मामलों में दिया जाएगा जहाँ विधिक सहायता केन्द्र कठिन भूभागों तथा दूरस्थ स्थलों में स्थित हो जहाँ परिवहन सुविधा की कमी हो।

नालसा की पारा विधिक स्वयंसेवक योजना (संशोधित) के अनुसार :-

विधिक सेवा केन्द्रों एवं फ्रोंट कार्यालयों में सेवा प्रदान करने वाले पीएलभियों का मानदेय।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार से विचार कर विधिक सहायता केन्द्रों में लगे पीएलभियों का मानदेय तय करेगी। हालाँकि, ऐसा मानदेय उन सबों के लिए जो किसी एक दिन सेवा प्रदान किए हों, 250 रूपया प्रतिदिन से कम न होगा।

पीएलभी जो विधिक सहायता आवेदकों को सुदूर गाँवों से तालुक / जिला स्तर के विधिक सेवा संस्थानों में तथा जिला एडीआर (वैकल्पिक विवााद समाधान) केन्द्रों में लाते हैं, वे भी ऐसे दिन के लिए समान दर पर मानदेय पाने के हकदार होंगे

वे पीएलभी भी, प्रमाणित होने पर, मानदेय के हकदार होंगे जो किसी खास दिन व्यक्तियों को पीएलभी कार्य के सिलसिले में सहायता करता है वैसे व्यक्तियों के साथ विभिन्न कार्यालयों एवं न्यायालयों में जाकर।

झालसा परिपत्र (पत्रांक सं0 1932 दिनांक 17.3.15)

पारा विधिक स्वयंसेवकों के मानदेय के भुगतान के संबंध में दिशा निर्देश :-

1) प्रत्येक डालसा का कर्तव्य होगा कि पीएलभी के मानदेय का समय पर भुगतान करें।

2) पीएलभी को मानदेय के भुगतान के लिए निम्नलिखित न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करना होगा।

   क) पीएलभी के द्वारा लाभुकों का पूर्ण विवरण के साथ लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा जिसपर लाभुक तथा साथ ही रिटेनर अधिवक्ता का हस्ताक्षर हो।

   ख) पीएलभी के द्वारा किए गए कार्यों पर रिटेनर अधिवक्ता का प्रतिवेदन।

   ग) सचिव, डालसा स्तर पर प्रति जाँच, जिसमें वे पीएलभी के किए गए कार्यों की जाँच के लिए निरूद्देश्यता से कुछ लाभुकों का चयन करेंगे।

3) अध्यक्ष, डालसा के स्तर पर मानदेय के भुगतान का अंतिम आदेश पीएलभी के किए गए कार्य से संतुष्ट होने के पश्चात् दिया जाएगा।

4) वर्तमान में पीएलभी को मानदेय का भुगतान नालसा निधि से होता है।

❑❑❑

10.
पारा विधिक स्वयंसेवक का पंचायत विधिक सेवा केन्द्र भ्रमण–संबंधी दिशानिर्देश

राज्य विधिक सेवा प्राधिकारों का 13वाँ अखिल भारतीय सम्मेलन में स्वीकृत संकल्प के अनुसार :

सालसों का राँची में हुए 13वाँ अखिल भारतीय सम्मेलन में यह संकल्प लिया गया कि पीएलभी केन्द्रों (ग्राम या समुदाय) में कम से कम सप्ताह में दो बार जैसे बुधवार और रविवारों को जाएंगें। विधिक सेवाओं के पैनल (सूचीबद्ध) अधिवक्ता भी पीएलभी के साथ जाएंगें।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकारों का 13वाँ अखिल भारतीय सम्मेलन में पारा विधिक स्वयंसेवकों के संदर्भ में संकल्प :

- पीएलभी केन्द्रों (ग्राम या समुदाय) में कम से कम दो बार जाएंगे जैसे बुधवारों तथा रविवारों को।
- विधिक सेवा के पैनल के अधिवक्ता भी पीएलभी के साथ जाएंगें।
- सालसा पीएलभियों के जाने का कैलेण्डर अग्रिम में तैयार करेगा ताकि सभी हितधारक विशेषकर लाभुक अग्रिम में पीएलभी के किसी खास क्षेत्र या केन्द्र में आने की खबर जान सकें।
- विधिक सेवा केन्द्रों को गतिविधि की निगरानी की महती आवश्यकता है तथा गैर उत्पादक केन्द्र बंद होना चाहिए या किसी दूसरी जगहों पर स्थानांतरित होना चाहिए।

❑❑❑

11.
कारा में पारा विधिक स्वयंसेवक एवं उनके कर्तव्य

नालसा की पारा विधिक स्वयंसेवकों की योजना (संशोधित) के अनुसार :

जेल में पारा विधिक स्वयंसेवक

केन्द्रीय कारा तथा जिला कारा में लंबी सजा काट रहे शिक्षित एवं अच्छे व्यवहार वाले कैदी का पारा विधिक स्वयंसेवक के रूप में प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा।

भुगतान

वे पीएलभी के रूप में सेवा देने के लिए अन्य पीएलभियों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक के दर पर भुगतान के हकदार होंगे।

कारा में पारा विधिक स्वयंसेवकों का कर्तव्य

1) चुंकि कारा में पीएलभी वे कैदी होते हैं जो लंबी सजा काट रहे हैं, इसलिए उन्हें दूसरे कैदियों के विधिक-आवश्यकता की जानकारी होती है तथा उन्हें विधिक सेवा संस्थाओं एवं विधिक सहायता/सेवा की आवश्यकता वाले कैदियों के बीच सेतु का कार्य करना होगा।

2) वे कैदियों को डालसा के द्वारा कैदियों को उपलब्ध मुफ्त विधिक सहायता के संदर्भ में लक्ष्य एवं उद्देश्यों के बारे में जागरूक करेंगे।

3) वे डालसा को सभी कैदियों को आवश्यक विधिक सहायता के बारे में डालसा के बचाव पैनल से अधिवक्ताओं की नियुक्ति के संदर्भ में जानकारी देंगे।

4) वे डालसा से विधिक सहायता चाहने वाले कैदियों की ओर से आवेदन लिखेंगे।

5) वे संबंधित कारा से कैदियों/विचाराधीन कैदियों के द्वारा कारा में बिताए अवधि तथा अपराध की प्रकृति का पता लगाएंगे तथा डालसा को, उन विचाराधीन कैदियों जो द0प्र0स0 की धारा 436ए के तहत लाभ प्राप्त कर सकते हों, की जानकारी देंगे।

6) वे डालसा को कैदियों की ओर से अपील/रिविसन दायर करने के संदर्भ में सूचना देंगे।

7) वे डालसा को वैसे कैदी जिन्हें जमानत मिल चुकी है पर जमानतदारों की अनुपलब्धता के कारण कारा में ही संसमित हों, के बारे में सूचित करेंगे।

8) वे कारा के अन्दर कानून के उल्लंघन या अन्याय के कार्यों पर लगातार नजर रखेंगे तथा इसकी सूचना तुरंत डालसा को प्रभावी उपचारात्मक कार्यवाही करने के लिए करेंगे।

9) जब कोई नया कैदी कारा के अन्दर आता है, तो पीएलभी का यह कर्तव्य होता है कि उसके साथ बातचीत करे तथा यह अवगत हो ले कि क्या उसका कोई अधिवक्ता है या नहीं तथा इसकी सूचना डालसा को दें।

10) ऐसे मामलों में जब कोई कैदी उसकी तरफ से माननीय न्यायालय में अपील दायर करने को कहता है, पीएलभी का यह कर्तव्य है कि उसकी ओर से दायर किए गए अपील का नम्बर (संख्या) पता करे तथा अगर वैसे कैदी के द्वारा ऐसा कोई नम्बर नहीं दिया जाता है तो उन्हें ऐसे मामले को डालसा को सूचित करना होगा।

11) पीएलभियों कैदियों के बीच लोक अदालतों, मध्यस्थता, सुलह, विवाचन, परक्रामण तथा न्यायिक समझौता के द्वारा विवादों का निपटारा के बारे में जागरूकता पैदा करेंगे।

12) पीएलभी ऐसे विचाराधीन कैदी के बारे में सूचित करेंगे जो ऐसे अपराध के तहत कारा में संसमित हों जो सुलहनीय प्रकृति का हो, ताकि उनके मामलों का पैनल अधिवक्ता के सहायता से सुलह हो सके।

13) पीएलभी डालसा/अन.वि.से.प्रा. की तरफ से कारा में विधिक जागरूकता शिविर लगाने में कारा प्राधिकारी की सहायता करेंगे।

14) ऐसे पीएलभी अन्य कैदियों को उच्च अदालतों में जमानत याचिका दायर करने के अपने अधिकार के बारे में सूचित करेंगे अगर उनका जमानत याचिका एक न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया हो तथा यह कि इसके लिए वे निशुल्क विधिक सहायता के हकदार है।

15) ऐसे पीएलभी को अन्य कैदियों को उच्च अदालतों में अपील/रिविजन दायर करने के अधिकार के बारे में सूचित करना होगा अगर उसे निचली अदालत के द्वारा सजा किया गया हो तथा यह कि इसके लिए वह नि:शुल्क विधिक सहायता पाने का हकदार है।

16) ऐसे पीएलभियों को उनके जेल कैदी के रूप में उनके मूल अधिकार के बारे में बतलाया जाएगा ताकि वे दूसरे कैदियों को इसके बारे में जागरूक कर सके।

❑❑❑

12.
पारा विधिक स्वयंसेवक की थाने में तैनाती तथा उनके कर्तव्य

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने डब्लू.पी.(सी) संख्या 75/2012 (बचपन बचाओ आन्दोलन बनाम भारत गणराज्य) में 10.5.2013 को आदेश के तत्वावधान में थानों में पारा विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है जिनके कर्तव्य है :

- पारा विधिक स्वयंसेवक तथा संबंधित थाना एक-दूसरे से सभी लापता बच्चों के बारे में जानकारी साझा करेंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक एवं थाना आपसी सामन्जस्य से काम करेंगे तथा लापता बच्चों को ढूँढ़ निकालेंगे और उनके परिवार से बच्चों को मिला देंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक जिले के जेजेबी, सीडब्लूसी, संप्रेक्षण गृह, आश्रयगृह, विशेषगृह आदि की पूरी जानकारी रखेंगे एवं उपयुक्त प्राधिकार को तत्काल सूचित करेंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक थानों में तैनात बाल कल्याण पदाधिकारी तथा विशेष जुवेनाइल पुलिस यूनिट के मोबाइल नं0 को रखेंगे ताकि समय पर सूचना दी जा सके एवं मदद मांगी जा सके।
- पारा विधिक स्वयंसेवकों की एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तक निर्बाध पहुंच होगी ताकि सम्यक् समन्वय से काम हो।
- झारखण्ड में 47 थानों में पारा विधिक स्वयंसेवक तैनात है जो एक एस.ओ.पी. के तहत काम करते हैं।

❑❑❑

13.

पारा विधिक स्वयंसेवक की मानसिक आरोग्यशाला में नियुक्ति तथा उनके कर्त्तव्य

- विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 के धारा-12 के अनुसार विकलांगता (समान अवसर, अधिकार संरक्षण तथा पूर्ण सहभागिता) अधिनियम के धारा-2 (i) के तहत जो दिव्यांग हैं अथवा मानसिक अस्पताल या मानसिक नर्सिंग होम में भर्ती हैं वे मुफ्त एवं सक्षम कानूनी सेवा प्राप्त करने से सुपात्र है।

- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (मानसिक रूप से बीमार तथा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को विधिक सेवाएँ) योजना, 2015 के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को मानसिक आरोग्यशाला अथवा संस्थान में विधिक सेवा केन्द्र खोलना जरूरी है जिसमें उन पारा विधिक स्वयंसेवक तथा पैनल लॉयर की तैनाती की जानी चाहिए जो सम्यक् रूप से संवेदनशील हैं।

मानसिक आरोग्यशाला संस्थान में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक के कर्त्तव्य :

(i) पारा विधिक स्वयंसेवक स्थानीय पुलिस थाना के सहयोग से मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों- जो परित्यक्त हैं अथवा बेघर हैं या समुचित देख-रेख विहीन है - को मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती करायेंगे। ऐसे व्यक्तियों का इलाज तथा पुनर्वास नेशनल ट्रस्ट फॉर वेलफेयर ऑफ पर्सन्स विद ऑटिज्म, सेरेब्रल पल्सी मेंटल रिटारडेशन एंड मल्टीपल डिसेबिलिटीज एक्ट 1999 के धारा-13 के तहत बने स्थानीय समिति के साथ सामंस्य से किया जाएगा।

(ii) पारा विधिक स्वयंसेवक जागरूकता कार्यक्रम करके देखरेख विहीन मानसिक रूप से बीमार लोगों की पहचान सुनिश्चित करेंगे। उनके मानवाधिकारों के बारे में लोगों को संवेदनशील बनायेंगे।

- पारा विधिक स्वयंसेवक वैसे व्यक्तियों की सूची तैयार करेंगे तथा विधिक सेवा संस्थान को सौपेंगे जिन्हें न्यायालय के रिसेप्शन आदेश के बाद मानसिक आरोग्यशाला में भर्ती कराया गया है। ये स्वयंसेवक उनके इलाज एवं प्रगति पर नजर रखेंगे तथा विधिक सेवा संस्थान को अवगत करावेंगे।

- पारा विधिक स्वयंसेवक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती वैसे मरीजों की विमुक्ति हेतु आवेदन दिलाने में पैनल अधिवक्ता। रिटेनर अधिवक्ता की मदद लेंगे। यह आवेदन

विमुक्ति के लिए इच्छुक मरीजों के वास्ते धारा-18 के तहत तथा अनिच्छुक मरीजों के लिए धारा-19 के तहत दिया जायेगा।

- डिस्चार्ज हो चुके मरीजों की खैरियत की जांच पारा विधिक स्वयंसेवक करेंगे। जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा संस्थान उन व्यक्तियों की हरमुमकिन मदद करेंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम की धारा-45 तथा 46 के तहत अस्पताल में भर्ती मरीजों को अस्पताल से छुट्टी लेने में मदद करेंगे तथा इस वास्ते आवेदन देने में विधिक सेवा संस्थान की मदद लेंगे। आवश्यकता पड़ने पर धारा-49 के तहत अपील करने में भी पारा विधिक स्वयंसेवक मरीज की सहायता करेंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक मानसिक आरोग्य संस्थान में भर्ती मरीजों के मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों पर बारीक एवं पैनी नजर रखेंगे। वे हर मानवाधिकार हनन की घटना की रिपोर्ट विधिक सेवा संस्थान को करेंगे जो इसकी सूचना आवश्यक रूप से माननीय उच्च न्यायालय को देंगे।
- पारा विधिक स्वयंसेवक पैनल लायर्स की मदद से मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति तथा उनके परिवार की पूरी मदद करेंगे जिससे की मरीज के विधिक अभिभावक की नियुक्ति हो सके।
- पारा विधिक स्वयंसेवक मरीज एवं उनके परिजनों को जागरूक करेंगे कि मानसिक अस्वस्थता इलाज से पूरी तरह ठीक हो जाती है। मरीज के परिजनों को यह अवगत कराया जायेगा कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के संपति पर अधिकार को लेकर काफी सख्त कानून है तथा उसकी हिफाजत कैसे करनी है।
- विधिक सेवा संस्थान व्यक्तिगत अथवा संस्थागत जो भी सही हो उस तरीके से मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के इलाज तथा पुनर्वास की व्यवस्था करेंगे।

❑❑❑

14.
पारा विधिक स्वयंसेवक की अयोग्यता एवं उन्हें हटाने की प्रक्रिया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण पारा विधिक स्वयंसेवक योजना (संशोधित) में यह प्रावधान है :

पारा विधिक स्वयंसेवक की अयोग्यताएँ एवं उन्हें हटाने की प्रक्रिया

- पारा विधिक स्वयंसेवक अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा उसे पैनल से हटा दिया जायेगा अगर:

(i) वह योजना के अमलीकरण में रूचि नहीं प्रदर्शित करता है।

(ii) वह दीवालिया घोषित कर दिया जाता है।

(iii) वह आपराधिक घटना में अभियुक्त बनाया जाता है।

(iv) वह शारीरिक तथा मानसिक रूप से पारा विधिक स्वयंसेवक के रूप में काम करने में अक्षम हो जाता है।

(v) वह अपने पद अथवा स्थान का दुरूपयोग करता है जिससे उसका पद पर रहना जनहित में नही रहता है।

(ख) अन्य व्यक्तियों,

से मिलकर बनेगी, जितने ऐसी लोक अदालत का आयोजन करने वाले, यथास्थिति, राज्य प्राधिकरण या जिला प्राधिकरण या उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति या उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

(3) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित लोक अदालतों के लिए उपधारा (2) के खंड (ख) में निर्दिष्ट अन्य व्यक्तियों का अनुभव और अर्हताएं वे होंगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, विहित की जाएं ।

(4) उपधारा (3) में निर्दिष्ट लोक अदालतों से भिन्न लोक अदालतों के लिए उपधारा (2) के खंड (ख) में निर्दिष्ट अन्य व्यक्तियों का अनुभव और अर्हताएं वे होंगी जो राज्य सरकार द्वारा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, विहित की जाएं ।

(5) किसी लोक अदालत को, उस न्यायालय के, जिसके लिए लोक अदालत आयोजित की जाती है—

(i) समक्ष लम्बित किसी मामले की बाबत ; या

(ii) किसी ऐसे विषय की बाबत जो उसकी अधिकारिता के भीतर है किंतु वह उसके समक्ष नहीं लाया गया है,

किसी विवाद का अवधारण करने और उसके पक्षकारों के बीच समझौता या परिनिर्धारण करने की अधिकारिता होगी :

परन्तु लोक अदालत को, किसी ऐसे अपराध से संबंधित, जो किसी विधि के अधीन शमनीय नहीं है, किसी मामले या विषय के बारे में कोई अधिकारिता नहीं होगी ।

20. लोक अदालतों द्वारा मामलों का संज्ञान—(1) जहां धारा 19 की उपधारा (5) के खंड (i) में निर्दिष्ट किसी मामले में, उस मामले को परिनिर्धारण के लिए लोक अदालत को निर्दिष्ट करने के लिए—

(i) (क) उसके पक्षकार सहमत हैं ; या

(ख) उसका कोई पक्षकार न्यायालय को आवेदन करता है और यदि ऐसे न्यायालय का प्रथमदृष्ट्या समाधान हो जाता है कि ऐसे परिनिर्धारण की संभावनाएं हैं ; या

(ii) न्यायालय का समाधान हो जाता है कि वह मामला लोक अदालत द्वारा संज्ञान किए जाने के लिए समुचित मामला है,

वहां न्यायालय उस मामले को लोक अदालत को निर्दिष्ट करेगा :

परन्तु ऐसे न्यायालय द्वारा खंड (i) के उपखंड (ख) या खंड (ii) के अधीन कोई मामला लोक अदालत को पक्षकारों की सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात् ही निर्दिष्ट किया जाएगा, अन्यथा नहीं ।

(3) जहां कोई मामला उपधारा (1) के अधीन लोक अदालत को निर्दिष्ट किया जाता है या जहां उपधारा (2) के अधीन उसको निर्देश किया गया है वहां लोक अदालत ऐसे मामले या विषय के निपटाने की कार्यवाही करेगी और पक्षकारों के बीच समझौता या परिनिर्धारण करेगी ।

---

[1] 1994 के अधिनियम सं० 59 की धारा 14 द्वारा अंतःस्थापित ।

[2] 1994 के अधिनियम सं० 59 की धारा 15 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(4) प्रत्येक लोक अदालत, इस अधिनियम के अधीन उसके समक्ष किसी निर्देश का अवधारण करते समय, पक्षकारों के बीच समझौता या परिनिर्धारण करने में यथासाध्य शीघ्रता से कार्य करेगी और न्याय, साम्या, ऋजुता और अन्य विधिक सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होगी ।

(5) जहां लोक अदालत द्वारा इस आधार पर कोई अधिनिर्णय नहीं दिया गया है कि पक्षकारों के बीच कोई समझौता या परिनिर्धारण नहीं हो सका है, वहां उस मामले का अभिलेख उसके द्वारा उस न्यायालय को, जिससे उपधारा (1) के अधीन निर्देश प्राप्त हुआ था, विधि के अनुसार निपटाने के लिए लौटा दिया जाएगा ।

(6) जहां लोक अदालत द्वारा इस आधार पर कोई अधिनिर्णय नहीं दिया गया है कि पक्षकारों के बीच उपधारा (2) में निर्दिष्ट विषय में कोई समझौता या परिनिर्धारण नहीं हो सका है, वहां वह लोक अदालत पक्षकारों को किसी न्यायालय में उपचार प्राप्त करने की सलाह देगी ।

(7) जहां मामले का अभिलेख उपधारा (5) के अधीन न्यायालय को लौटाया जाता है वहां, ऐसा न्यायालय, ऐसे मामले पर उस प्रक्रम से कार्यवाही करेगा जिस तक उपधारा (1) के अधीन ऐसा निर्देश करने के पूर्व कार्यवाही की गई थी ।]

21. लोक अदालत का अधिनिर्णय—[1][(1) लोक अदालत का प्रत्येक अधिनिर्णय, यथास्थिति, सिविल न्यायालय की डिक्री या किसी अन्य न्यायालय का आदेश समझा जाएगा और जहां किसी लोक अदालत द्वारा धारा 20 की उपधारा (1) के अधीन उसको निर्दिष्ट किसी मामले में समझौता या परिनिर्धारण किया गया है वहां ऐसे मामले में संदत्त न्यायालय फीस, न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 (1870 का 7) के अधीन उपबंधित रीति से लौटा दी जाएगी ।]

(2) लोक अदालत द्वारा किया गया प्रत्येक अधिनिर्णय अंतिम और विवाद के सभी पक्षकारों पर आबद्धकर होगा, तथा अधिनिर्णय के विरुद्ध कोई अपील किसी न्यायालय में नहीं होगी ।

22. लोक अदालतों की शक्तियां—(1) [2][लोक अदालत या स्थायी लोक अदालत] को, इस अधिनियम के अधीन कोई अवधारण करने के प्रयोजन के लिए, वही शक्तियां होंगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के अधीन सिविल न्यायालय में वाद का विचारण करते समय निम्नलिखित विषयों के संबंध में निहित होती हैं, अर्थात् :—

(क) किसी साक्षी को समन करना तथा हाजिर कराना और शपथ पर उसकी परीक्षा करना ;

(ख) किसी दस्तावेज का प्रकटीकरण और पेश किया जाना ;

(ग) शपथ-पत्रों पर साक्ष्य ग्रहण करना ;

(घ) किसी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या दस्तावेज अथवा ऐसे अभिलेख या दस्तावेज की प्रति की अध्यपेक्षा करना ; और

(ङ) ऐसे अन्य विषय जो विहित किए जाएं ।

(2) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रत्येक [3][लोक अदालत या स्थायी लोक अदालत] को अपने समक्ष आने वाले किसी विवाद के अवधारण के लिए अपनी स्वयं की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट करने की अपेक्षित शक्तियां होंगी ।

(3) [3][लोक अदालत या स्थायी लोक अदालत] के समक्ष सभी कार्यवाहियां भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) की धारा 193, धारा 219 और धारा 228 के अर्थ में न्यायिक कार्यवाहियां समझी जाएंगी और प्रत्येक [3][लोक अदालत या स्थायी लोक अदालत] दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 195 और अध्याय 26 के प्रयोजन के लिए सिविल न्यायालय समझी जाएगी ।

[4][**अध्याय 6क**

मुकदमा-पूर्व सुलह और समझौता

22क. परिभाषाएं—इस अध्याय में और धारा 22 तथा धारा 23 के प्रयोजनों के लिए, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "स्थायी लोक अदालत" से धारा 22ख की उपधारा (1) के अधीन स्थापित स्थायी लोक अदालत अभिप्रेत है ;

(ख) "लोक उपयोगी सेवा" से अभिप्रेत है कोई,—

(i) वायु, सड़क या जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिए यातायात सेवा ; या

---

[1] 1994 के अधिनियम सं० 59 की धारा 16 द्वारा प्रतिस्थापित ।
[2] 2002 के अधिनियम सं० 37 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित ।
[3] 2002 के अधिनियम सं० 37 की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित ।
[4] 2002 के अधिनियम सं० 37 की धारा 5 द्वारा अंतःस्थापित ।

(ii) डाक, तार या टेलीफोन सेवा ; या

(iii) किसी स्थापन द्वारा जनता को विद्युत, प्रकाश या जल का प्रदाय ; या

(iv) सार्वजनिक मल वहन या स्वच्छता प्रणाली ; या

(v) अस्पताल या औषधालय सेवा ; या

(vi) बीमा सेवा,

और इसके अंतर्गत ऐसी कोई सेवा भी है जिसे, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, लोकहित में, अधिसूचना द्वारा, इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगी सेवा घोषित करे ।

22ख. स्थायी लोक अदालतों की स्थापना—(1) धारा 19 में किसी बात के होते हुए भी, यथास्थिति, केन्द्रीय प्राधिकरण या प्रत्येक राज्य प्राधिकरण, अधिसूचना द्वारा, ऐसे स्थानों पर और एक या एक से अधिक लोक उपयोगी सेवाओं की बाबत ऐसी अधिकारिता का प्रयोग करने के लिए और ऐसे क्षेत्रों के लिए, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं, स्थायी लोक अदालतें स्थापित करेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित क्षेत्र के लिए स्थापित प्रत्येक स्थायी लोक अदालत, यथास्थिति, केन्द्रीय प्राधिकरण या राज्य प्राधिकरण द्वारा ऐसी स्थायी लोक अदालत स्थापित करते हुए नियुक्त किए गए निम्नलिखित व्यक्तियों से मिल कर बनेगी,—

(क) ऐसा व्यक्ति, जो जिला न्यायाधीश या अपर जिला न्यायाधीश है या रहा है या जिला न्यायाधीश की पंक्ति से उच्चतर पंक्ति का न्यायिक पद धारण किए हुए है, स्थायी लोक अदालत का अध्यक्ष होगा ; और

(ख) दो अन्य ऐसे व्यक्ति, जिनके पास लोक उपयोगी सेवा का पर्याप्त अनुभव है, और जो, यथास्थिति, केन्द्रीय प्राधिकरण या राज्य प्राधिकरण की सिफारिश पर, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे,

और अध्यक्ष तथा खंड (ख) में निर्दिष्ट अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के अन्य निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएं ।

22ग. स्थायी लोक अदालत द्वारा मामलों का संज्ञान—(1) किसी विवाद का कोई पक्षकार, विवाद को किसी न्यायालय के समक्ष लाने से पूर्व, विवाद के निपटारे के लिए स्थायी लोक अदालत को आवेदन कर सकेगा :

परन्तु स्थायी लोक अदालत को ऐसे अपराध से, जो किसी विधि के अधीन शमनीय नहीं है, संबंधित किसी विषय के संबंध में कोई अधिकारिता नहीं होगी :

परन्तु यह और कि स्थायी लोक अदालत को ऐसे मामले में भी अधिकारिता नहीं होगी जिसमें वादग्रस्त संपत्ति का मूल्य दस लाख रुपए से अधिक है :

परन्तु यह भी कि केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, केन्द्रीय प्राधिकरण से परामर्श करके दूसरे परंतुक में विनिर्दिष्ट दस लाख रुपए की सीमा को बढ़ा सकेगी ।

(2) स्थायी लोक अदालत को उपधारा (1) के अधीन आवेदन किए जाने के पश्चात्, उस आवेदन का कोई पक्षकार उसी विवाद के लिए किसी न्यायालय की अधिकारिता का अवलंब नहीं लेगा ।

(3) जहां किसी स्थायी लोक अदालत को उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन किया जाता है वहां वह,—

(क) आवेदन के प्रत्येक पक्षकार को उसके समक्ष लिखित कथन फाइल करने का निदेश देगी जिसमें आवेदन के अधीन विवाद के तथ्यों और प्रकृति, ऐसे विवाद के मुद्दों या विवाद्यकों और, यथास्थिति, ऐसे मुद्दों या विवाद्यकों के समर्थन में या उसके विरोध में अवलंबित आधारों का कथन होगा और ऐसा पक्षकार ऐसे कथन की अनुपूर्ति में ऐसा कोई दस्तावेज या अन्य साक्ष्य दे सकेगा जिसे ऐसा पक्षकार ऐसे तथ्यों और आधारों के सबूत में समुचित समझता है और ऐसे कथन की एक प्रति ऐसे दस्तावेज या अन्य साक्ष्य, यदि कोई हो, के साथ आवेदन के प्रत्येक पक्षकार को भेजेगी ;

(ख) आवेदन के किसी पक्षकार से सुलह कार्यवाहियों के किसी प्रक्रम पर उसके समक्ष अतिरिक्त कथन फाइल करने की अपेक्षा कर सकेगी ;

(ग) आवेदन के किसी पक्षकार से, उसे प्राप्त किसी दस्तावेज या कथन को, अन्य पक्षकार को, उसका उत्तर देने के लिए समर्थ बनाने हेतु संसूचित करेगी ।

(4) जब कोई कथन, अतिरिक्त कथन और उत्तर, यदि कोई हो, उपधारा (3) के अधीन स्थायी लोक अदालत के समाधानप्रद रूप में फाइल किया गया है तब वह आवेदन के पक्षकारों के बीच सुलह कार्यवाहियां ऐसी रीति से करेगी जिसे वह विवाद की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उचित समझे ।

(5) स्थायी लोक अदालत उपधारा (4) के अधीन सुलह कार्यवाहियां करने के दौरान पक्षकारों को विवाद के स्वतंत्र और निष्पक्ष रीति में सौहार्द्रपूर्ण समझौते पर पहुंचने के लिए, उनके प्रयास में सहायता करेगी ।

(6) आवेदन के प्रत्येक पक्षकार का यह कर्तव्य होगा कि वह आवेदन से संबंधित विवाद की सुलह कराने में स्थायी लोक अदालत के साथ सद्भावनापूर्वक सहयोग करे और स्थायी लोक अदालत के, उसके समक्ष साक्ष्य और अन्य संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निदेश का अनुपालन करे ।

(7) जब स्थायी लोक अदालत की पूर्वोक्त सुलह कार्यवाहियों में यह राय है कि ऐसी कार्यवाहियों में समझौते के ऐसे तत्व विद्यमान हैं जो पक्षकारों को स्वीकार्य हो सकेंगे, तब वह विवाद के संभाव्य समझौते के निबंधन विरचित कर सकेगी और संबंधित पक्षकार को उनके संप्रेक्षण के लिए देगी और यदि पक्षकार विवाद के समझौते के लिए सहमत हो जाते हैं तो वे समझौता करार पर हस्ताक्षर करेंगे तथा स्थायी लोक अदालत उसके निबंधनानुसार अधिनिर्णय पारित करेगी और उसकी एक-एक प्रति प्रत्येक संबद्ध पक्षकार को देगी ।

(8) जहां पक्षकार उपधारा (7) के अधीन किसी करार पर पहुंचने में असफल रहते हैं, वहां यदि विवाद किसी अपराध से संबंधित नहीं है तो स्थायी लोक अदालत, विवाद का विनिश्चय कर देगी ।

22घ. स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया—स्थायी लोक अदालत, इस अधिनियम के अधीन सुलह कार्यवाहियां करते समय या विवाद का गुणागुण के आधार पर विनिश्चय करते समय नैसर्गिक न्याय, वस्तु-निष्ठता, निष्पक्षता, साम्या और न्याय के अन्य सिद्धांतों से मार्गदर्शित होगी और सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) से आबद्ध नहीं होगी ।

22ङ. स्थायी लोक अदालत के अधिनिर्णय का अंतिम होना—(1) इस अधिनियम के अधीन स्थायी लोक अदालत द्वारा, गुणागुण के आधार पर या समझौता करार के निबंधानानुसार दिया गया प्रत्येक अधिनिर्णय अंतिम होगा और उसके सभी पक्षकारों और उनके अधीन दावा करने वाले व्यक्तियों पर आबद्धकर होगा ।

(2) इस अधिनियम के अधीन स्थायी लोक अदालत का प्रत्येक अधिनिर्णय सिविल न्यायालय की डिक्री समझा जाएगा ।

(3) इस अधिनियम के अधीन स्थायी लोक अदालत द्वारा दिया गया प्रत्येक अधिनिर्णय स्थायी लोक अदालत का गठन करने वाले व्यक्तियों के बहुमत द्वारा होगा ।

(4) इस अधिनियम के अधीन स्थायी लोक अदालत द्वारा दिया गया प्रत्येक अधिनिर्णय अंतिम होगा और किसी मूल वाद, आवेदन या निष्पादन कार्यवाही में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा ।

(5) स्थायी लोक अदालत, उसके द्वारा दिए गए प्रत्येक अधिनिर्णय को स्थानीय अधिकारिता रखने वाले सिविल न्यायालय को भेज सकेगी और ऐसा सिविल न्यायालय अधिनिर्णय को इस प्रकार निष्पादित करेगा मानो यह उस न्यायालय द्वारा की गई डिक्री हो ।]

अध्याय 7

प्रकीर्ण

[1][**23. प्राधिकरणों, समितियों और लोक अदालतों के सदस्यों और कर्मचारिवृन्द का लोक सेवक होना**—केन्द्रीय प्राधिकरण, राज्य प्राधिकरणों, जिला प्राधिकरणों, उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों, तालुक विधिक सेवा समितियों के सदस्य, जिनके अंतर्गत, यथास्थिति, सदस्य-सचिव या सचिव भी है, और ऐसे प्राधिकरणों, समितियों के अधिकारी और अन्य कर्मचारी तथा [2][लोक अदालतों के सदस्य या स्थायी लोक अदालत का गठन करने वाले व्यक्ति] भारतीय दंड संहिता (1860 का 45) की धारा 21 के अर्थ में लोक सेवक समझे जाएंगे ।

24. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण—इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम या विनियम के उपबंधों के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही—

(क) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार ;

(ख) केन्द्रीय प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष, सदस्यों या सदस्य-सचिव या अधिकारियों या अन्य कर्मचारियों ;

(ग) राज्य प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष, सदस्य, सदस्य-सचिव या अधिकारियों या अन्य कर्मचारियों ;

---

[1] 1994 के अधिनियम सं० 59 की धारा 17 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[2] 2002 के अधिनियम सं० 37 की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(घ) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों, तालुक विधिक सेवा समितियों या जिला प्राधिकरण के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों या अधिकारियों या अन्य कर्मचारियों ; या

(ङ) उपखंड (ख) से उपखंड (घ) में निर्दिष्ट किसी मुख्य संरक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष अध्यक्ष सदस्य, सदस्य-सचिव द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति,

के विरुद्ध नहीं होगी ।]

25. अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव होना—इस अधिनियम के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में या इस अधिनियम से भिन्न किसी विधि के आधार पर प्रभाव रखने वाली किसी लिखत में उससे असंगत किसी बात के होते हुए भी प्रभावी होंगे ।

26. कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति—(1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, ऐसे उपबंध कर सकेगी, जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हो, और जो उस कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो :

परन्तु ऐसा कोई आदेश उस तारीख से, जिसको इस अधिनियम पर राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त होती है, दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जाएगा ।

(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश उसके किए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष रखा जाएगा ।

[1][**27. नियम बनाने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति**—(1) केन्द्रीय सरकार, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, अधिसूचना द्वारा, बना सकेगी ।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (ग) के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण के अन्य सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(ख) धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण के सदस्य-सचिव का अनुभव और अर्हताएं तथा उसकी शक्तियां और कृत्य ;

(ग) धारा 3 की उपधारा (4) के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण के सदस्यों और सदस्य-सचिव की पदावधि तथा उनसे संबंधित अन्य शर्तें ;

(घ) धारा 3 की उपधारा (5) के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या ;

(ङ) धारा 3 की उपधारा (6) के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की शर्तें तथा वेतन और भत्ते ;

(च) धारा 3क की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(छ) धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के सचिव का अनुभव और अर्हताएं ;

(ज) धारा 3क की उपधारा (5) के अधीन उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या और उस धारा की उपधारा (6) के अधीन उनकी सेवा की शर्तें तथा उनको संदेय वेतन और भत्ते ;

(झ) यदि मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष है तो धारा 12 के खंड (ज) के अधीन विधिक सेवाओं के लिए किसी व्यक्ति को हकदार बनाने के लिए उसकी वार्षिक आय की उच्चतर सीमा ;

(ञ) वह रीति जिससे धारा 18 के अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण, राज्य प्राधिकण या जिला प्राधिकरण के लेखे रखे जाएंगे ;

(ट) धारा 19 की उपधारा (3) में विनिर्दिष्ट उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित लोक अदालतों के अन्य व्यक्तियों का अनुभव और अर्हताएं ;

(ठ) धारा 22 की उपधारा (1) के खंड (ङ) के अधीन अन्य विषय ;

---

[1] 1994 के अधिनियम सं० 59 की धारा 18 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[1][(ठक) धारा 22ख की उपधारा (2) के अधीन अध्यक्ष और अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए अन्य निबंधन और शर्तें ;]

(ड) कोई अन्य विषय जिसे विहित किया जाना है या जो विहित किया जाए ।

28. नियम बनाने की राज्य सरकार की शक्ति—(1) राज्य सरकार, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, अधिसूचना द्वारा, बना सकेगी ।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबन्ध किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) धारा 6 की उपधारा (2) के खंड (ग) के अधीन राज्य प्राधिकरण के अन्य सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(ख) धारा 6 की उपधारा (3) के अधीन राज्य प्राधिकरण के सदस्य-सचिव की शक्तियां और कृत्य ;

(ग) धारा 6 की उपधारा (4) के अधीन राज्य प्राधिकरण के सदस्यों और सदस्य-सचिव की पदावधि और उनसे संबंधित अन्य शर्तें ;

(घ) धारा 6 की उपधारा (5) के अधीन राज्य प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या ;

(ङ) धारा 6 की उपधारा (6) के अधीन राज्य प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की शर्तें तथा वेतन और भत्ते ;

(च) धारा 8क की उपधारा (3) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सचिव का अनुभव और अर्हताएं ;

(छ) धारा 8क की उपधारा (5) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या और उस धारा की उपधारा (6) के अधीन उनकी सेवा की शर्तें तथा उनको संदेय वेतन और भत्ते ;

(ज) धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन जिला प्राधिकरण के सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(झ) धारा 9 की उपधारा (5) के अधीन जिला प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या ;

(ञ) धारा 9 की उपधारा (6) के अधीन जिला प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की शर्तें तथा वेतन और भत्ते ;

(ट) धारा 11क की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन तालुक विधिक सेवा समिति के सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(ठ) धारा 11क की उपधारा (3) के अधीन तालुक विधिक सेवा समिति के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या ;

(ड) धारा 11क की उपधारा (4) के अधीन तालुक विधिक सेवा समिति के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की शर्तें तथा वेतन और भत्ते ;

(ढ) यदि मामला उच्चतम न्यायालय से भिन्न किसी न्यायालय के समक्ष है तो धारा 12 के खंड (ज) के अधीन विधिक सेवाओं के लिए किसी व्यक्ति को हकदार बनाने के लिए उसकी वार्षिक आय की उच्चतर सीमा ;

(ण) धारा 19 की उपधारा (4) में निर्दिष्ट लोक अदालतों से भिन्न लोक अदालतों के अन्य व्यक्तियों का अनुभव और अर्हताएं ;

(त) कोई अन्य विषय जिसे विहित किया जाना है या जो विहित किया जाए ।

29. विनियम बनाने की केन्द्रीय प्राधिकरण की शक्ति—(1) केन्द्रीय प्राधिकरण, अधिसूचना द्वारा, ऐसे सभी विषयों का उपबंध करने के लिए, जिनके लिए इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने के प्रयोजनों के लिए उपबंध करना आवश्यक या समीचीन है, ऐसे विनियम बना सकेगा जो इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों से असंगत न हों ।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति की शक्तियां और कृत्य ;

---

[1] 2002 के अधिनियम सं० 37 की धारा 6 द्वारा अंतःस्थापित ।

(ख) धारा 3क की उपधारा (4) के अधीन उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्यों और सचिव की पदावधि तथा उनसे संबंधित अन्य शर्तें ।

29क. विनियम बनाने की राज्य प्राधिकरण की शक्ति—(1) राज्य प्राधिकरण, अधिसूचना द्वारा, ऐसे सभी विषयों का उपबंध करने के लिए, जिनके लिए इस अधिनियम के उपबंधों को क्रियान्वित करने के प्रयोजनों के लिए उपबंध करना आवश्यक या समीचीन है, ऐसे विनियम बना सकेगा जो इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों से असंगत न हों ।

(2) विशिष्यतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात् :—

(क) धारा 7 की उपधारा (2) के खंड (घ) के अधीन राज्य प्राधिकरण द्वारा पालन किए जाने वाले अन्य कृत्य ;

(ख) धारा 8क की उपधारा (1) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की शक्तियां और कृत्य ;

(ग) धारा 8क की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(घ) धारा 8क की उपधारा (4) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्यों और सचिव की पदावधि और उनसे संबंधित अन्य शर्तें ;

(ङ) धारा 9 की उपधारा (4) के अधीन जिला प्राधिकरण के सदस्यों और सचिव की पदावधि और उनसे संबंधित अन्य शर्तें ;

(च) धारा 8क की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सदस्यों की संख्या, अनुभव और अर्हताएं ;

(छ) धारा 10 की उपधारा (2) के खंड (ग) के अधीन जिला प्राधिकरण द्वारा पालन किए जाने वाले अन्य कृत्य ;

(ज) धारा 11क की उपधारा (3) के अधीन तालुक विधिक सेवा समिति के सदस्यों और सचिव की पदावधि और उनसे संबंधित अन्य शर्तें ।]

30. नियमों और विनियमों का रखा जाना—(1) इस अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक नियम और उसके अधीन केन्द्रीय प्राधिकरण द्वारा बनाया गया प्रत्येक विनियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा । यह अवधि एक सत्र में अन्यथा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम या विनियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह नियम या विनियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो वह निष्प्रभाव हो जाएगा । किन्तु नियम या विनियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(2) इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक नियम और उसके अधीन राज्य प्राधिकरण द्वारा बनाया गया प्रत्येक विनियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, राज्य विधान-मंडल के समक्ष रखा जाएगा ।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर, 2009

सं एल/28/09-नालसा.-केन्द्रीय प्राधिकरण, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) की धारा- 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ - (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 है ।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं-इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

   (क) 'अधिनियम' से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) अभिप्रेत है;

   (ख) 'लोक अदालत' से अधिनियम की धारा- 19 के अधीन आयोजित की जाने वाली लोक अदालत अभिप्रेत है;

   (ग) सभी अन्य शब्दों और पदो के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हुए हैं किन्तु परिभाषित नहीं है और विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण; नियम, 1995 में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उक्त अधिनियम या नियमों में है ।

3. लोक अदालतें आयोजित करने की प्रक्रिया-(1) लोक अदालतें, यथास्थिति, राज्य प्राधिकरणों या जिला प्राधिकरणों या उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति या उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या तालुक विधिक सेवा समितियों द्वारा नियमित अंतरालों पर आयोजित की जा सकेंगी और ऐसी लोक अदालतें किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र के लिए, जो पूर्वोक्त प्राधिकरण या समितियां ठीक समझें, आयोजित की जाएंगी :

   परंतु विशेष लोक अदालतें सभी कुटुम्ब न्यायालयों के लिए नियमित अंतरालों पर आयाजित की जाएंगी ।

(2) यथास्थिति, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का सदस्य-सचिव या सचिव या जिला प्राधिकरण या तालुक विधिक सेवा समिति का अधयक्ष विधिक वृत्ति के सदस्यों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, पूर्व और परोपकारी संस्थाओं और अन्य वैसे ही संगठनों को लोक अदालतें आयोजित करने के लिए सहयोजित कर सकेगा ।

4. राज्य प्राधिकरण को सूचना-यथास्थिति, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला प्राधिकरण का सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष राज्य प्राधिकरण को लोक अदालत आयोजित करने के प्रस्ताव के बारे में उस तारीख से बहुत पूर्व, जिसको लोक अदालत आयोजित करने का प्रस्ताव है, सूचित करेगा और राज्य प्राधिकरण को निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करेगा, अर्थात् :--

(i) वह स्थान और तारीख, जिसको लोक अदालत आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है;

(ii) क्या ऊपर विनियम 3 के उपविनियम (2) में यथा निर्दिष्ट संगठनों में से किसी ने लोक अदालत के साथ स्वयं को सहयोजित करने के लिए अपनी सहमति दी है;

(iii) मामलों के प्रवर्ग और प्रकृति जैसे लंबित मामले या मुकद्मा-पूर्व विवाद, जिनका लोक अदालत के समक्ष रखे जाने का प्रस्ताव है;

(iv) प्रत्येक प्रवर्ग में लोक अदालत के समक्ष लाए जाने वाले प्रस्तावित मामलों की संख्या;

(v) कोई अन्य सूचना, जो लोक अदालत के संयोजन और आयोजन से सुसंगत हो।

5. संबद्ध पक्षकारों को सूचना-लोक अदालतों का संयोजन और आयोजन करने वाले यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला प्राधिकरण का सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष, उस संबद्ध प्रत्येक पक्षकार को जिसका मामला लोक अदालत को निर्दिष्ट किया गया है, समय पूर्व सूचित करेगा जिससे उसे लोक अदालत के समक्ष स्वयं को तैयार करने के लिए अवसर दिया जा सके:

परंतु ऐसी सूचना से अभिमुक्ति दी जाएगी यदि न्यायालय ने मामले को लोक अदालत को निर्दिष्ट करते समय पक्षकारों या उनके अधिवक्ताओं की उपस्थिति में लोक अदालत की तारीख और समय नियत किया है या उसकी सूचना दी है:

परंतु यह और कि यदि कोई पक्षकार लोक अदालत को अपना मामला निर्दिष्ट करने के लिए इच्छुक नहीं है तो संबद्ध न्यायालय द्वारा उस मामले पर उसके गुणागुण के आधार पर विचार किया जाएगा ।

6. लोक अदालत की संरचना-

(क) राज्य प्राधिकरण स्तर पर-लोक अदालत आयोजित करने वाला सदस्य-सचिव लोक अदालतों की न्यायपीठें गठित करेगा, प्रत्येक न्यायपीठ में उच्च न्यायालय के आसीन या सेवानिवृत्त न्यायाधीश या सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी और निम्नलिखित में से कोई एक या दोनों होंगे:

(i) विधिक वृत्ति से कोई सदस्य; और

(ii) ऐसे ख्यातिप्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता जो व्यक्तियों के कमजोर वर्गों, जिनके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्त्री, बालक, ग्रामीण और शहरी श्रमिक भी हैं, के उत्थान में लगे हैं और जिनकी विधिक सेवा स्कीमों या कार्यक्रमों की क्रियान्वयन में रूचि है ।

(ख) उच्च न्यायालय स्तर पर-लोक अदालत आयोजित करने वाला उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का सचिव लोक अदालतों की न्यायपीठ गठित करेगा, प्रत्येक न्यायपीठ में उच्च न्यायालय के आसीन या सेवानिवृत्त न्यायाधीश या सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी और निम्नलिखित में से कोई एक या दोनों होंगे;

(i) विधिक वृत्ति से कोई सदस्य; और

(ii) ऊपर उपपैरा (क) की मद (ii) में यथा वर्णित प्रवर्ग का सामाजिक कार्यकर्ता ।

(ग) जिला स्तर पर-लोक अदालत आयोजित करने वाला जिला प्राधिकरण का सचिव लोक अदालतों की न्यायपीठ गठित करेगा, प्रत्येक न्यायपीठ में सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी और निम्नलिखित में से कोई एक या दोनों होंगे;

(i) विधिक वृत्ति से कोई सदस्य; और

(ii) ऊपर उपपैरा (क) की मद (ii) में यथा वर्णित प्रवर्ग का सामाजिक कार्यकर्ता या क्षेत्र के विधिक सदृश क्रियाकलापों में लगा हुआ व्यक्ति अधिमानत: कोई स्त्री।

(घ) तालुक स्तर पर-लोक अदालत आयोजित करने वाला तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष लोक अदालतों की न्यायपीठ गठित करेगा, प्रत्येक न्यायपीठ में सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी और निम्नलिखित में से कोई एक या दोनों होंगे;

(i) विधिक वृत्ति से कोई सदस्य; और

(ii) ऊपर उपपैरा (क) की मद (ii) में यथा वर्णित प्रवर्ग का सामाजिक कार्यकर्ता या क्षेत्र के विधिक सदृश क्रियाकलापों में लगा हुआ व्यक्ति अधिमानत: कोई स्त्री।

7. लोक अदालतों का मामलों का आबंटन-(1) यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला प्राधिकरण का सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष लोक अदालत की प्रत्येक न्यायपीठ को विनिर्दिष्ट मामले समनुदेशित करेंगे।

(2) यथास्थिति सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला प्राधिकरण का सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष लोक अदालत की प्रत्येक न्यायपीठ के लिए एक मामला सूची तैयार कर सकेगा और लोक अदालत आयोजित करने की तारीख के कम से कम दो दिन पूर्व सभी संबद्ध व्यक्तियों को सूचित करेंगे ।

(3) लोक अदालत की प्रत्येक न्यायपीठ उसके समक्ष प्रस्तुत किए गए प्रत्येक मामले में किसी प्रकार के उत्पीड़न, धमकी, असम्यक् प्रभाव, प्रलोभन या दुर्व्यपदेशन के बिना सुलह समझौता कराने के गंभीर प्रयास करेगी ।

8. लोक अदालतों का आयोजन-लोक अदालतें ऐसे समय और स्थान तथा ऐसी तारीख को जिसके अंतर्गत छुट्टी का दिन भी है, जिसे लोक अदालत आयोजित करने वाला यथास्थिति, राज्य प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला प्राधिकरण या तालुक विधिक सेवा समिति उचित समझे, आयोजित की जा सकेगी ।

9. लोक अदालतों की अधिकारिता-लोक अदालतों को केवल पक्षकारों के बीच किसी विवाद का समझौता या परिनिर्धारण करने के लिए पक्षकारों की सहायता करने की शक्ति होगी और ऐसा करते समय पक्षकारों के बीच ऐसे विवादों की बाबत् वे कोई निदेश या आदेश जारी नहीं करेंगी।

10. लंबित मामलों के निर्देश-(1) लोक अदालत के पास लंबित मामले पर कार्रवाई करने की तभी अधिकारिता होगी जब सक्षम अधिकारिता वाला कोई न्यायालय आदेश करता है कि मामले को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की धारा 89 या अधिनियम की धारा 20 में विहित रीति के अनुसार निर्दिष्ट किया जाए ।

(2) लोक अदालत को लंबित मामलों के तंत्र संबंधी निर्देश करने से बचा जाएगा और निर्देश करने वाला न्यायालय प्रथम दृष्ट्या अपना यह समाधान करेगा कि लोक अदालत के माध्यम से मामले के निपटारा होने का अवसर है और लोक अदालत में निर्दिष्ट किए जाने के लिए यह मामला समुचित है;

परंतु विवाह-विच्छेद और आपराधिक मामलों से संबंधित ऐसे विषय, जो दण्ड

प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के अधीन शमनीय नहीं है, लोक अदालत को निर्दिष्ट नहीं किए जाएंगे ।

(3) उस लंबित मामले में जहां पक्षकारों में से केवल एक पक्षकार ने न्यायालय को लोक अदालत में मामले को निर्दिष्ट करने के लिए आवेदन किया था या न्यायालय का स्वप्रेरणा से यह समाधान हो जाता है कि लोक अदालत द्वारा संज्ञान लिए जाने के लिए मामला समुचित है, तो मामले को पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् के सिवाय लोक अदालत को निर्दिष्ट नहीं किया जाएगा ।

11. अभिलेखों को समन करना और उसकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायित्व-(1) यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला प्राधिकरण का सचिव, सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष उन लंबित मामलों के न्यायिक अभिलेख, जिन्हें अधिनियम की धारा 20 के अधीन संबद्ध न्यायालयों से लोक अदालत को निर्दिष्ट किया गया है, मंगा सकेंगे ।

(2) यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला प्राधिकरण का सचिव, या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत अधिकारी न्यायालय से प्राप्त होने वाले अभिलेखों की उन्हें न्यायालय को वापस किए जाने तक सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) न्यायिक अभिलेख लोक अदालत द्वारा समाप्त की गई कार्यवाही के दस दिन के भीतर कार्यवाहियों के परिणाम के बारे में पृष्ठांकन सहित वापस कर दिए जाएंगे चाहे लोक अदालत द्वारा मामले का निपटारा किया गया हो या नहीं :

परंतु जहां कहीं समुचित हो, वह संबद्ध न्यायालय, जहां से अभिलेख मंगाए गए थे, दस दिन से परे की अवधि के लिए अभिलेखों को प्रतिधारित करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।

(4) प्रत्येक न्यायिक प्राधिकरण से यह आशा की जाती है कि वह न्यायिक अभिलेखों के पारेषण में सहयोग करे ।

12. मुकदमा-पूर्व मामला-(1) मुकदमा-पूर्व मामले में यह सुनिश्चित किया जाए कि उस न्यायालय, जिसके लिए लोक अदालत आयोजित की गई है, को मामले को न्यायनिर्णीत करने की राज्यक्षेत्रीय अधिकारिता है ।

(2) लोक अदालत को मुकदमा-पूर्व मामले को निर्दिष्ट करने से पूर्व यथास्थिति, संबद्ध प्राधिकरण या समिति संबद्ध पक्षकारों को युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर देगी ।

परंतु प्रत्येक पक्षकार का बयान लोक अदालत के समक्ष इसे रखे जाने के लिए, यथास्थिति संबद्ध प्राधिकरण या समिति द्वारा अभिप्राप्त किया जाएगा ।

(2) पक्षकारों के बीच समझौता आधारित किसी पंचाट को केवल अधिनियम की धारा 20 में विहित प्रक्रिया के उल्लंघन पर संविधान के अनुच्छेद 226 और अनुच्छेद 227 के अधीन याचिका फाइल करके चुनौती दी जा सकती है ।

13. लोक अदालतों में प्रक्रिया-(1) लोक अदालत के सदस्यों की भूमिका केवल कानूनी सुलहकर्ता की है और उनकी कोई न्यायिक भूमिका नहीं है और वे, यथावश्यक परिवर्तन सहित माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 (1996 का 26) की धारा 67 से 79 में अधिकथित प्रक्रिया का पालन कर सकेंगे ।

(2) लोक अदालत के सदस्य प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: मामलों या विषयों का समझौता या परिनिर्धारण करने के लिए किसी भी पक्षकार पर दबाव नहीं डालेंगे या जबरदस्ती नहीं करेंगे ।

(3) लोक अदालत के सदस्य उचित परिनिर्धारण या समझौते पर पहुंचने के लिए पक्षकारों के साथ विषयवस्तु पर चर्चा करेंगे और लोक अदालत के ऐसे सदस्य पक्षकारों की उनके विवाद के सौहार्दपूर्ण परिनिर्धारण पर पहुंचने के उनके प्रयास में स्वतंत्र और निष्पक्ष रीति से सहायता करेंगे :

परंतु यदि स्वतंत्र व्यक्ति या प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता की आवश्यकता पड़ जाती है तो लोक अदालत उसे भी प्राप्त कर सकेगी ।

(4) लोक अदालत के सदस्य, अन्य बातों के साथ-साथ, पक्षकारों के अधिकारों और बाध्यताओं, विवाद की प्रतिवेशी रूढ़ियों और रीति रिवाजों तथा परिस्थितियों पर विचार करते हुए नैसर्गिक न्याय, साम्या, निष्पक्षता, विषयनिष्ठता के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होंगे।

(5) लोक अदालत ऐसी रीति से कार्यवाहियां कर सकेंगी जैसा यह मामले की परिस्थितियों, किसी पक्षकार द्वारा लोक अदालत से मौखिक कथन सुनने के किसी अनुरोध और विवाद के शीघ्र परिनिर्धारण की आवश्यकता सहित पक्षकारों की इच्छाओं पर विचार करते हुए उचित समझे ।

(6) लोक अदालत अपनी निजी इच्छा से किसी निर्देश का अवधारण नहीं करेगी बल्कि पक्षकारों के बीच समझौते या परिनिर्धारण के आधार पर ही समझौता या परिनिर्धारण के निबंधनानुसार अधिनिर्णय करके अवधारण करेगी;

परंतु किसी लोक अदालत को नियमित न्यायालय के रूप में उनके विवाद का न्यायनिर्णयन करने के लिए पक्षकारों की सुनवाई करने की शक्ति नहीं है :

परंतु यह और कि लोक अदालत का अधिनिर्णय न तो अधिमत है और न ही किसी विनिश्चय करने वाली प्रक्रिया द्वारा विचारित राय है ।

14. प्रशासनिक सहायता–लोक अदालत कार्यवाहियों को सुकर बनाने के लिए प्रशासनिक सहायता की व्यवस्था विधिक सेवा उपलब्ध कराने में लगी उपयुक्त संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा की जा सकेगी ।

15. समझौता या परिनिर्धारण की विरचना–लोक अदालत, कार्यवाही के किसी प्रक्रम पर विवाद के निर्धारण के लिए प्रस्ताव कर सकेगी और यह आवश्यक नहीं कि ऐसा प्रस्ताव उसके लिए कारणों के कथन से युक्त हो ।

16. लोक अदालत और पक्षकारों के बीच संसूचना–(1) लोक अदालत पक्षकारों को उससे मिलने के लिए आमंत्रित कर सकेगी या उसे मौखिक या लिखित रूप में संसूचित कर सकेगी और वह पक्षकारों के साथ एक साथ या उनसे पृथक–पृथक मिल सकेगी या संसूचित कर सकेगी । किसी पक्षकार से प्राप्त विवाद से संबंधित तथ्यात्मक सूचना इसलिए अन्य पक्षकार को प्रकट की जा सकेगी कि यदि अन्य पक्षकार को कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके :

परंतु लोक अदालत कोई सूचना प्रकट नहीं करेगी यदि एक पक्षकार इसे गोपनीय रखना चाहता है ।

(2) प्रत्येक पक्षकार अपनी निजी पहल या लोक अदालत के आमंत्रण पर विवाद के परिनिर्धारण के लिए सुझाव प्रस्तुत कर सकेगा ।

(3) जब लोक अदालत को यह प्रतीत होता है कि परिनिर्धारण के लक्षण विद्यमान हैं जो पक्षकारों को स्वीकार्य हो सकेंगे तो संभव परिनिर्धारण के निबंधन लोक अदालत द्वारा विरचित किए जाएंगे और उनके विचारों और परिवर्तन, यदि कोई हो, के लिए पक्षकारों को दिए जाएंगे और पक्षकारों द्वारा दिए गए सुझाव पर विचार किया जा सकेगा तथा संभव परिनिर्धारण के निबंधनों को लोक अदालत द्वारा पुनः विरचित किया जा सकेगा ।

(4) यदि पक्षकार विवाद के समझौते या परिनिर्धारण पर पहुंचते हैं तो लोक अदालत रूपरेखा तैयार कर सकेगा या ऐसे समझौतों या परिनिर्धारण के निबंधनों की रूपरेखा तैयार करने में पक्षकारों की सहायता कर सकेगा ।

17. अधिनिर्णय–(1) अधिनिर्णय की रूपरेखा तैयार करना लोक अदालत के मार्गदर्शन और सहायता के अधीन पक्षकारों द्वारा सहमत परिनिर्धारण या समझौता के निबंधन सम्मिलित करते हुए मात्र एक प्रशासनिक कार्य है ।

(2) जब दोनों पक्षकार हस्ताक्षर करते हैं या अपना अंगूठा निशान लगाते हैं और लोक

अदालत के सदस्य इस पर अधोहस्ताक्षर करते हैं तो यह अधिनिर्णय हो जाता है। (परिशिष्ट–1 पर नमूना देखिए) लोक अदालत का प्रत्येक अधिनिर्णय स्पष्ट और सरल होगा और स्थानीय न्यायालयों में प्रयुक्त प्रादेशिक भाषा या अंग्रेजी में होंगे । इसमें मामले की विशिष्टियां अर्थात् मामला संख्या, न्यायालय का नाम, पक्षकारों के नाम, प्राप्ति की तारीख, स्थायी रजिस्टर (विनियम 20 के अधीन यथाउपबंधित बनाए रखे गए) में मामले की रजिस्टर संख्या और परिनिर्धारण की तारीख भी अंतर्विष्ट होगी। जहां कहीं पक्षकारों का प्रतिनिधित्व काउंसेल द्वारा किया जाता है वहां उनसे भी लोक अदालत के सदस्यों के समक्ष परिनिर्धारण या अधिनिर्णय पर अपने हस्ताक्षर करने की अपेक्षा होनी चाहिए ।

(3) न्यायालय से लोक अदालत को निर्दिष्ट मामलों के अधिनिर्णय में यह उल्लिखित होगा कि वादी या याची दी गई न्यायालय फीस के प्रतिदाय का हकदार है।

(4) जहां पक्षकारों के साथ काउंसेल नहीं है या काउंसेल द्वारा प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है, वहां लोक अदालत के सदस्य परिनिर्धारण अभिलिखित करने के पूर्व पक्षकारों की पहचान का भी सत्यापन करेंगे ।

(5) लोक अदालत के सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि पक्षकार निश्चित और अभिलिखित किए गए परिनिर्धारण के निबंधनों को पूरी तरह से समझने के पश्चात् ही अपने हस्ताक्षर करें। लोक अदालत के सदस्य अपने हस्ताक्षर करने के पूर्व निम्नलिखित के बारे में भी स्वयं का समाधान करेंगे :

(क) यह कि परिनिर्धारण के निबंधन अयुक्तियुक्त या अवैध या एकतरफा नहीं है; और

(ख) यह कि पक्षकारों ने स्वेच्छया न कि किसी धमकी, प्रपीड़न या असम्यक असर के कारण परिनिर्धारण किया है ।

(6) लोक अदालत के सदस्यों को अपने समक्ष निकाले गए परिनिर्धारण में ही अपने हस्ताक्षर करने चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए लोक अदालतों का उपयोग बेईमान पक्षकारों द्वारा कपट, कूटरचना, आदि करने के लिए न किया जाए, किसी तीसरे पक्षकार की सहायता से लोक अदालत के बाहर पक्षकारों द्वारा निकाले गए परिनिर्धारण पर हस्ताक्षर करने से बचना चाहिए ।

(7) लोक अदालत कोई जमानत या पारस्परिक सहमति द्वारा द्वारा विवाह–विच्छेद मंजूर नहीं करेगी ।

(8) मूल अधिनिर्णय न्यायिक अभिलेख (मुकदमेबाजी पूर्व मामले में मूल अधिनिर्णय विधिक सेवा प्राधिकरण या संबद्ध समिति के पास रखा जा सकेगा) का भाग

गठित करेगा और अधिनिर्णय की एक प्रति यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारा अभिहित अधिकारी द्वारा प्रत्येक पक्षकार को सम्यक् रूप से उनका सही होना प्रमाणित करते हुए निःशुल्क दी जाएगी और संबद्ध प्राधिकरण या समिति की शासकीय मुद्रा सभी अधिनिर्णयों पर लगी होगी ।

18. गोपनीयता-(1) लोक अदालत के सदस्य और पक्षकार लोक अदालत में कार्यवाहियों से संबंधित सभी विषयों को गोपनीय रखेंगे और लोक अदालत के सदस्यों को उसके सिवाय, जहां अधिनिर्णय के क्रियान्वयन और प्रवर्तन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक न हों, किसी न्यायालय के समक्ष लोक अदालत कार्यवाहियों में ऐसे विषयों को प्रकट करने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा ।

(2) लोक अदालत के सदस्यों द्वारा किए गए प्रस्ताव और विवाद के संभव परिनिर्धारण की बाबत लोक अदालत में कार्यवाहियों के दौरान पक्षकारों द्वारा व्यक्त मत और की गई चर्चाओं या किसी पक्षकार द्वारा की गई स्वीकृति या लोक अदालत के समक्ष कार्यवाही के अनुक्रम में पक्षकारों के आचरण को अन्य न्यायालय या मध्यस्थ कार्यवाहियों में साक्ष्य में नहीं लाया जाएगा या उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(3) लोक अदालत के सदस्य किसी अन्य कार्यवाही में ऐसी रीति में किसी पक्षकार के कथन अभिलिखित नहीं करेंगे या पक्षकारों के किसी आचरण या कोई राय व्यक्त नहीं करेंगे जो न्यायालय या मध्यस्थ के समक्ष ऐसे पक्षकार के प्रतिकूल हो ।

(4) यदि लोक अदालत का कोई सदस्य किसी गोपनीयता या नैतिक विषयों का अतिक्रमण करता है जो किसी अन्य न्यायिक कार्यवाही के सदृश है तो ऐसा सदस्य लोक अदालत के सदस्यों के पैनल से हटाया जाएगा ।

19. लोक अदालत कार्यवाहियों की असफलता-यदि मुकद्मा-पूर्व मामले का निपटान लोक अदालत में नहीं होता है तो पक्षकारों को अन्य आनुकल्पिक विवाद समाधान तकनीकों का अवलंब लेने या न्यायालय में जाने की सलाह दी जा सकेगी और उचित मामलों में उन्हें विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में भी सलाह दी जा सकेगी ।

20. परिणामों का संकलन-लोक अदालत के सत्र की समाप्ति पर यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जिला प्राधिकरण के सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारा अभिहित अधिकारी, परिशिष्ट-2 में दिए गए प्रोफार्मा में राज्य प्राधिकरण को प्रस्तुत करने की उपलब्धता के बारे में भी सलाह दी जा सकेगी।

21. लोक अदालत के सदस्यों के नामों का पैनल बनाए रखना–यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या जिला प्राधिकरण का सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष लोक अदालतों में काम करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के नामों का पैनल बनाए रखेगा।

22. अधिनियम की धारा 20 के अधीन निर्दिष्ट मामलों के अभिलेख या अन्यथा बनाए रखने की प्रक्रिया–(1) यथास्थिति, सदस्य सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला प्राधिकरण के सचिव या तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारा अभिहित अधिकारी, एक स्थायी रजिस्टर बनाए रखेगा जिसमें लोक अदालत के निर्देश के माध्यम से उसे प्राप्त सभी मामले या मुकद्मे पूर्व विषयों की प्रविष्टि निम्नलिखित विशिष्टियां देते हुए की जाएंगी :

(i) प्राप्ति की तारीख;

(ii) मामले या मुकद्मा–पूर्व विषय की प्रकृति;

(iii) अन्य विशिष्टियां, यदि कोई हों;

(iv) समझौता या परिनिर्धारण की तारीख और ऐसी रीति जिसमें मामले या विषय का अंतिम रूप से निपटान किया गया था; और

(v) मामले की फाइल की वापसी की तारीख ।

(2) अधिनिर्णय की प्रति, यदि पारित किया गया है, विनियम 17 में कथित रीति में सम्यक रूप से प्रमाणित, स्थायी अभिलेख के रूप में यथास्थिति प्राधिकरण या समिति के कार्यालय में रखी जाएगी ।

(3) मुकद्मा–पूर्व लोक अदालतों के अधिनिर्णयों के मूल के अलावा अभिलेखों को लोक अदालत द्वारा मामले के निपटान की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के पश्चात् नष्ट किए जा सकेंगे ।

23. अधिवक्ताओं की उपस्थिति और लोक अदालतों के समक्ष मामलों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया–लोक अदालतों में पक्षकारों की ओर से अधिवक्ताओं की उपस्थिति को वर्जित नहीं किया जाएगा और पक्षकारों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के प्रयास को प्रोत्साहित किया जाएगा । अधिवक्ताओं को लोक अदालत के समक्ष कार्यवाहियों के दौरान अपनी पोशाक और बैंड पहनने से बचने की सलाह दी जा सकेगी ।

24. विनियमों का लागू होना–उपरोक्त विनियम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित लोक अदालतों को समुचित परिवर्तनों सहित उसी रीति में लागू होंगे ।

यू. शरत चन्द्रन
सदस्य–सचिव

परिशिष्ट–1

लोक अदालत के समक्ष

स्थान का नाम .....

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (केन्द्रीय अधिनियम) की धारा 19 के अधीन ..... प्राधिकरण / ..... समिति द्वारा आयोजित)

याची/वादी/परिवादी :

प्रतिवादी/प्रत्यर्थी :

..... न्यायालय / प्राधिकरण / समिति की कार्यवाही संख्या :

उपस्थिति :–

न्यायिक अधिकारी/सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी का नाम :

सदस्यों का नाम : (1)

(2)

अधिनिर्णय

पक्षकारों के बीच विवाद लोक अदालत के अवधारण के लिए निर्दिष्ट किए गए हैं और पक्षकारों ने मामले/विषय पर समझौता/परिनिर्धारण कर लिया है, परिनिर्धारण के निबंधनों के अनुसार निम्नलिखित अधिनिर्णय पारित किया जाता है :

.....

.....

.....

पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय की फीस, यदि कोई उनमें से किसी द्वारा संदत्त की गई है तो यह वापस की जाएगी ।

याची/वादी/परिवादी प्रतिवादी/प्रत्यर्थी

न्यायिक अधिकारी सदस्य सदस्य

तारीख :

(प्राधिकरण/समिति की मुद्रा)

परिशिष्ट–2

प्रोफार्मा
लोक अदालत में मामलों का निपटान

स्थान :			तारीख :		
			निपटाए गए मामले की प्रकृति		
क्रम सं0	मामला संख्या	पक्षकारों के नाम	सिविल	दावे	आपराधिक
कुल					

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010

सं.एल/61/10/रा.वि.से.प्रा. - केंद्रीय प्राधिकरण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और उक्त अधिनियम की धारा 12 के अधीन हकदार व्यक्तियों को नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा प्रदान करने के लिए अधिनियम की धारा 4 के उपबंधों के अनुसरण में, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ - (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम, 2010 है।

   (2) ये भारत में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और तालुक विधिक सेवा समितियों को लागू होंगे।

   (3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं - (1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

   (क) ''अधिनियम'' से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) अभिप्रेत है,

   (ख) ''प्रारूप'' से इन विनियमों से उपाबद्ध प्रारूप अभिप्रेत है,

   (ग) ''प्रबंध कार्यालय'' से विधिक सेवा संस्था में वह कक्ष अभिप्रेत है, जहां विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

   (घ) ''विधि व्यवसायी'' का वही अर्थ होगा, जो अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) की धारा 2 के खंड (झ) में है,

   (ड) ''विधिक सेवा संस्था'' से, यथास्थिति, उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुक विधिक सेवा समिति अभिप्रेत है,

(च) ''पैरा विधिक'' स्वयंसेवक से विधिक सेवा संस्था द्वारा इस प्रकार प्रशिक्षित ''पैरा विधिक'' स्वयंसेवक अभिप्रेत है।

(छ) ''सचिव'' से विधिक सेवा संस्था का सचिव अभिप्रेत है।

(ज) ''धारा'' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

(झ) ''राज्य विनियम'' से अधिनियम के अधीन राज्य प्राधिकरण द्वारा बनाया गया विनियम अभिप्रेत है।

(2) सभी अन्य शब्दों और पदों के, जो इन विनियम में प्रयुक्त हैं, और परिभाषित नहीं है, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में हैं।

3. विधिक सेवाओं के लिए आवेदन - (1) विधिक सेवाओं के लिए कोई आवेदन स्थानीय भाषा या अंग्रेजी में अधिमानतः प्रारूप-1 में प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(2) कोई आवेदक अपनी शिकायत, जिसके लिए वह विधिक सेवाओं को चाहता है, संक्षिप्त रूप में एक पृथक प्रपत्र में आवेदन के साथ दे सकेगा।

(3) किसी आवेदन, यद्यपि प्रारूप-1 में नहीं है, को भी ग्रहण किया जा सकेगा, यदि आवेदक ने विधिक सेवाएं चाहने के लिए स्वयं को समर्थ बनाने के लिए तथ्यों को युक्तियुक्त ढंग से स्पष्ट कर दिया है।

(4) यदि आवेदक निरक्षर है या वह स्वयं आवेदन देने में असमर्थ है, विधिक सेवा संस्था आवेदक के आवेदन प्रारूप को भरने में और शिकायतों का एक टिप्पण तैयार करने में उसकी सहायता करने की व्यवस्था कर सकेगा।

(5) विधिक सेवा के लिए मौखिक अनुरोध को भी उसी रीति में ग्रहण किया जा सकेगा, जिस रीति में कोई आवेदन उपविनियम (1) और उपविनियम (2) के अधीन ग्रहण किया जाता है।

(6) पैरा विधिक स्वयं सेवकों, विधिक सहायता क्लबों, विधिक सहायता क्लिनिक्स और स्वैच्छिक समाज सेवा संस्थाओं द्वारा परामर्श प्राप्त करने वाले आवेदक को भी निःशुल्क विधिक सेवाओं के लिए भी विचार में लिया जा सकेगा।

(7) आवेदक की पहचान का सत्यापन के पश्चात् और यह सुनिश्चित होने पर कि आवेदक/आवेदिका द्वारा की गई शिकायत उसकी स्वयं की है, निःशुल्क विधिक सेवाओं के लिए ई-मेल और ऑन-लाइन सुविधा से संपर्क द्वारा प्राप्त अनुरोध को भी विचार में लिया जा सकेगा।

4. विधिक सेवा संस्था में प्रबंध कार्यालय का होना - (1) सभी विधिक सेवा संस्थाओं में कार्यालय समय के दौरान उपलब्ध पैनल वकील और एक या अधिक पैरा विधिक स्वयंसेवक के साथ प्रबंध कार्यालय होगा।

(2) न्यायालय आधारित विधिक सेवाओं के मामले में, आवेदन पर विचार करने के पश्चात् ऐसा वकील उसे विनियम 7 के अधीन गठित समिति को अग्रेषित करेगा और अन्य प्रकार की विधिक सेवाओं के लिए पैनल का वकील प्रबंध कार्यालय में ऐसी विधिक सेवाएं प्रदान कर सकेगा।

(3) प्रबंध कार्यालय में पैनल का वकील सूचनाओं का प्रारूपण, वकीलों की सूचनाओं का उत्तर भेजना, और आवेदनों, अर्जियों आदि का प्रारूपण जैसी सेवाएं देगा।

(4) प्रबंध कार्यालय में पैनल का वकील विधिक सेवा संस्थाओं के कर्मचारीवृंद से सचिवीय सहायता प्राप्त कर सकेगा।

(5) अतिआवश्यक विषयों के मामले में प्रबंध कार्यालय में पैनल का वकील विधिक सेवा संस्थाओं के सदस्य सचिव या सचिव के परामर्श से समुचित प्रकृति की विधिक सहायता प्रदान कर सकेगा।

परन्तु विनियम 7 के अधीन गठित की गई समिति प्रबंध कार्यालय में पैनल के वकील द्वारा की गई कार्रवाई पर विचार और अनुमोदन कर सकेगी।

5. नि:शुल्क विधिक सेवाओं के हकदार होने का सबूत-(1) आवेदक का एक शपथपत्र कि वह धारा 12 के अधीन नि:शुल्क विधिक सेवाओं के हकदार व्यक्तियों के प्रवर्गों के अधीन आता है, प्रस्तुत करेगा जो कि साधारणतया पर्याप्त होगा।

(2) शपथ-पत्र को, यथास्थिति, न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, नोटरी पब्लिक, अधिवक्ता, संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य, स्थानीय निकायों के चुने हुए प्रतिनिधि, राजपत्रित अधिकारी, केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार या स्थानीय निकायों के किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय के अध्यापक के समक्ष हस्ताक्षर किया जा सकेगा।

(3) शपथ-पत्र को सादा कागज पर तैयार किया जा सकेगा और उस पर अनुप्रमाणित करने वाले व्यक्ति की मुद्रा होगी।

6. आवेदक द्वारा दिए जाने वाले मिथ्या और असत्य ब्यौरों का परिणाम- आवेदक द्वारा, यदि गलत या मिथ्या सूचना या कपटपूर्ण रीति द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त की गई है तो उसे सूचित किया जाएगा कि उसकी विधिक सेवाओं को तत्काल रोक दिया जाएगा और विधिक सेवा संस्था द्वारा उस पर उपगत व्यय उससे वसूली योग्य होगा।

7. निःशुल्क विधिक सेवाओं के लिए आवेदन की संवीक्षा और मूल्यांकन - (1) तालुक, जिला, राज्य और उससे ऊपर के स्तर पर विधिक सेवाओं के लिए आवेदन की संवीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए विधिक सेवा संस्था द्वारा गठित की जाने वाली एक समिति होगी।

(2) समिति विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अधयक्ष या अधयक्ष द्वारा गठित की जाएगी और जिसमें निम्नलिखित होंगे -

(i) अध्यक्ष के रूप में विधिक सेवा संस्था के सदस्य-सचिव या सचिव और दो सदस्य जिसमें से एक न्यायिक अधिकारी हो सकेगा, जिसे अधिमानतः विधिक सेवा संस्था में कार्य करने का अनुभव हो,

(ii) यथास्थिति, एक विधिक वृत्तिक या सरकारी प्लीडर या सहायक सरकारी प्लीडर अथवा लोक अभियोजक या सहायक लोक अभियोजक, जिसे कम से कम 15 वर्ष का विधिज्ञ अनुभव हो ।

(3) समिति के सदस्यों की अवधि साधारणतया दो वर्ष की होगी, जिसे अधिकतम एक वर्ष के लिए और विस्तारित किया जा सकेगा और विधिक सेवा संस्था का सदस्य-सचिव या सचिव, तथापि, समिति का पदेन अध्यक्ष बना रहेगा।

(4) समिति आवेदन की संवीक्षा और मूल्यांकन करेगी तथा आवेदन की प्राप्ति की तारीख से आठ सप्ताह की अवधि के भीतर यह विनिश्चय करेगी क्या आवेदक विधिक सेवाएं पाने का हकदार है या नहीं।

(5) यदि, आवेदक धारा 12 में वर्णित प्रवर्ग के अधीन नहीं आता है, तो उसे स्वेच्छया या किसी अन्य स्कीम के अधीन निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करने वाले किसी अन्य निकाय या व्यक्ति से सहायता प्राप्त करने के लिए परामर्श दिया जाएगा।

(6) विधिक सेवा संस्था ऐसे अभिकरणों, संस्थाओं या व्यक्तियों की सूची रखेगा, जिन्होंने निःशुल्क विधिक सेवाएं देने में अपनी रजामंदी व्यक्त की है।

(7) समिति के विनिश्चय या आदेश द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष को अपील कर सकेगा या कर सकेगी और अपील पर किया गया विनिश्चय या आदेश अंतिम होगा।

8. वकीलों के पैनल के रूप में विधि व्यवसायियों का चयन - (1) प्रत्येक विधिक सेवा संस्था पैनल वकीलों के रूप में विधि व्यवसायियों के नाम पैनलित करने के लिए उनसे आवेदन आमंत्रित करेगा और ऐसे आवेदनों के साथ मामलों के प्रकार के विशेष संदर्भ के साथ वृत्तिक अनुभव का सबूत लगा होगा, जिसे आवेदक-विधि व्यवसायी को मामला सौंपे जाने में अधिमानता दी जा सकेगी।

(2) उपविनियम (1) के अधीन प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा की जाएगी और विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा, यथास्थिति, महान्यायवादी (उच्चतम न्यायालय के लिए), महाधिवक्ता (उच्च न्यायालय के लिए), जिला न्यायवादी या सरकारी अधिवक्ता (जिला और तालुक स्तर के लिए) और अपने-अपने बार संगम के अधयक्षों से परामर्श करके वकीलों के पैनल का चयन किया जाएगा।

(3) ऐसा विधि व्यवसायी, जिसके पास विधिज्ञ का तीन वर्ष से कम का अनुभव है, का नाम साधारणतया पैनलित नहीं किया जाएगा।

(4) वकीलों का पैनल तैयार करने में ऐसे वकीलों की सक्षमता, निष्ठा, योग्यता और अनुभव को धयान में रखा जाएगा।

(5) विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष विभिन्न प्रकार के मामलों जैसे सिविल, दांडिक, संविधानिक विधि, पर्यावरण विधि, श्रमिक विधि, वैवाहिक विवाद आदि के लिए पृथक पैनल रख सकेंगे।

(6) विधिक सेवा संस्था का अध्यक्ष, यथास्थिति, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के परामर्श से पैनल वकीलों में से प्रतिधारक के रूप में किए जाने वाले विधि व्यवसायियों की एक सूची तैयार कर सकेगा।

(7) प्रतिधारक वकीलों का चयन कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा नियत अवधि के लिए चक्रानुक्रम आधार पर या कार्यकारी अधयक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य पद्धति द्वारा किया जाएगा।

(8) प्रतिधारक वकीलों की संख्या निम्नलिखित से अधिक नहीं होगी :-

(क) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति में 20

(ख) उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में 15

(ग) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 10

(घ) तालुक विधिक सेवा समिति में 5 ।

(9) प्रतिधारक वकीलों को निम्नलिखित मानदेय संदेय होगा :-

(क) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति की दशा में 10,000/- रूपए प्रतिमास,

(ख) उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की दशा में 7,500/- रूपए प्रतिमास,

(ग) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की दशा में 5,000/- रूपए प्रतिमास,

(घ) तालुक विधिक सेवा समिति की दशा में 3,000/- रूपए प्रतिमास,

परंतु इस उपविनियम में विनिर्दिष्ट मानदेय विधिक सेवा संस्था द्वारा प्रतिधारक वकीलों को सौंपे गए प्रत्येक मामले में संदेय मानदेय या फीस के अतिरिक्त है।

(10) प्रतिधारक के रूप में पदाविहित पैनल वकील अपना समय केवल विधिक सहायता कार्य के लिए लगाएंगे और विधिक सहायता मामलों से संबंधित के लिए क्रमशः विधिक सेवा संस्था के प्रबंध कार्यालय या परामर्श कार्यालय में सदैव उपलब्ध होंगे।

(11) उपविनियम (2) के अधीन तैयार किया पैनल, तीन वर्ष की अवधि के पश्चात् पुनः गठित किया जाएगा, किंतु किसी पैनल वकील को पहले से ही सौंपे गए मामलों को पैनल के पुनः गठित होने के कारण उससे वापस नहीं लिया जाएगा।

(12) विधिक सेवा संस्था कार्यवाही के किसी भी प्रक्रम के दौरान प्रतिधारक से कोई मामला वापस लेने के लिए स्वतंत्र होगी।

(13) यदि कोई पैनल वकील किसी मामले से हटना चाहता है तो वह सदस्य-सचिव या सचिव को कारणों का उल्लेख करेगा और उसके पश्चात् पैनल वकील को ऐसा करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

(14) इन विनियमों के अधीन जिस व्यक्ति को विधिक सेवा दी जा रही हो, से पैनल वकील किसी भी रीति में कोई फीस, या पारिश्रमिक या मूल्यवान प्रतिफल नहीं मांगेगा या प्राप्त करेगा।

(15) यदि नियुक्त पैनल वकील संतोषजनक ढंग से कार्य नहीं कर रहा है या उसने अधिनियम और इन विनियमों के उद्देश्य और भावना के प्रतिकूल कार्य किया है, तो विधिक सेवा संस्था समुचित कदम उठाएगी, जिसके अंतर्गत ऐसे वकील को मामले से हटाना और उसे पैनल से हटाना भी सम्मिलित है।

9. विधिक सलाह, परामर्श, प्रारूपण और हस्तांतर-लेखन के द्वारा विधिक सेवाएं -

(1) विधिक सेवा संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष विधिक सलाह और अन्य विधिक सेवाएं जैसे प्रारूपण और हस्तांतर लेखन प्रदान करने के लिए वरिष्ठ वकीलों, विधि फर्मों, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों, मध्यस्थों, सुलहकर्ताओं और विधि विश्वविद्यालयों या विधि महाविद्यालयों में विधि प्राध्यापकों का एक पृथक पैनल रखेगा।

(2) विधि सहायता क्लिनिक की सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में और विधि महाविद्यालयों तथा विधि विश्वविद्यालयों के लिए भी प्रयोग में ली जाएगी।

10. मॉनीटरी समिति - (1) प्रत्येक विधिक सेवा संस्था न्यायालय आधारित प्रदत्त विधिक सेवाओं और विधिक सहायता मामलों की प्रगति की निकट से मॉनीटरी के मामलों के लिए एक मॉनीटरिंग समिति की स्थापना करेगी।

(2) यथास्थिति, उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय स्तर पर, मॉनीटरी समिति, निम्नलिखित से मिलकर बनेगी -

(i) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष या उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष,

(ii) विधि सेवा संस्था का सदस्य सचिव या सचिव,

(iii) विधिक सेवा संस्था के प्रमुख आश्रयदाता द्वारा नामनिर्दिष्ट एक ज्येष्ठ अधिवक्ता ।

(3) जिला या तालुक विधिक सेवा संस्था के लिए मॉनीटरी समिति राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा गठित की जाएगी और जिसमें निम्नलिखित होंगे :-

(i) संबंधित जिला में तैनात उच्च न्यायिक सेवा का ज्येष्ठतम सदस्य, इसका अध्यक्ष होगा,

(ii) विधिक सेवा संस्था का सदस्य-सचिव या सचिव,

(iii) स्थानीय विधिज्ञ संगम के अध्यक्ष से परामर्श करके नामनिर्दिष्ट होने वाला विधि व्यवसायी जिसे स्थानीय विधिज्ञ संगम का पंद्रह वर्ष से अधिक का अनुभव हो,

परंतु यह कि यदि कार्यकारी अध्यक्ष का समाधान हो जाता है कि इस उप-विनियम में वर्णित किन्हीं प्रवर्गों का कोई व्यक्ति नहीं है तो वह ऐसे अन्य व्यक्तियों से मॉनीटरी समिति का गठन कर सकेगा, जैसा वह उचित समझे।

11. मॉनीटरी समिति के कृत्य- (1) जब कभी किसी आवेदक को विधिक सेवाएं प्रदत्त की जाती है, तो सदस्य-सचिव या सचिव यथाशीघ्र मॉनीटरी समिति को प्रारूप-2 में ब्यौरे भेजेगा।

(2) विधिक सेवा संस्था विधिक सहायता मामलों की दिन-प्रतिदिन की प्रगति के अभिलेख के रखने के लिये मॉनीटरी समिति को पर्याप्त कर्मचारीवृंद और अवसंरचना उपलब्ध कराएगी।

(3) विधिक सेवा संस्था न्यायालय के पीठासीन अधिकारी से मामलों की प्रगति

सुनिश्चित करने के लिये न्यायालय द्वारा अनुरक्षित रजिस्टरों का अवलोकन करने के लिये निवेदन कर सकेगी।

(4) मॉनीटरी समिति उन मामलों की बाबत, जिनके लिये विधिक सहायता अनुज्ञात की गई है, की दिन-प्रतिदिन की प्रविष्टियों, मामले की प्रगति और अंतिम परिणाम (सफलता या असफलता) का अभिलेख रखने के लिये, विधिक सहायता प्राप्त मामलों के लिये रजिस्टर रखेगी तथा उक्त रजिस्टर की संवीक्षा प्रत्येक मास समिति के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।

(5) मॉनीटरी समिति ऐसे समय के भीतर जो समिति द्वारा अवधारित किया जाए, पैनल के वकीलों से रिपोर्ट मंगाकर न्यायालय की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाहियों पर निगरानी रखेगी।

(6) यदि मामले की प्रगति संतोषप्रद नहीं है तो समिति विधिक सेवा संस्था को समुचित कदम उठाने के लिये सलाह दे सकेगी।

12. मॉनीटरी समिति द्वारा द्वि-मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना-

(1) मॉनीटरी समिति प्रत्येक विधिक सहायता प्राप्त मामले की प्रगति और पैनल वकील या प्रतिधारक वकील के कार्य निष्पादन पर उसका स्वतंत्र मूल्यांकन अंतर्विष्ट करने वाली द्वि-मासिक रिपोर्ट विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगी।

(2) समिति द्वारा रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के पश्चात् विधिक सेवा संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष प्रत्येक मामले में की जाने वाली कार्यवाही विनिश्चित करेगा।

(3) विधिक सेवा संस्था के सदस्य-सचिव या सचिव का यह कर्तव्य होगा कि वह मॉनीटरी समिति की रिपोर्ट विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करे और आदेश प्राप्त करे।

13. वित्तीय सहायता - (1) यदि किसी मामले में, जिसके लिये विधिक सहायता अनुदत्त की गई है, अतिरिक्त व्यय जैसे न्यायालय फीस के संदाय, न्यायालय द्वारा नियुक्त कमीशन को संदेय फीस, साक्षियों या दस्तावेजों के समन के लिये, प्रमाणित प्रतियां आदि प्राप्त करने के लिये व्यय की अपेक्षा है तो विधिक सेवा संस्था पैनल के वकील या मॉनीटरी समिति की सलाह पर अपेक्षित रकम के संवितरण के लिये अति आवश्यक उपाय करेगी।

(2) अपील या पुनरीक्षण के मामले में, विधिक सेवा संस्था निर्णय और मामले के अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करने के लिये व्ययों का वहन कर सकेगी।

14. पैनल के वकीलों को फीस का संदाय – (1) पैनल के वकीलों को राज्य विनियमों के अधीन यथा अनुमोदित, फीस की अनुसूची के अनुसार फीस का संदाय किया जाएगा।

(2) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और अन्य विधिक सेवा संस्था विधिक सहायता के मामलों में पैनल के वकीलों द्वारा दी गई विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिये संदाय किये जाने वाले मानदेय का कालिक रूप से पुनरीक्षण करेंगे।

(3) जैसे ही पैनल के वकील से कार्यवाही के पूर्ण होने की रिपोर्ट प्राप्त होती है, विधिक सेवा संस्था, बिना किसी विलंब के, पैनल के वकील को संदेय फीस और व्ययों का संदाय करेगी।

15. समुचित मामलों में ज्येष्ठ वकीलों की विशेष नियुक्ति– (1) यदि मॉनीटरी समिति या विधिक सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष की यह राय है कि ज्येष्ठ वकील की सेवा, यद्यपि वह वकीलों के अनुमोदित पैनल में सम्मिलित नहीं है, किसी विशिष्ट मामले में प्रदत्त की जानी है, तो विधिक सेवा संस्था ऐसे ज्येष्ठ वकील को नियुक्त कर सकेगी।

(2) राज्य विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, विधिक सेवा संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष या अध्यक्ष ऐसे ज्येष्ठ वकील के लिए मानदेय का विनिश्चय कर सकेगा,

परन्तु ज्येष्ठ वकीलों की विशेष नियुक्ति, केवल व्यापक लोक महत्व के मामलों और अत्यंत गंभीर प्रकृति के, आवेदक के जीवन और स्वतंत्रता पर प्रभाव डालने वाले मामलों में बचाव के लिए ही की जाएगी।

16. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा विधिक सहायता के मामलों का मूल्यांकन – (1) उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति की मानीटरी समिति की द्वि-मासिक रिपोर्टों की प्रतियां केंद्रीय प्राधिकरण को भेजेगी।

(2) उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अपनी मानीटरी समितियों की द्वि-मासिक रिपोर्टों की प्रतियां अपने प्रमुख आश्रयदाता को प्रस्तुत करेगी।

(3) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तालुक विधिक सेवा समिति अपनी मानीटरी समिति की द्वि-मासिक रिपोर्ट की प्रतियां राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजेगी।

(4) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मानीटरी समिति की समेकित अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट को, प्रत्येक विधिक सहायता प्राप्त मामले में सफलता या असफलता दर्शित करते हुए केंद्रीय प्राधिकरण को भेजेगा।

(5) समुचित मामलों में, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष इन विनियमों के प्रभावी और सफल क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा संस्था को पर्यवेक्षित करने, मानीटर करने या सलाह देने के लिए अपने केंद्रीय प्राधिकरण के सदस्यों को नामनिर्देशित और प्राधिकृत कर सकेगा।

यू. शरतचन्दन,
सदस्य-सचिव
(विज्ञापन III/4/123/10/असा)

प्रारूप-1

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
(नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम, 2010
(विनियम-3 देखें)

विधिक सेवा के लिए आवेदन का प्रारूप
(इसे क्षेत्रीय भाषा में तैयार किया जाए)

रजिस्ट्रीकरण संख्या-

1. नाम :
2. स्थायी पता :
3. टेलीफोन संख्या सहित, संपर्क का पता यदि कोई, ई-मेल, आईडी, यदि कोई हो :
4. क्या आवेदक अधिनियम की धारा 12 में वर्णित व्यक्ति के प्रवर्ग की श्रेणी में आता है :
5. आवेदक की मासिक आय :
6. क्या अधिनियम की धारा-12 के अधीन आय/अर्हता के समर्थन में शपथपत्र/सबूत प्रस्तुत किया गया है :
7. विधिक सहायता की प्रकृति या सलाह अपेक्षित है :
8. मामले का संक्षिप्त विवरण, यदि न्यायालय आधारित विधिक सेवाएं अपेक्षित है :

स्थान -

आवेदक के हस्ताक्षर

तारीख -

प्रारूप–2

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

(नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम, 2010

(विनियम–11 देखें)

प्रदत्त विधिक सेवा के बारे में मानीटरी समिति को दी गई सूचना

(i) विधिक सेवा संस्था का नाम :

(ii) विधिक सहायता आवेदन संख्यांक और वह तारीख जिसको विधिक सहायता दी गई :

(iii) विधिक सहायता आवेदक का नाम :

(iv) मामले की प्रकृति (सिविल, दांडिक, संवैधानिक विधि आदि) :

(v) आवेदक को समनुदेशित वकील का नाम और अनुक्रमांक :

(vi) उस उच्च न्यायालय का नाम जिसमें मामला फाइल किया जाना है/प्रतिवाद किया जाना है :

(vii) पैनल के वकील को नियुक्त करने की तारीख :

(viii) क्या अग्रिम के तौर पर कोई धनीय सहायता जैसे न्यायालय फीस, अधिवक्ता कमीशन ीस, प्रतिलिपि शुल्क आदि दी गई है :

(ix) क्या मामले में किसी अंतरिम आदेश या कमीशन की नियुक्ति की अपेक्षा है ? :

(x) अभिलेख प्रस्तुत करने, साक्षियों का समन करने आदि के लिए अनुमानित व्यय :

(xi) न्यायालय में कार्यवाही की समाप्ति के लिए अपेक्षित व्यय :

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता क्लिनिक) विनियम, 2011

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
अधिसूचना
नई दिल्ली, दिनांक 10 अगस्त, 2011
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
(विधिक सहायता क्लिनिक) विनियम, 2011

फा.सं.एल./08/11/नालसा–केंद्रीय प्राधिकरण, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और उक्त अधि नियम की धारा 4 के उपबंधों के अनुसरण में निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता क्लिनिक) विनियम, 2011 है।

2. ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं - (1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) ''अधिनियम'' से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का 39) अभिप्रेत है,

(ख) ''जिला अविस केंद्र'' से तेरहवें वित्त आयोग की निधि से स्थापित जिला अनुकल्पित विवाद समाधान केंद्र अभिप्रेत है और जिसके अंतर्गत ऐसी अन्य समान सुविधाएं जैसे जिला स्तर पर न्याय सेवा सदन भी है,

(ग) ''विधिक सहायता क्लिनिक'' से परिक्षेत्र में लोगों को आधारीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह पराविधिक स्वयंसेवक या वकीलों की सहायता से ग्रामीणों को आधारीय विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित सुविधाएं अभिप्रेत है और जिसके अंतर्गत विधि महाविद्यालयों और विधि विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाने वाले विधिक सहायता क्लिनिक भी हैं,

(घ) ''विधिक सेवा संस्था'' से यथास्थिति, कोई राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुक विधिक सेवा समिति अभिप्रेत है।

(ड.) ''पैनल वकील'' से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम विधि सेवाएं) विनियम, 2010 के विनियम 8 के अधीन चयनित पैनल वकील अभिप्रेत है,

(च) ''पराविधिक स्वयंसेवक'' से किसी विधिक सेवा संस्था द्वारा प्रशिक्षित कोई पराविधिक स्वयंसेवक अभिप्रेत है,

(छ) ''पक्षीय वकील'' से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नि:शुल्क और सक्षम विधि सेवाएं) विनियम, 2010 के विनियम 8 के अधीन चयनित पक्षीय वकील अभिप्रेत है,

(ज) ''धारा'' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है।

(2) सभी अन्य शब्दों और पदों के जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं, और परिभाषित नहीं है, किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वहीं अर्थ होंगे जो उक्त अधिनियम में हैं।

3. विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना – वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सभी ग्रामों में या ऐसे ग्रामों के आकार पर आधारित, विशेषतया जहां लोग विधिक सेवा संस्थानों तक पहुंच के लिए भौगोलिक, सामाजिक या अन्य अवरोध कर सामना करते हैं, अन्य ग्रामों के किसी समूहों के लिए विधिक सहायता क्लिनिकों की स्थापना करेगा।

4. विधिक सहायता क्लिनिकों में नि:शुल्क विधिक सेवाओं के लिए पात्रता मानदंड – प्रत्येक व्यक्ति जो धारा 12 में विनिर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता है, विधिक सहायता क्लिनिकों से नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त करने का पात्र होगा।

5. विधिक सहायता क्लिनिक का प्रबंध कार्मिक – (1) विनियम 3 के अधीन स्थापित प्रत्येक विधिक सहायता क्लिनिक में विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्य समय के दौरान कम से कम दो पराविधिक स्वयंसेवक उपलब्ध रहेंगे।

(2) क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले विधिक सेवा संस्थान या जिला विधिक सेवा प्राधि करण, विधिक सहायता क्लिनिकों में प्रशिक्षित पराविधिक स्वयंसेवकों को तैयार कर सकेंगे।

(3) जब विधिक सहायता क्लिनिकों में वकीलों को तैनात किया जाता है, ऐसे क्लिनिकों में लगे हुए पराविधिक स्वयंसेवकों का यह कर्तव्य होगा कि वह वकीलों को अर्जी, आवेदन, अभिवचन और अन्य विधिक दस्तावेजों के प्रारूपण में सहायता करें।

(4) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पराविधिक स्वयंसेवकों को उनके लंबी अवधि के

भविष्य के उत्थान के लिए विधि में डिप्लोमा या डिग्री के लिए प्रोत्साहित कर सकेगा।

6. विधिक सहायता क्लिनिक में वकीलों की तैनाती - (1) क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाला निकटतम विधिक सेवा संस्थान, विधिक सेवा क्लिनिक में अपने पैनल वकीलों या पक्षीय वकीलों को तैनात कर सकेगा।

(2) यदि मामले को किसी ऐसे वकील को सौंपा जाता है, जिसमें लंबी अवधि के दौरान उसके अनुर्तन और निरंतर धयान देने की अपेक्षा है तो उसी वकील को जिसे मामला सौंपा गया था, विधिक सेवाएं जारी करने के लिए न्यस्त किया जाएगा।

7. विधिक सहायता क्लिनिक में वकीलों द्वारा मिलने की आवृत्ति - स्थानीय अपेक्षाओं और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली विधि सेवा संस्था विधिक सहायता क्लिनिकों में वकीलों के मिलने की आवृत्ति विनिश्चत कर सकेगा और यदि निरंतर विधिक सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए स्थितियों की मांग है तो ऐसी विधिक सेवा संस्था विधिक सहायता क्लिनिकों में वकीलों के बारंबार मिलने की व्यवस्था पर विचार कर सकेंगें।

8. विधिक सहायता क्लिनिकों के प्रबंध के लिए वकीलों का चयन -(1) विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के कौशल वाले पैनल वकील या पक्षीय वकील विधिक सहायता क्लिनिक में तैनाती के लिए विचार किए जाएंगे।

परंतु कम से कम तीन वर्ष से व्यवसाय करने वाली महिला वकीलों को वरीयता दी जाएगी।

9. विधिक सहायता क्लिनिक में विधिक सेवाएं - (1) विधिक सहायता क्लिनिकों में दी जाने वाली विधिक सेवाएं विस्तृत प्रकृति की होंगी।

(2) विधिक सहायता क्लिनिक असुविधाग्रस्त व्यक्तियों की सहायता हेतु जब कभी आवश्यक हो, उनकी विधिक समस्याओं का समाधान करने के लिए, एकल खिड़की प्रसुविधा के समान कार्य करेंगी।

(3) विधिक सलाह के साथ-साथ अन्य सेवाएं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी (मनरेगा) स्कीम के अधीन रोजगार कार्ड, विभिन्न सरकारी प्रयोजनों के लिए परिचय पत्र के लिए आवेदन करना जैसी अन्य सेवाएं, सरकारी कार्यालयों और लोक प्राधिकारियों के साथ संपर्क करना, सामान्य व्यक्तियों की सहायता करना जो सरकारी पदधारियों, प्राधिकारियों और अन्य संस्थानों के साथ अपनी समस्याओं के समाधान के लिए क्लिनिक में आते हैं, विधिक सहायता क्लिनिक में विधिक सेवाओं का भी भाग होगा:

परन्तु विधिक सहायता क्लिनिक किसी समस्या पर आरंभिक सलाह द्वारा सलाह देकर, अभ्यावेदन और नोटिसों प्रारूपण में सहायता, विभिन्न सरकारी योजनाओं, लोक वितरण प्रणाली और अन्य सामाजिक सुरक्षा स्कीमों के अधीन उपलब्ध विभिन्न अभिलाभों के लिए प्ररूप भरने में सहायता प्रदान करेंगे :

परन्तु यह और कि समुचित मामलों में विधिक सहायता क्लिनिक में आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राप्त करने के लिए और कार्यवाही करने के लिए विधिक सेवा संस्थाओं को प्रतिनिर्देश किया जाएगा।

10. विधिक सहायता क्लिनिकों में पराविधिक स्वयंसेवकों के कृत्य- (1) विधिक सहायता क्लिनिकों में लगे हुए पराविधिक स्वयंसेवकों विधिक सलाह चाहने वाले व्यक्तियों को आरंभिक सलाह ऐसे व्यक्तियों को जो विशेषतया निरक्षर हैं अर्जी, अभ्यावेदन या सूचनाओं के प्रारूपण में, सरकारी स्कीम के अधीन उपलब्ध विभिन्न लाभों के लिए आवेदन प्रारूपों को भरने में सहायता देंगे।

(2) पराविधिक स्वयंसेवक, यदि आवश्यक हो, विधिक सहायता चाहने वाले व्यक्तियों के साथ सरकारी कार्यालयों में पदधारियों के साथ संपर्क करने के लिए और ऐसे व्यक्तियों की समस्याओं को हल करने के लिए जाएंगे।

(3) यदि विधिक सहायता क्लिनिक पर किसी वकील की सेवाओं की आवश्यता है तो पराविधिक स्वयंसेवक बिना किसी विलंब के निकटतम विधिक सेवा संस्थान से किसी वकील की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संपर्क करेंगे।

(4) आपात दशा में पराविधिक स्वयंसेवक विधिक सेवा क्लिनिक में विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्ति को निकटतम विधिक सेवा संस्था ले जाएंगे।

(5) पराविधिक स्वयंसेवक विधिक सहायता क्लिनिकों में विधिक सेवा चाहने वाले व्यक्तियों को विधिक शिक्षा और साक्षरता की सहायता में पुस्तिका और अन्य सामग्री वितरित करेंगे।

(6) पराविधिक स्वयंसेवक विधिक सहायता क्लिनिकों के स्थानीय क्षेत्र में विधिक सेवा संस्थानों द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता कैंपों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

11. विधिक सहायता क्लिनिक की अवस्थिति - (1) विधिक सहायता क्लिनिक ऐसे स्थानों पर अवस्थित होंगे जहां परिक्षेत्र के व्यक्ति सहजता से पहुंच सकें।

(2) विधिक सेवा संस्था स्थानीय निकाय संस्थाओं जैसे ग्राम पंचायत से अनुरोध कर सकेंगे कि वह विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना के लिए कोई कक्ष उपलब्ध कराएं :

परन्तु यदि ऐसा कोई कक्ष उपलब्ध नहीं होता है, तब तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना के लिए अनुकल्पित अवस्थान उपलब्ध होने तक किराए पर कक्ष उपलब्ध कराएगा।

12. विधिक सहायता क्लिनिक के लिए सुविधाजनक कक्ष प्राप्त करने में स्थानीय निकाय संस्थाओं की सहायता :- (1) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ग्राम पंचायत, मंडल या ब्लाक पंचायत, नगरपालिका और निगम आदि जैसी स्थानीय निकाय संस्थाओं से अपेक्षा करेगा कि वे विधिक सहायता क्लिनिक के कार्यकरण के लिए स्थान उपलब्ध कराए।

(2) चूंकि विधिक सहायता क्लिनिक परिक्षेत्र में लोगों की प्रसुविधा के लिए होता है, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण इस आवश्यकता पर जोर दे सकेगा कि स्थानीय निकाय संस्था और प्रशासक विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण में सहयोग करें।

13. विधिक सहायता क्लिनिक के नाम को प्रदर्शित करने वाला साईन बोर्ड :- (1) अंग्रेजी और स्थानीय भाषा दोनों में, एक साईन बोर्ड होगा, जिसमें विधिक सहायता क्लिनिक के नाम, कार्य घंटे और दिनों, जिनको विधिक सहायता क्लिनिक खुला रहेगा, उल्लेख होगा।

(2) विधिक सहायता क्लिनिक के कार्य, घंटे राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली विधिक सेवा संस्था द्वारा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के परामर्श से विनियमित किए जाएंगे।

परन्तु परिक्षेत्र में लोगों की स्थानीय शर्तों और अपेक्षाओं के अधीन रहते हुए, विधिक सहायता क्लिनिक सभी रविवारों और अवकाश के दिनों को कार्य करेंगे।

14. विधिक सहायता क्लिनिक में अवसंरचना - (1) प्रत्येक सहायता क्लिनिक में कम से कम मूलभूत और आवश्यक फर्नीचर जैसे एक पेज और 5 से 6 कुर्सियां होंगी।

(2) यदि विधिक सहायता क्लिनिक की स्थापना किसी स्थानीय निकाय संस्थाओं के भवन में की जाती है तो ऐसे स्थानीय निकायों से अनुरोध किया जाएगा कि वे विधिक सहायता क्लिनिक में उपयोग के लिए आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराएं।

(3) यदि विधिक सहायता क्लिनिक किसी किराए पर लिए गए परिसर में स्थापित किया जाता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सहायता क्लिनिक में अपेक्षित फर्नीचर उपलब्ध करा सकेगा :

परन्तु यदि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास विधिक सहायता क्लिनिक स्थापित करने के लिए अपना भवन है तो अवसंरचनात्मक सुविधाएं ऐसे प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

15. प्रचार :- (1) स्थानीय निकाय संस्थाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे विधिक सहायता क्लिनिक का पर्याप्त प्रचार करें।

(2) स्थानीय निकाय संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाए कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र या वार्ड में लोगों तक विधिक सहायता क्लिनिक की उपयोगिता के संदेश का प्रसार करें।

16. विधिक सहायता क्लिनिक में पराविधिक स्वयंसेवी या वकील विवादों को सौहार्दपूर्ण रूप से सुलझाने का प्रयास करेंगे :- (1) विधिक सहायता क्लिनिक में लगे हुए पराविधिक स्वयंसेवी या वकील विधिक सहायता क्लिनिकों में लाए गए व्यक्तियों के पूर्व मुकदमा विवादों का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

(2) यदि पराविधिक स्वयंसेवी या वकील यह महसूस करते हैं कि ऐसा विवाद अनुकल्पित विवाद समाधान तंत्रों के माधयम से सुलझाया जा सकता है तो वे ऐसे विवादों को राज्यक्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली विधिक सेवा संस्था या जिला अनुकल्पित विवाद समाधान केंद्र को निर्दिष्ट कर सकेंगे।

17. विधिक सहायता क्लिनिकों में सेवाएं प्रदान करने वाले वकीलों और पराविधिक स्वयंसेवियों के मानदेय :-

(1) उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के अधीन रहते हुए, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के परामर्श से विधिक सहायता क्लिनिक में लगे हुए वकीलों और पराविधिक स्वयंसेवियों का मानदेय नियत कर सकेगा :

परन्तु ऐसा मानदेय वकीलों के लिए कम से कम 500/- रूपए प्रतिदिन और पराविधिक स्वयंसेवियों के लिए 250/- रूपए प्रतिदिन होगा।

(2) उन मामलों में जहां विधिक सहायता क्लिनिक उन कठिन भू-भागों में और सुदूर स्थानों में जहां परिवहन सुविधाएं अपर्याप्त हैं, स्थित हैं, वहां विशेष महत्व दिया जाएगा।

18. निकटतम विधिक सेवा संस्थानों द्वारा विधिक सहायता क्लिनिकों में या अपने परिसरों के निकट लोक अदालतें आयोजित करना :- (1) राज्यक्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली निकटतम विधिक सेवा संस्था या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सहायता क्लिनिक में या उसके आसपास के क्षेत्र में पूर्व मुकदमा विवादों के लिए अदालतें आयोजित कर सकेगा।

(2) विधिक सहायता क्लिनिक से भेजे गए विवादों के पूर्व मुकदमा निपटारे के लिए आयोजित लोक अदालतें धारा 20 की उपधारा (2) में विहित प्रक्रिया और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के उपबंधों का भी अनुसरण करेंगे।

19. विधिक सहायता क्लिनिक का प्रशासनिक नियंत्रण - (1) विधिक सहायता क्लिनिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीधे प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होंगे।

(2) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण के संबंध में निदेश या मार्गदर्शी सि)ांत जारी करने की शक्ति प्राप्त होगी।

20. अभिलेखों और रजिस्टरों का रखरखाव - (1) विधिक सहायता क्लिनिक में सेवा प्रदान करने वाले वकील और पराविधिक स्वयंसेवी विधिक सहायता क्लिनिक में रखे गए रजिस्टर में अपनी उपस्थिति अभिलिखित करेंगे।

(2) विधिक सेवाओं की मांग करने वाले व्यक्तियों के नाम और पते, ऐसे वकील या पराविधिक स्वयंसेवी का नाम जो विधिक सहायता क्लिनिक सेवाएं प्रदान करता है, प्रदान की गई सेवा की प्रकृति वकील या पराविधिक स्वयंसेवी की टिप्पणियां और विधिक सेवाओं की मांग करने वाले हस्ताक्षर को अभिलिखित करने के लिए प्रत्येक विधिक सहायता क्लिनिक में एक रजिस्टर होगा।

(3) विधिक सहायता क्लिनिकों के अभिलेख विधिक सहायता सेवा के अध्यक्ष या सचिव के अधीन होंगे, जिनकी उसके ऊपर राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता है।

(4) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सहायता क्लिनिक से अपेक्षा कर सकेगा कि वह ऐसे अन्य रजिस्टर, जिनकी अपेक्षा की जाए, भी रखें।

(5) विधिक सहायता क्लिनिक में पराविधिक स्वयंसेवियों और वकीलों का यह कर्तव्य होगा कि वे जब कभी अपेक्षा की जाए राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली विधिक सेवा संस्था को रजिस्टर सौंपे।

21. चल लोक अदालत यान का उपयोग - (1) विधिक सहायता क्लिनिक में विधिक सेवा प्रदान करने वाले वकील या पराविधिक स्वयंसेवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अनुरोध कर सकेंगे कि वे उनके द्वारा पहचान किए गए विवादों के निपटारे के लिए विधिक सहायता क्लिनिक लोक अदालत न्यायपीठ के सदस्यों सहित चल लोक अदालत वेन भेजें। लोक अदालत की प्रक्रियाओं को आयोजित करने हेतु सुविधाओं से युक्त मोबाईल लोक अदालत वेन का प्रयोग विधिक सहायता क्लिनिक या उसके पास या गांवों में मेला एवं अन्य त्यौहारिक अवसरों पर लोक अदालत आयोजित करने हेतु प्रयोग की जा सकती है।

22. विधि छात्रों द्वारा लीगल एण्ड क्लीनिक (विधिक सहायता क्लीनिक) का संचालन :-

उपरोक्त विनियम विधि महाविद्यालयों और विधि विश्व विद्यालयों द्वारा स्थापित लीगल एण्ड क्लीनिक्स के छात्रों को यथाआवश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

परन्तु यह कि उपरोक्त विनियम अंतर्गत स्थापित लीगल एड क्लीनिक विधि महाविद्यालयों और विधि विश्वविद्यालयों के छात्रों द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अनुज्ञा से उपयोग किया जा सकता है।

23. विधिक सहायता शिविरों हेतु विधि के छात्र किसी ग्राम को चुन/अपना सकते हैं :-

(1) विधि महाविद्यालयों या विधि विश्वविद्यालयों के विधि छात्रगण एक ग्राम को एडाप्ट कर सकते हैं, विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में और उपरोक्त विनियम के अंतर्गत स्थापित विधिक सहायता क्लीनिक के सहयोग से विधिक सहायता शिविरों का आयोजन कर सकते हैं ।

(2) विधि छात्र, पैरालीगल वालेन्टियर जो लीगल एड क्लीनिक से सम्बद्ध है, के सहयोग से स्थानीय लोगों की विधिक समस्याओं को चिन्हित करने हेतु सर्वे आयोजित कर सकते हैं।

(3) उपविनियम 2 में संदर्भित सर्वे में ऐसी सूचनाएं संकलित की जा सकती है, जो वर्तमान वादों से संबंधित है और न्यायालय में वाद दायर करने के पूर्व के असंकल्पित विवादों से भी संबंधित है।

(4) उपविनियम 2 में संदर्भित सर्वे द्वारा स्थानीय लोगों की समस्याओं पर ध्यान डाला जा सकता है जिसके द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की धारा 4 (डी) द्वारा प्रदत्त सामाजिक न्याय याचिकाओं के माधयम से आवश्यक कदम उठाने में सक्षम होगा।

(5) ऐसे सर्वेक्षण आयोजित करने वाले विधिक छात्र अपने प्रतिवेदन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करेंगे और प्रतियां क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाली संस्था को साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी प्रेषित करेंगे।

24. विधि महाविद्यालयों, विधि विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं से संबद्ध विधिक सहायता क्लीनिक्स -

(1) विधि महाविद्यालय, विधि विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाएं लीगल एड क्लीनिक की स्थापना क्लीनिकल विधिक शिक्षा के भाग के रूप में धारा 4 के खण्ड (के) में परिकल्पित अनुसार स्थापित कर सकते हैं ।

(2) ऐसी विधिक सहायता क्लीनिक को स्थापित करने वाले विधि महाविद्यालय, विधि विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाएं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को ऐसी स्थापना के संबंध में सूचित करेंगे।

(3) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जैसी विधिक सहायता क्लीनिक के संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और ऐसी विधिक सहायता क्लीनिक के कार्यकलापों को आगे बढ़ने हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे।

(4) अंतिम वर्ष की कक्षाओं के छात्र अपनी संस्था के संकाय सदस्य के पर्यवेक्षण के अधीन ऐसे विधिक सहायता क्लिनिकों में विधिक सहायता प्रदान कर सकेंगे।

(5) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उन लोगों की जो ऐसे विधिक सहायता क्लिनिकों में विधिक सहायता की मांग करते हैं, जिनकी समस्या का समाधान करने के लिए अनुकल्पित विवाद समाधान शिविर जिनके अंतर्गत लोक अदालतें भी हैं, आयोजित कर सकेंगी।

(6) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे छात्रों को प्रमाण पत्र जारी कर सकेगा, जो ऐसे विधिक सहायता क्लिनिकों में अपने समनुदेषन को पूरा करते हैं।

25. विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित पराविधिक स्वयंसेवियों की सेवाएं विधि महाविद्यालयों, विधि विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित विधिक सहायता क्लिनिकों में उपलब्ध कराई जाएं - प्रशिक्षित पराविधिक स्वयंसेवी नि:शुल्क विधिक सेवाओं की मांग करने वाले व्यक्तियों की सहायता करने वाले और संकाय के सदस्यों और छात्रों के साथ अन्योनक्रिया करने के लिए नियम 24 के अधीन स्थापित विधिक सहायता क्लिनिकों में तैनात किए जाएं।

26. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण के आवधिक पुनर्विलोकन संचालित करना - (1) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, विधि महाविद्यालयों, विधि विश्वविद्यालयों, से उनकी अधिकारिता में कार्यरत विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण पर मासिक रिपोर्ट एकत्रित करेगा।

(2) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तीन मास में कम से कम एक बार या अधिक बारंबार ऐसे विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण का आवधिक पुनर्विलोकन संचालित करेगा ।

(3) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सहायता क्लिनिकों में सेवाओं का सुधार करने के लिए समय-समय पर यह सुनिश्चित करने के लिए निदेश जारी कर सकेगा कि समाज के कमजोर वर्गों के सदस्यों को दक्ष रीति में विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है।

(4) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी अधिकारिता के भीतर विधिक सहायता क्लिनिकों के कार्यकरण के बारे में त्रिमासिक रिपोर्ट राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजेगा।

यू. शरतचंदन,
सदस्य सचिव

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2016

वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं : राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक नीति, 2011 के अनुसार, भारत की जनसंख्या के लगभग 8 प्रतिशत लोग, जो संख्या में लगभग 104 मिलियन हैं, 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं। यह विश्व के वरिष्ठ नागरिकों की कुल जनसंख्या का 1/8वां हिस्सा है। वे असंख्य सामाजिक, शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं। संयुक्त परिवार व्यवस्था के विघटन के कारण यह समस्या और अधिक गंभीर हो गई है। समाज के कमाने वाले सदस्यों के प्रवास कर जाने के साथ ही बुजुर्ग लोग अपने खुद के भरोसे रहे जाते हैं। बुजुर्गों के सतत उत्पीड़न, अर्थात् परिवार के सदस्यों और समाज के सदस्यों द्वारा शारीरिक, भावनात्मक अथवा मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंचाने, का भी प्रमाण मौजूद है।

योजना के उद्देश्य : मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर विधिक सहायता, सलाह, परामर्श को सुदृढ़ करना, उन्हें विभिन्न विधिक प्रावधानों के लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाना, उनके लिए सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों तक पहुँच सुनिश्चित करना और पुलिस, स्वास्थ्य देखभाल प्राधिकरणों एवं जिला प्रशासन आदि के साथ सहयोग करके तुरंत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं एवं शारीरिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपाय करने के लिए तरीके खोजना है।?

कार्य योजना : इस योजना में विधिक सेवा क्लिनिकों और पैरा लीगल वॉलंटियरों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों तक पहुँच बनाने की परिकल्पना की गई है जो समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों एवं पुलिस, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य देखभाल कार्मिक एवं अन्य प्राधिकरणों के साथ-साथ विधिक सेवा संस्थाओं के बीच इंटरफेस के रूप में कार्य करेंगे। विधिक सेवा संस्थाएं वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकारों की सभी मौजूदा योजनाओं, नीतियों आदि का एक डाटाबेस बनाएंगी और उस जानकारी का बुकलेटों, पैम्फलेटों, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये प्रसार करेंगे। वे वृद्धाश्रमों का भी दौरा करेंगे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करेंगे। वे वरिष्ठ नागरिकों के स्वयं सहायता समूहों की स्थापना को बढ़ावा देंगे और सुसाध्य बनाएंगे ताकि वरिष्ठ नागरिकों को सामुदायिक समर्थन मिल सके और उनकी दूसरों पर निर्भरता कम हो सके।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2016

एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं : एसिड हमले हिंसा का सर्वाधिक घातक स्वरूप है और ये अधिकांशत: महिलाओं के ऊपर होते हैं। ये हमले प्राय: विवाह के प्रस्ताव अथवा यौन प्रस्तावों से इन्कार करने के परिणामस्वरूप होते हैं। दहेज, सम्पत्ति, जमीन और उत्तराधिकार से जुड़े विवादों के परिणामस्वरूप भी एसिड हमले किए जा सकते हैं। समस्या के स्वरूप और इसकी बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, हाल ही में विभिन्न कानूनी एवं न्यायिक पहले की गई है। इनमें कठोर दंड, एसिड की बिक्री पर कोर्ट के आदेश पर प्रतिबंध और ऐसे हमलों के पीड़ितों को राज्य पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत न्यूनतम क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित करने हेतु प्रावधान करने के लिए भारतीय दंड संहिता में धारा 326ए और 326बी जोड़ा जाना शामिल है।

योजना के उद्देश्य : इस योजना के मुख्य उद्देश्य है एसिड हमले के पीड़ितों की पात्रताओं के बारे में जागरूकता पैदा करना और प्रसार करना तथा विभिन्न विधिक प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के तहत चिकित्सा सुविधाओं, पुनर्वास सेवाओं, पर्याप्त क्षतिपूर्ति एवं अन्य लाभों को प्राप्त करने में उन्हें सहायता प्रदान करना।

कार्य योजना : जले हुए के उपचार की सुविधा वाले अस्पतालों में विधिक सेवा क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे। ये क्लिनिक पीड़ितों और उनके संबंधियों के साथ उन्हें उचित चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सर्वसंभव मदद सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से संपर्क करते रहेंगे। पीड़ितों एवं उनके परिवार के सदस्यों को परामर्श, पुनर्वास सेवाएं और सक्रिय समर्थन एवं सहायता की व्यवस्था पैरा लीगल वॉलंटियर करेंगे। विधिक सेवा संस्थाएं पीड़ितों को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत प्रदान की जाने वाली तत्काल एवं पर्याप्त क्षतिपूर्ति के लिए व्यवस्था करेगी। पीड़ितों को उनके आपराधिक मामलों पर कार्रवाई के लिए नि:शुल्क विधिक प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ट्रायल के दौरान उनके साथ उचित और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ित) योजना, 2015

तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं : व्यावसायिक यौन शोषण के लिए महिलाओं और बच्चों की तस्करी करना एक संगठित अपराध है और हथियारों तथा नशीले पदार्थों के बाद सर्वाधिक लाभप्रद व्यापार या व्यवसाय माना जाता है। अधिकांशतः मासूम महिलाएं और बच्चे, यहां तक कि नौ साल तक के, उनके परिचितों द्वारा, जिनमें उनके परिवार भी शामिल है, इस धंधे में धकेल दिए जाते हैं। एक बार इस व्यापार में आ जाने के बाद, पीड़ित के पास बचने का कोई रास्ता नहीं होता और उसे हिंसा, दुरूपयोग और शोषण के माहौल में जीना पड़ता है।

उद्देश्य : इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य तस्करी और यौन शोषण के विरूद्ध विधिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना अपनी व्यापक परिधि में बच्चों, किशोरियों और हर उम्र की महिलाओं को शामिल करती है। इस योजना की मंशा तस्करी के पीड़ितों और स्वैच्छिक यौन-कर्मियों की मुक्ति एवं पुनर्वास सुनिश्चित करते हुए इन व्यक्तियों को यौन शोषण से बचाने के लिए एक कार्य योजना बनाना है।

कार्य योजना : यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार के सभी कानूनों, नीतियों और योजनाओं के लाभ शोषित व्यक्तियों तक पहुँचे और बुनियादी स्तर पर रोकथाम और पुनर्वास के प्रभावी उपाय किए जाएं, राज्य सरकार/गैर-सरकारी एजेंसियों और संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना। विधिक सेवा प्राधिकरण असहाय समूहों को, अपने हकों की मांग करने और प्राप्त करने के मद्देनजर, उन्हें जागरूक बनाएंगे। प्राधिकरण सभी पणधारियों, जिनमें कानून लागू करने और उन्हें न्याय देने वाला तंत्र शामिल हैं, के क्षमता-निर्माण हेतु कार्य करेंगे ताकि तस्करी और यौन-शोषण की पीड़ित महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढग से कार्रवाई की जा सके।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (असंगठित क्षेत्र के कामगारों को विधिक सेवाएं) योजना, 2015

असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए विधिक सेवाएं : भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण (2007 -08) और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (2009-2010) के अनुसार, असंगठित क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक उत्पादन करता है और भारत के कार्यबल का लगभग 95 प्रतिशत रोजगार प्रदान करता है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय करने के लिए असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 पारित किया गया था। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की संशोधित असंगठित क्षेत्र के कामगारों को विधिक सेवा योजना, 2015 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों, जिला विधिक सेवा प्राधि करणों और तालुका विधिक सेवा समितियों को यह दायित्व सौंपती है कि वे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को कानून के तहत उनके अधिकारों के बारे में जागरूक बनाएं और इस अधिनियम के तहत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत और राज्य सरकारों द्वारा बनाई गई योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने में उनकी सहायता करें।

उद्देश्य और कार्य योजना : इस योजना का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के कामगारों को उनके लाभार्थ बनाए गए कानूनों और योजनाओं के अंतर्गत उनके हकों को प्राप्त करने में सक्षम बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु, इस योजना में असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए अनिवार्य विधिक सेवाओं को एक विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना करके संस्थागत बनाना है। यह विशेष प्रकोष्ठ असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच मौजूदा कानूनों एवं योजनाओं के तहत उनकी पात्रताओं के बारे में जानकारी देगा और कामगारों को कल्याण कानूनों के अंतर्गत पंजीकरण करवाने तथा उनके लाभार्थ बनाई गई योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता करेगा। यह योजना असंगठित क्षेत्र में नियोजित वंचित एवं असहाय कामगारों के लिए न्याय को सुलभ बनाएगी।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (बच्चों के लिए बाल–सुलभ विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण) योजना, 2015

बच्चों के लिए विधिक सेवाएं : भारत की जनसंख्या का लगभग 46 प्रतिशत बच्चे हैं। नाजुक उम्र और जीवन के फेरो से अनुभवहीन होने के कारण वे सर्वाधिक चपेट में आने वाले समूह हैं। इस कारण से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 में बच्चों को नि:शुल्क विधिक सेवाओं के पात्र व्यक्तियों के रूप में सूचीबद्ध किया है। बच्चों के साथ, यहां तक कि उनके मामले में कानून के साथ विवाद की स्थिति होने पर भी, अलग प्रकार का व्यवहार किया जाना होता है। बाल विवाह, बाल श्रम और उनके विरूद्ध अन्य अत्याचार जैसी सामाजिक सामाजिक बुराइयां अब भी मौजूद हैं। जब तक कि न्याय प्रदाताओं तक बच्चों की पहुँच नहीं हो जाती, बच्चों की न्याय संबंधी जरूरतें उपेक्षित और अधूरी रहेगी।

उद्देश्य : बच्चों के लिए बाल–सुलभ विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण योजना, 2015 के माध्यम से, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों की न्याय तक पहुँच में सुधार करने का लक्ष्य बनाया है। इस योजना का मुख्य प्रयोजन बच्चों के पक्ष में मौजूद कानूनों और नीतियों के उचित कार्यान्वयन को सुसाध्य बनाना और कानूनों के साथ विवाद की स्थिति में आने वाले और देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों को प्रभावी विधिक सहायता सुनिश्चित करना है।

कार्य योजना : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस योजना के कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार बनाया गया है।

बाल सुलभ न्याय को सुनिश्चित करने के लिए उनके संरक्षण हेतु अधिनियमित कानून के तहत बच्चों के संपर्क में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं को विधिक प्रशिक्षण और प्रबोधन प्रदान किया जाना है। सभी किशोर न्याय बोर्डों और बाल कल्याण समितियों में विधिक सेवा क्लिनिक स्थापित किए जाने हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा प्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध वकीलों का अलग से एक पैनल बनाना है। सभी स्कूलों में विधिक सेवा क्लब स्थापित किए जाने हैं। अंत में, इस योजना के तहत, बच्चों के अधिकारों के संबंध में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं निःशक्त व्यक्ति) योजना, 2015

उद्देश्य : इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों को कलंकित न समझा जाए और वे कानून द्वारा उनकी पात्रता और आश्वस्ति के सभी अधिकारों को प्राप्त करने में सक्षम हो। जहां तक मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों का संबंध है, उन्हें नि:शक्तजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (पीडब्ल्यूडी एक्ट) की धारा 2 के तहत नि:शक्तजन के रूप में माना जाएगा। इस योजना के तहत, विधिक सेवा प्राधिकरणों से यह अपेक्षा की जाती है कि मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति भी इस अधिनियम के तहत लाभों को प्राप्त करें और ऐसा करने के लिए यथाअपेक्षित उपचारी कार्रवाई की जाए।

विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका : इस योजना के तहत, विधिक सेवा प्राधिकरणों को मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों द्वारा पूर्ण और समान मानवाधिकारों और मूलभूत स्वतंत्रताओं का संवर्धन, संरक्षण और सुनिश्चय करना होगा। विधिक सेवा प्राधिकरण मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों के अंतर्निहित प्रतिष्ठा, स्वतंत्रता सहित व्यक्तिगत स्वायत्तता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देंगे। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को सुविधा-केंद्र के भीतर ही उनके अधिकारों के प्रवर्तन संबंधी सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरणों को मानसिक स्वास्थ्य सुविधा-केंद्रों और मनश्चिकित्सा गृहों में विधिक सेवा क्लिनिक खोलने की जरूरत है। विधिक सेवा क्लिनिकों को भर्ती होकर उपचार करा रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के साथ बात करनी होगी ताकि वे यह समझ सकें कि कोई संपत्ति और भरण-पोषण संबंधी मुद्दे तो नहीं हैं और उचित राहत के लिए कोर्ट में जा सकें। विधिक सेवा प्राधिकरणों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे यह सुनिश्चित करने के राज्य अथवा जिले में मानसिक स्वास्थ्य सुविधा-केंद्रों का निरीक्षण करें कि भर्ती लोगों के लिए रहने की दशाएं सुरक्षित और रहने योग्य हों और कोई भी इलाज करा चुका मरीज सुविधा-केंद्र में रहे।

कार्य योजना : इस योजना के तहत, विधिक सेवा प्राधिकरण मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं मानसिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों से संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई करने हेतु गैर-सरकारी संगठनों और अन्य स्वयंसेवी सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। वे चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों, वकीलों और न्यायिक अधिकारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय करके संवेदीकरण कार्यक्रम तैयार करें। रोगियों और चिकित्सकों के साथ सतत रूप से बात करते रहने के लिए सभी मानसिक स्वास्थ्य सुविधा -केंद्रों में विधिक सेवा क्लिनिक स्थापित किए जाएंगे ताकि रोगी सम्मान के साथ ठहर सकें और उपचार करा सकें तथा आवश्यकता होने पर वे कोर्ट में उपस्थित हो सकें।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की योजनाएँ) योजना, 2015

पृष्ठभूमि : गरीबी एक बहु-आयामी अनुभव है जिसमें स्वास्थ्य, आवास, पोषण, रोजगार, मातृत्व देखभाल, बाल मृत्यु, जल, शिक्षा, सफाई और बुनियादी सेवाओं तक पहुँच शामिल हैं। सामाजिक बहिष्कार और भेदभाव के मुद्दे भी हैं। धन के मामले में आय इसके लिए एकमात्र जिम्मेदार कारक नहीं है। विभिन्न असहाय और वंचित वर्ग असंख्य और निराले तरीकों के गरीबी के अनुभवों से गुजरते हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए विभिन्न गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक सुरक्षा उपायों के आशयित लाभार्थी शिक्षा के अभाव, सामाजिक संरचनाआं, आर्थिक वंचन, शोषण, सांस्कृतिक मानदंडों एवं विभेदों आदि के कारण उनके लाभों को प्राप्त करने में असमर्थ रहते हैं।

योजना के उद्देश्य : इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए सभी स्तरों पर विधिक सहायता एवं समर्थन को सुदृढ़ कर सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत बुनियादी अधिकारों एवं लाभों तक पहुँच को सुनिश्चित करना है।

कार्य योजना : इस योजना में गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक सुरक्षा उपायों की पहचान करने तथा विधिक सेवा क्लिनिकों, जागरूकता कार्यक्रमों, पैनल वकीलों, पैरा लीगल वॉलंटियरों और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार के जरिये उन तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए कार्यतंत्र निर्धारित किया गया है।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (जनजातीय अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन) योजना, 2015

जनजातियों के लिए विधिक सेवाएं : 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियां भारत की जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है। भारत में जनजातीय जनसंख्या अपने परंपरागत रीति-रिवाजों और प्रथाओं के अनुसार चलती है। वे अत्यधिक असहाय हैं क्योंकि वे अभी तक मुख्यधारा की संस्कृति में शामिल नहीं हुए हैं जबकि विकास की जरूरत और दबाव में उनकी बस्तियां लुप्त हो गई हैं और उनके अधिकारों का हनन हो गया है। हर बार जब किसी वन क्षेत्र को किसी विकास कार्यकलाप के लिए खाली किया गया, उन्हें वहां से हटाया गया, परंतु किसी अन्य सांस्कृतिक माहौल में उनके लिए समायोजित हो पाना अत्यधिक कठिन होता है। जनजातियों के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं, जो उन तक नहीं पहुँच रही हैं, और उनके बीच भी सदैव एक गहरी खाई होती है। कई बार, जनजातियों का कानून के साथ विवाद होता है और वे बुरी तरह प्रभावित होते हैं क्योंकि न तो औपचारित न्याय व्यवस्था उन्हें समझती है और न ही वे न्याय व्यवस्था को समझते हैं।

उद्देश्य : इस योजना का उद्देश्य भारत में जनजातीय लोगों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करना है जिसमें अधिकारों, लाभों, कानूनी सहायता और अन्य विधिक सेवाएं शामिल हैं, ताकि वे सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के संवैधानिक आश्वासन का सार्थक रूप से अनुभव कर सकें।

विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका और कार्य योजना : अनुसूचित जनजातियों का सदस्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के तहत विधिक सहायता के हकदार हैं। विधिक सेवा प्राधिकरणों को जनजातियों तक पहुँचने की आवश्यकता है ताकि वे न्याय के समान अवसर प्राप्त कर सकें। इस योजना में उन क्षेत्रों का निर्धारण किया गया है जिनमें विधिक सेवा प्राधिकरण जनजातियों के लिए मददगार हो सकते हैं जैसे, उनके लिए शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना। विधिक सेवा प्राधिकरणों को पैरा-लीगल वॉलंटियरों के माध्यम से उनकी भाषा बोलते हुए सक्रिय रूप से जनजातियों तक पहुँचना होगा। इससे जनजातियों को परेशान करने वाले मुद्दों और विधिक सेवाओं द्वारा अनिवार्यतः प्रदान किए जाने वाले उपचारों के स्वरूप को समझने में बेहतर मदद मिलेगी। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि विधिक सेवा प्राधिकरणों को जनजातियों के बीच उन्हें संविधान द्वारा आश्वस्त विभिन्न अधिकारों, विभिन्न कानूनों के तहत उनके लिए उपलब्ध अधिकारों, उनके अधिकारों के हनन के मामले में उनके लिए उपलब्ध राहतों, जब कभी ऐसे हनन हों तब विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा प्रदान की जा सकने वाली सहायता और अंत में उनके लिए बनाई गई सरकारी योजनाओं एवं उन्हें प्राप्त करने के तरीके के बारे में जागरूकता फैलानी होगी।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नशे के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं एवं नशे के कलंक का निवारण) योजना, 2015

पृष्ठभूमि : नशीले पदार्थों की तस्करी आज दुनिया में सर्वाधिक भयंकर अपराधों में से एक है। गोल्डन क्रीसेंट और गोल्डन ट्रायंगल के बीच अपनी अवस्थिति के कारण भारत नशीले पदार्थों की तस्करी की चपेट में आने की उच्च संभावना वाला देश है। इसके प्रभाव कष्टकारक हैं। कहा जाता है कि लगभग 7 करोड़ लोग नशीले पदार्थों के सेवन में लिप्त हैं। उनमें से 17 प्रतिशत इसके आदी हैं। नशीले पदार्थों का पहली बार सेवन करने की आयु 9 साल तक आ गई है। इसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं मनोविज्ञान, समाज की मजबूती और देश की अर्थव्यवस्था पर भयानक प्रभाव पड़ते हैं।

उद्देश्य : इस योजना के मुख्य उद्देश्य हैं नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों और पीड़ितों के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं, नीतियों आदि के संबंध में सभी पणधारियों के बीच जागरूकता फैलाना, सरकारी/गैर-सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर तस्करी को रोकने और प्रभावी नशा-मुक्ति एवं पुनर्वास सुविधाएं प्रदान करना।

कार्य योजना : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों ने प्रत्येक जिले में विशेष इकाइयां स्थापित की हैं जिनमें जिला सचिव नोडल अधिकारी हैं और जो पीड़ितों के नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने और पुनर्वास के लिए सभी मौजूदा नीतियों, योजनाओं आदि का एक डाटाबेस बनाएंगे और उसे स्थानीय निकायों, शैक्षिक संस्थाओं, बेघर बच्चों, जेलों, यौन कर्मियों, कैमिस्टों, खेती करने वालों, नशे के पीड़ितों और उनके परिवारों आदि जैसे सभी पणधारियों को उपलब्ध करायेंगे। वे यह सुनिश्चित करने के लिए नशा-मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के साथ भी समन्वय स्थापित करेंगे कि नशे के पीड़ितों के साथ उचित और सम्मानजनक बर्ताव किया जाए। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नशे के सेवन के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में आम जनता और विशेष रूप से छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करेंगे।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से विधिक सेवाओं की योजना

आपदा के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं : आपदा चाहे प्राकृतिक हो या मानव-जनित, प्राय: पीड़ितों को अचानक चपेट में लेती हैं और वे जान-माल, घर और सम्पत्ति के नुकसान की त्रासद स्थितियां झेलते हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें दोनों आपदा को कम करने के उपाय करते हैं परंतु कई बार विभिन्न कारणों से इनके लाभ पीड़ितों तक नहीं पहुँच पाते। आपदा के पीड़ित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 12(ई) के तहत नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त करने के हकदार हैं।

योजना के उद्देश्य : इस योजना का मुख्य उद्देश्य संकट की अवधियों को कम करने, शीघ्र सुधार और विकास हेतु प्रावधान करने एवं विधिक प्रावधानों और सरकार द्वारा घोषित योजनाओं के लाभों को प्राप्त करने में उन्हें नि:शुल्क विधिक सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना है।

कार्य योजना : इस योजना में सभी जिलों में एक कोर ग्रुप की स्थापना की परिकल्पना की गई है जिसमें एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, एक युवा वकील, चिकित्सा कार्मिक और गैर-सरकारी संगठन शामिल होंगे जो जब भी और जहां भी कोई प्राकृतिक अथवा मानव-जनित आपदा आती है तब तुरंत कार्रवाई करेंगे। कोर ग्रुप राहत सामग्रियों के वितरण, अस्थायी शरणस्थलियों एवं पुनर्वास उपायों के पर्यवेक्षण हेतु आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ-साथ अलग-अलग सरकारी विभागों एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करेगा। विधिक सेवा प्राधिकरण बीमा दावों, बैंक ऋण आदि को प्राप्त करने हेतु, गुम हुए दस्तावेजों को पुन: बनवाने में पीड़ितों की सहायता करेंगे।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा
सम्पूर्णा बेहरूआ बनाम भारत गणराज्य एवं अन्य
रीट पीटीशन नं0 (सी) 473/2005 में 19.8.2011
को पारित आदेश के अनुपालन हेतु किशोर न्याय बोर्ड में स्थापित
विधिक सहायता केन्द्र के संबंध में

1. जब पुलिस के द्वारा किशोर को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तब बोर्ड को विधिक सहायता अधिवक्ता बुलाना चाहिए और उस किशोर/उसके माता–पिता का परिचय उक्त अधिवक्ता से कराना चाहिए। किशोर तथा उसके परिवार के सदस्य/माता–पिता को यह बताना चाहिए कि मुफ्त कानूनी सहायता के रूप में अधिवक्ता पाना उनका हक है और इस वास्ते उन्हें कोई भी फीस किसी को देने की जरूरत नहीं है।

2. किशोर न्याय बोर्ड को विधिक सहायता अधिवक्ता को किशोर के साथ/उसके माता–पिता के साथ बातचीत का समय देना चाहिए तथा उसके पश्चात सुनवाई करनी चाहिए।

3. किशोर न्याय बोर्ड को अपने आदेश में यह वर्णित करना चाहिए कि विधिक सहायता अधिवक्ता को दिया गया है तथा विधिक सहायता अधिवक्ता सुनवाई में उपस्थित रहे इसका भी वर्णन करना चाहिए।

4. बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बालक तथा उसके माता–पिता को पर्याप्त समय मिले ताकि वह विधिक सहायता अधिवक्ता से घुलमिल सकें और केस के बारे में विचार विमर्श के लिए पर्याप्त समय मिले एवं इसके पश्चात ही सुनवाई करना चाहिए।

5. किशोर न्याय बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक भी किशोर बिना विधिक सहायता अधिवक्ता प्राप्त किए न रहे।

6. किशोर न्याय बोर्ड को प्रत्येक माह के अंत में विधिक सहायता अधिवक्ता को उपस्थिति का प्रमाण पत्र जारी करना चाहिए तथा उनके द्वारा कार्य निष्पादन प्रतिवेदन की जांच भी करनी चाहिए।

7. विधिक सहायता अधिवक्ता के द्वारा चूक अथवा गलत आचरण होने पर बोर्ड को तत्क्षण राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को सूचित करना चाहिए तथा सुधारात्मक कदम उठाना चाहिए।

8. किशोर न्याय बोर्ड तथा विधिक सहायता अधिवक्ता को आपसी समझ-बूझ की भावना से कार्य करना चाहिए तथा एक दूसरे के साथ सामंजस्य बनाए रखना चाहिए। इससे काफी परिवर्तन हो सकता है।

9. विधिक सहायता अधिवक्ता को किशोर न्याय संबंधी प्रावधानों की अच्छी जानकारी रखनी चाहिए तथा इस वास्ते आयोजित की जाने वाली कार्यशाला/प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना चाहिए।

10. विधिक सहायता अधिवक्ता को प्रत्येक केस की तिथि नियमित रूप से दर्ज करने के लिए केन्द्र पर एक डायरी रखनी चाहिए।

11. विधिक सहायता अधिवक्ता के छुट्टी पर जाने अथवा किसी दिन बोर्ड नहीं आने की स्थिति में, उक्त अधिवक्ता द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनके जगह पर साथी विधिक सहायता अधिवक्ता उस केस को देखेंगे और समय पर उपस्थित होंगे।

12. विधिक सहायता अधिवक्ता को परोपकार की भावना से विधिक सहायता कार्य नहीं लेना चाहिए बल्कि उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए।

13. विधिक सहायता अधिवक्ता को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मासिक बैठक में अपनी चिंताओं, समस्याओं तथा मुद्दों को उठाना चाहिए।

14. विधिक सहायता अधिवक्ता को अपने पास के हर केस का अलग से फाइल मेंटेन करना चाहिए तथा प्रत्येक तिथि की प्रविष्टि करनी चाहिए।

15. विधिक सहायता अधिवक्ता को अपने केस के पुकार किए जाने का इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि उसे तत्परता से आगे बढ़कर केस को करना चाहिए और इस वास्ते बोर्ड आए किशोर के परिवार के सदस्यों के पास जाना चाहिए।

16. विधिक सहायता अधिवक्ता को बच्चों/उनके परिवार के सदस्यों के मन में विश्वास तथा भरोसा जगाना चाहिए कि सर्वश्रेष्ठ संभव विधिक सहायता उन्हें प्रदान की जा रही है तथा सर्वश्रेष्ठ संभव मदद दी जायेगी।

17. विधिक सहायता अधिवक्ता को विधिक सहायता पैनल में शामिल होने की शर्तों का हर हालत में पालन करना चाहिए।

18. विधिक सहायता अधिवक्ता को प्रत्येक माह में किए गए कार्यों का रिपोर्ट किशोर न्याय बोर्ड को अगले महीने के प्रथम सप्ताह में जांच के लिए प्रस्तुत करना चाहिए तथा उपस्थिति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद संबंधित प्राधिकार के पास भुगतान हेतु प्रस्तुत करना चाहिए।

19. विधिक सहायता अधिवक्ता को निश्चित रूप से अपने मुवक्किल को यह बताना

चाहिए कि केस की अगली तारीख क्या है ? उसे अपना मोबाईल/फोन नम्बर भी उस मुवक्किल को देना चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह संपर्क कर सके।

सदस्य सचिव
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

❑❑❑

सफलता की कहानी

पारा विधिक स्वयंसेवक का नाम : बिंदुल बाला
चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार

चतरा जिले की पारा विधिक श्रीमती बिंदुल बाला अपने अभियान के तहत आरती देवी से मिलीं जिनके दोनों पैर उसके पति ने तोड़ दिए थे तथा इसके बच्चे की हत्या कर दी थी। शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से आरती देवी टूट चुकी थी। उन्हें अपना और अपने दूसरे बच्चे का गुजारा करना भी बहुत मुश्किल हो गया था। बिंदुल बाला ने विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से आरती देवी के लिए आवेदन तैयार किया तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़कर उन्हें इंदिरा आवास दिलाया तथा पेंशन दिलाया। पीड़ित मुआवजा के रूप में उसे दो लाख रूपया भी मिला। ऐसे लोग सभी राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पारा विधिक के रूप में काम कर रहे हैं इन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए गौरवान्वित करना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

नामित किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के दिशा–निर्देश

(माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा सम्पूर्णा बेहरूआ बनाम भारत गणराज्य एवं अन्य रीट पीटीशन नं0 (सी) 473/2005 में पारित 12.10.2011 के आदेश के अनुरूप तैयार किया गया

1. यह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि नामित किशोर/ बाल कल्याण पदाधिकारी, जो पुलिस थाना से संबद्ध हैं तथा विशेष किशोर ईकाई के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकार सभी संभव सहायता/मार्गदर्शन तथा निर्देश देंगे तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का निगरानी तथा देखरेख करेंगे।

2. **राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकारों से वैसे दो/तीन अधिवक्ताओं के पहचान करने का आग्रह करेगी जिनकी रूचि बाल अधिकार संरक्षण में है इन अधिवक्ताओं का पहचान रिसोर्स पर्सन के रूप में किया जाएगा। इन्हें राज्य स्तरीय टीओटी (प्रशिक्षकों के वास्ते प्रशिक्षण) कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकार करेगा।

(क) प्रत्येक राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करके यह सुनिश्चित करेंगे कि विशेष किशोर पुलिस ईकाई तथा किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी की भूमिका, जवाबदेही तथा कर्तव्यों के संबंध में स्थायी आदेश निर्गत किया जाए। यह स्थायी आदेश किशोर न्याय अधिनियम, 2000, किशोर न्याय आदर्श नियमावली, 2007 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा शीला बरसे बनाम भारत गणराज्य (1986 SCALE (2) 230) : (1987) 3 SC 50 : AIR 1987 SC 656 के अनुरूप। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार इस स्थायी अनुदेश के ड्राफ्टिंग में मदद प्रदान करेंगे तथा इसका अनुवाद स्थानीय भाषाओं में किया जाना तथा सभी पुलिस थानाओं में इसे भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे।

(ख) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एक महीने के अन्दर सभी आवश्यक कदम उठायेंगे और किताबों तथा फिल्मों को उपलब्ध कर उसका वितरण करेंगे और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के लिए प्रशिक्षण सामग्री का विकास करेंगे।

(ग) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समीक्षा तथा

मूल्यांकन करेंगे तथा जब ज्योंहि जरूरत पड़े तब प्रशिक्षण कार्यक्रम को संशोधित तथा समुन्नत करेंगे।

(घ) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को प्रत्येक छः महीने में एक बार पुलिस पदाधिकारी, किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी तथा विशेष किशोर पुलिस ईकाई के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश देंगे।

(ङ) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार किशोर न्याय नियमावली में विहित सभी प्रारूपों के सेट का एक संग्रह बनायेंगे जो सीएनसीपी (बालक जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की जरूरत है) तथा सीसीएल (बालक जिसके द्वारा कानून का उल्लंघन हुआ है) के मामलों को देखने वाली पुलिस की मदद के लिए होगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार इस संग्रह को जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारियों में वितरण करने के लिए भेजेगी। इन प्रारूपों को स्थानीय भाषा में अनुवाद स्वागत योग्य है।

(च) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एक निर्देशिका तैयार करेगी जिसमें किशोर न्याय बोर्ड/बाल कल्याण समिति के सदस्यों, सम्प्रेक्षण गृह, बाल गृह, विशेष किशोर पुलिस ईकाई तथा किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी के नाम, पता तथा टेलीफोन नम्बर होगा। इस निर्देशिका का समय-समय पर संशोधन किया जाएगा ताकि अद्यतन स्थिति बनी रहे। इस निर्देशिका को प्रत्येक पुलिस थाने में रखा जाएगा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारियों को ही दिया जाएगा।

(छ) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार यह सुनिश्चित करेगा कि पूरे राज्य में एकसमान पाठ्यक्रम का पालन किया जाए।

3. जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका

(क) जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशोर न्याय संबंधी मामलों में अनुभव रखने वाले अधिवक्ताओं का पहचान करेगी तथा उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल मनोविज्ञान तथा बाल मनोचिकित्सा के विशेषज्ञों को भी रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल करेगी।

(ख) जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष किसी भी तरह की कठिनाई में राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

(ग) प्रत्येक प्रशिक्षण के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

(घ) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार उपरोक्त प्रमाण पत्र का प्रारूप तैयार करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार उसका मुद्रण करायेगी।

(ङ) प्रमाण पत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मुहर के साथ इसके सचिव एवं अध्यक्ष का हस्ताक्षर भी होगा।

(च) जिला विधिक सेवा प्राधिकार नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि एक दिन या इससे अधिक हो सकती है जो भी उचित या व्यवहारिक हो। रिफ्रेशर पाठ्यक्रम का भी आयोजन किया जा सकता है अगर नया कानून आता है या कानून में कोई परिवर्तन होता है तो।

4. **सामान्य दिशा-निर्देश**

(क) जिला परिवीक्षा पदाधिकारी को भी इन प्रशिक्षणों में बुलाया जाएगा ताकि प्रभावी समन्वय पुलिस और परिवीक्षा पदाधिकारी के बीच स्थापित किया जा सके।

(ख) प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अध्ययन सामग्री, निर्देशिका, जरूरत के प्रारूप तथा करने तथा न करने योग्य बातों की सूची दी जाएगी।

(ग) जिला के क्षेत्रफल के अनुसार, प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक सत्र में अधिकतम 20 प्रशिक्षु होंगे। उचित परिस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के विवेक पर इसमें छूट दी जा सकती है।

(घ) विशेष जरूरत पड़ने पर, कोई अतिरिक्त विषय भी राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से परामर्श कर प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा।

(ङ) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकारों को प्राप्त कराये गये फिल्म ''एक था बचपन'' को सभी प्रशिक्षुओं को दिखाया जाएगा। यूनिसेफ तथा अन्य संगठनों द्वारा बाल अधिकार, बाल समस्या, बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों इत्यादि पर बने फिल्मों को भी प्रशिक्षण कक्षाओं में दिखाया जाएगा। कोई भी फिल्म अथवा दृश्य-श्रव्य सामग्री का इस्तेमाल राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से अनुमति लेकर ही प्रशिक्षण में किया जाएगा।

(च) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समय सीमा वाले आदेश का अनुपालन करेंगे। ज्ञात रहे कि प्रशिक्षण तथा ओरिएन्टेशन फेज वाइज छः महीने से एक साल के अंदर सभी राज्य तथा केन्द्रशासित क्षेत्रों में किया जाना आवश्यक है।

(छ) प्रशिक्षुओं को इस बात से अवगत कराया जाएगा कि किन परिस्थितियों में बच्चे कानून का उल्लंघन कर बैठते हैं तथा प्रशिक्षुओं को यह बात बताई जाएगी कि

कैसे बच्चों को उन परिस्थितियों से बचाया जा सकता है जिनमें पड़ कर बच्चे कानून तोड़ बैठते हैं या बच्चों पर मुसीबत आ जाती है।

(ज) प्रशिक्षु खासतौर पर पुलिस थाना प्रभारी तथा वरीय पुलिस पदाधिकारी को बच्चों की पहचान नहीं बताने तथा इसके परिणाम के बारे में बताया जाएगा तथा उन्हें यह खासतौर पर बताया जाएगा कि कैसे हर हाल में बच्चों की पहचान छुपानी है तथा बच्चों के सर्वोच्च हित की सुरक्षा की जानी है।

(झ) प्रशिक्षुओं को निरोधात्मक रणनीतियों के बारे प्रशिक्षित किया जाएगा।

(ञ) भूमिका निभाना (Role Play) प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंग होगा। भिन्न-भिन्न तरह की परिस्थितियाँ जिसमें बच्चे पड़कर कानून तोड़ बैठते हैं उनको रोल प्ले के द्वारा प्रशिक्षुओं को दिखाया जाएगा।

(ट) पकड़े जाने पर बच्चे जिनसे कानून का उल्लंघन हुआ है उन्हें जो तनाव होता है उसे एक समस्या के रूप में सामने लाया जाएगा तथा प्रशिक्षुओं को एक समाधान ढुंढने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा इसमें बाल मनोविज्ञान में अनुभवी रिसोर्स पर्सन मदद करेंगे।

(ठ) प्रशिक्षुओं को उचित दिशा निर्देश दिया जाएगा कि कैसे अपराध से पीड़ित किशोरों से पेश आया जाए तथा कैसे उनका बयान रिकॉर्ड किया जाए तथा उनका देखभाल और सुरक्षा पुलिस थानों में कैसे की जाए। प्रशिक्षुओं के जहन में यह बात डाली जाएगी कि किशोर के साथ ''अपराधी'' की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता बल्कि उन्हें परिस्थितियों से पीड़ित समझा जाएगा तथा सभी संभव कदम उनके पुनर्वास और समाज के मुख्यधारा में लाने के लिए उठाये जाएंगे।

(ड) प्रशिक्षुओं को भली प्रकार से प्रशिक्षित किया जाएगा कि संगठित अपराधियों तथा अपराधिक संगठन जो बच्चों का इस्तेमाल गैरकानूनी गतिविधि में करते हैं उनसे कैसे निपटा जाए।

(ढ) प्रशिक्षुओं को विशेष निर्देश दिया जाएगा कि किसी भी परिस्थिति में किशोर जिनसे कानून का उल्लंघन हुआ है वो दुबारा आपराधिक गतिविधि में न पड़ें और दुबारा से अपराधियों से संपर्क ना हो।

(ण) वैसे पुलिस पदाधिकारी जो प्रशिक्षण में शामिल हो चुके हैं उन्हें दुबारा प्रशिक्षण में शामिल होने से छूट दी जाएगी।

(त) प्रशिक्षुओं को वैसे शब्दावलियों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा जिनका इस्तेमाल सीएनसीपी तथा सीसीएल बच्चे से संबंधित दस्तावेज तथा कार्यवाहियों में इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है।

(थ) प्रशिक्षुओं को खासतौर पर एफआईआर/जीडी इन्ट्री (General Diary Entry), गिरफ्तारी, उम्र निर्धारण जांच इत्यादि संबंधी मामलों जो बच्चों से संबंधित हैं के बारे में खासतौर पर कानूनी प्रावधान सहित बताया जाएगा।

(द) प्रशिक्षुओं को यह सूचित किया जाएगा कि बच्चे जिनसे कानून का उल्लंघन हुआ है उन्हें सर्वदा किशोर न्याय बोर्ड के सामने ही प्रस्तुत किया जाना है तथा किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत नहीं करना है। किशोर न्याय अधिनियम एक विशेष कल्याणकारी कानून है जो सभी दूसरे कानून पर वरीयता रखता है।

(ध) प्रशिक्षुओं को यह बताया जाएगा कि बच्चों के उम्र निर्धारण संबंधी मामले में जहां निष्कर्ष बॉर्डर लाइन पर है, वहां संदेह का लाभ हमेशा बच्चे को देना चाहिए तथा उसे किशोर माना जाना चाहिए।

(न) प्रशिक्षुओं को यह समझाया जाना चाहिए कि बच्चे को सम्प्रेक्षण गृह भेजना हमेशा अंतिम उपाय के रूप में व्यवहार में लाना चाहिए तथा हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि बच्चा पुलिस थाना से ही जमानत पर रिहा हो जाए।

(य) प्रशिक्षुओं को यह सूचित किया जाएगा कि पुलिस पदाधिकारी बच्चों के सामने पेश आते हुए कभी भी वर्दी नहीं पहनेंगे।

(र) प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारियों को यह सूचित किया जाना चाहिए कि बच्चे जेल या पुलिस हाजत में नहीं रखे जा सकते, उन्हें हथकड़ी या बेड़ी नहीं पहनाया जा सकता तथा उन्हें 24 घंटे के अंदर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(ल) प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारी को यह प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि ज्योंहि बच्चे की गिरफ्तारी की जाती है, त्योंहि पुलिस पदाधिकारी को चाहिए कि उस बच्चे को नामित किशोर/बाल कल्याण पदाधिकारी के सुपुर्द कर दे जो उस बच्चे के माता पिता तथा संबंधित परिवीक्षा पदाधिकारी को तत्काल सूचित करेंगे।

(व) प्रशिक्षु पदाधिकारी के जहन में यह बात डाली जानी चाहिए कि अगर किसी वजह से बच्चे को किशोर न्याय बोर्ड या बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं है तो उस बच्चे को पुलिस थाना में नहीं रखा जाएगा बल्कि बाल गृह या संप्रेक्षण गृह में रखा जाएगा जबतक कि उसे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत न किया जाए।

(श) प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारी को देश के अन्य भाग में पुलिस के द्वारा अनुपालन किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यप्रणाली (Best Practices) के बारे में बताया जाएगा।

❑❑❑

सफलता की कहानी

पारा विधिक स्वयंसेवक का नाम : सुमन ठाकुर
राँची जिला विधिक सेवा प्राधिकार

1. अपराध से पीड़ित महिलाओं को विधिक सहायता

अपराध की प्रकृति	विधिक सहायता	लाभुक की संख्या
यौन हिंसा	यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं को पुनर्वास में मदद किया तथा विधिक सहायता पैनल अधिवक्ता की मदद से बच्चियों को किशोरी निकेतन, बीजुपाड़ा, राँची में भर्ती कराया।	01
डायन हत्या	पांच महिलाओं को डायन होने के नाम पर मांडर जिला राँची में मार दिया गया। परिजनों को विधिक सहायता तथा पीड़ित मुआवजा दिलवाया।	05

2. विधिक जागरूकता शिविर/सहायता

शोषित/वंचित/ हाशिए पर के समुदाय	दिया गया सहायता	लाभुक की संख्या
मानव-तस्करी	परिवार से मिलाया	10
असंगठित कर्मकार	निबंधन कराया	500
किशोर तथा बालक	पुनर्वास किया तथा कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया	27
जनजातीय लोग	जमीन का पट्टा दिलाने में मदद किया	10
गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले समुदाय	सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाया	700
तेजाबी हमला से पीड़ित	मुआवजा में मदद	01

3. कानूनी साक्षरता क्लब तथा कक्षा

विधिक सेवा प्रदान करने का स्थान	विधिक सेवा का प्रकार	लाभुक की संख्या
विधिक साक्षरता कक्षाएं	कस्तूरबा समेत अन्य विद्यालयों में विधिक साक्षरता की कक्षाएं चलाई	2000

4. असंगठित कर्मकार		
विधिक सेवा की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
असंगठित कर्मकार	सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ पहुंचाया	100
5. कन्या साक्षरता		
विधिक सेवा की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
कन्या शिक्षा	कस्तूरबा समेत अन्य विद्यालयों में दाखिला कराया	05
6. गरीबी उन्मूलन योजना का लाभ		
विधिक सेवा की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की सहायता	मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समेत गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ पहुंचाना	10
7. महिला सशक्तिकरण		
कौशल विकास	रोजगार उन्मुख	135
8. वरिष्ठ नागरिकों की सहायता		
सेवा की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
वरिष्ठ नागरिकों की सहायता	वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन पाने में सहायता	10

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण शिकायत/जनअभियोग निवारण हेतु सामान्य व्यवहार प्रक्रिया

प्रत्येक प्राधिकार/समिति, चाहे वह राष्ट्रीय स्तर का हो, राज्य स्तर का हो या जिला अथवा तालुका स्तर का हो वह समय-समय पर शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करता है। शिकायत आवेदन के द्वारा पीड़ित अपने दु:ख प्रकट करता है। ये शिकायत हमें हमारे कार्यक्रम तथा हमारे कमियों को बताते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी शिकायतों पर तेजी से तथा असरकारी ढंग से कार्यवाही की जाए। स्थापित व्यवस्था के अभाव में इन शिकायतों पर हमारा रवैया काम चलाऊ तथा तदर्थ वादी होता है तथा कार्यवाही में देरी होती है। नालसा को कार्मिक जनशिकायत तथा प्रशासनिक सुधार विभाग से पत्रांक ओ एम तिथि 7.4.2016 प्राप्त हुआ है जिसके अनुसार माननीय प्रधानमंत्री ने यह इच्छा व्यक्त किया है कि शिकायत के निपटारे की अवधि वर्तमान दो महीना से घटाकर एक महीना कर दिया जाए। इस तरह से जरूरत महसूस हुई कि एक व्यवस्था की स्थापना की जाए ताकि व्यवस्थित ढंग से अभियोग तथा जनशिकायतों का निष्पादन किया जा सके।

शिकायत के स्त्रोत : शिकायत :

1) आम जनता से सीधे नालसा को प्राप्त हो सकते हैं।

2) नालसा को राष्ट्रपति कार्यालय से, प्रधानमंत्री कार्यालय से, भारत के मुख्य न्यायाधीश से तथा न्याय विभाग, भारत सरकार से प्राप्त हो सकते हैं।

3) राज्य/जिला अथवा विधिक सेवा प्राधिकार को आम जनता से सीधे प्राप्त हो सकते हैं।

4) राज्य/जिला प्राधिकार अथवा तालुका समिति को विभिन्न प्राधिकार जिसमें राज्य के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय भी शामिल है से प्राप्त हो सकते हैं।

5) राज्य को नालसा से प्राप्त हो सकते हैं।

6) जिला प्राधिकार को राज्य प्राधिकार अथवा नालसा से प्राप्त हो सकते हैं।

7) तालुका विधिक समिति को राज्य प्राधिकार या नालसा या जिला प्राधिकार से प्राप्त हो सकता है।

शिकायत की प्रकृति : शिकायत :

1) विधिक सहायता अधिवक्ता के विरूद्ध हो सकते हैं जो उसके कार्य अथवा व्यवहार से संबंधित हों।

2) विधिक सहायता नहीं प्रदान करने से हो सकती है जहां व्यक्ति सोचता है कि वह इसका हकदार है।

3) लोक सेवक के विरूद्ध हो सकती है जिनसे शिकायतकर्ता को उसका हक नहीं मिला।

4) कई मुद्दों पर हो सकती है।

5) एक व्यक्ति द्वारा अपने शिकायत को सामान्य तौर पर किया जा सकता है।

6) एक व्यक्ति विधिक सहायता पाने का इच्छुक हो सकता है।

7) एक व्यक्ति कोई विशेष जानकारी प्राप्त करना चाहता हो।

8) अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायत।

प्राधिकार/समिति का शिकायत के प्रति रवैया :

जब प्राधिकार या समिति किसी भी स्तर पर कोई शिकायत प्राप्त करता है तो उसका रवैया समस्या के समाधान वाला होना चाहिए न कि शिकायत के निष्पादन या शिकायतकर्ता को जवाब देने वाला। हमारा झुकाव किसी भी तरह से खुद को उस शिकायत से पल्ला झाड़ने वाला नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें सक्रिय होकर उस शिकायत में की गई बातों का समाधान करना चाहिए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट अनुभव करे तथा उसे पता होना चाहिए कि उसके लिए आगे क्या-क्या करने का अवसर है। हमारा उद्देश्य शिकायत दूर करने वाला होना चाहिए न कि आवेदन निष्पादन वाला। इस तरह से निम्नलिखित मैकेनिज्म को अपनाया जाना चाहिए :

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के स्तर पर

1) चूंकि नालसा खुद से न तो विधिक सहायता देता है न ही अधिवक्ताओं का पैनल रखता है तथा यथार्थ में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से काम करता है, इसलिए जब कभी भी शिकायत किसी विधिक सहायता अधिवक्ता के विरूद्ध प्राप्त होती है या विधिक सहायता आवेदन खारिज करने के संबंध में प्राप्त होती है या विधिक सहायता पाने के लिए प्राप्त होती है या किसी योजना के लाभ का हकदार बताने के लिए प्राप्त होती है तो उसे तत्काल ही संबंधित राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को प्रेषित किया जाएगा तथा संभव होने पर सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकार को प्राप्त कराया जाएगा। सभी प्रयास किए जाएंगे कि इसे जल्दी से जल्दी किया जाए।

   जबतक कि ऑनलाइन पोर्टल का विकास होता है, शिकायत को स्कैन करके मेल के द्वारा भेजा जाएगा तथा उसकी एक प्रति डाक के द्वारा भी भेजी जाएगी। राज्य अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार को मेल पर ही त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए तथा हार्डकॉपी की प्राप्ति की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए।

नालसा निगरानी तथा अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु कुछ शिकायत आवेदन को लक्षित कर सकती है।

2) राज्य/जिला प्राधिकार को शिकायत भेजे जाने के बाबत अग्रसारण पत्र उस विभाग को भी भेजा जाएगा जहां से शिकायत आया है।

3) वैसे शिकायत जिनमें कोई मेरिट नहीं है उसका भी जवाब आवेदक को दिया जाएगा।

4) अज्ञात के द्वारा शिकायत भी किया जा सकता है।

5) जब एक सामान्य शिकायत प्राप्त किया जाता है और अगर उसे आगे प्रेषित नहीं किया जाता है तो आवेदक को यह सूचित किया जाएगा कि उठाए गए मुद्दों को नोट किया गया है और आगे बढ़ने के लिए और कोई आधार नहीं है।

6) जहां आवेदक कुछ जानकारी चाहता है, वहां पर आवेदक को यह बताया जाएगा कि उसे यह जानकारी किस व्यक्ति या पदाधिकारी से मिल सकती है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के स्तर पर :

1) जब भी विधिक सहायता अधिवक्ता के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होता है या विधिक सहायता पाने हेतु आवेदन प्राप्त होता है या किसी योजना के लाभ पाने हेतु हक का दावा किया जाता है या कोई शिकायत नालसा के द्वारा प्रेषित किए जाने पर मिलता है तो राज्य विधिक सेवा प्राधिकार उसे जिला प्राधिकार/तालुका समिति को प्रेषित कर देगी सिवाय उस परिस्थिति के जबकि इसका आवेदन राज्य प्राधिकार स्तर पर ही किया जा सकता है। ऐसा शीघ्रता से किया जाना चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में पांच कार्यदिवसों के अन्दर में ही किया जाना चाहिए।

2) शिकायत को जिला प्राधिकार/तालुका समिति को भेजते समय एक अग्रसारण वाला पत्र आवेदक अथवा विभाग जहां से वह शिकायत प्राप्त हुआ है उसे भी भेजना चाहिए।

3) राज्य विधिक सेवा प्राधिकार नियमित रूप से शिकायत पर हुए प्रगति की जांच करेगा और नालसा को समय-समय पर सूचित करेगा। अगर वह शिकायत नालसा के द्वारा प्रेषित किया गया है तो।

4) जहां शिकायत विधिक सहायता आवेदन को खारिज करने के संबंध में मिलती है वहां मामले की जांच राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अपने ही स्तर से किया जाना चाहिए। एक प्रतिवेदन जिला/तालुका से मांगा जा सकता है। अगर राज्य प्राधिकार यह निर्णय करता है कि विधिक सहायता से इंकार करना उचित है तब आवेदक को इस बात की सूचना दे दी जाएगी तथा नालसा को भी इसकी सूचना दे दी जाएगी। अगर यह नालसा से आवेदन प्रेषित हुआ हो तो।

5) वैसे आवेदन जिनमें कोई मेरिट नहीं है उसका भी जवाब दिया जाएगा तथा उस जवाब की प्रति नालसा अथवा जिस भी विभाग से आया है वहां भी भेजी जाएगी।

6) अज्ञात के द्वारा भी शिकायत किया जा सकता है।

7) जब एक सामान्य शिकायत प्राप्त किया जाता है और अगर उसे आगे प्रेषित नहीं किया जाता है तो आवेदक को यह सूचित किया जाएगा कि उठाए गए मुद्दों को नोट किया गया है और आगे बढ़ने के लिए और कोई आधार नहीं है।

8) जहां आवेदक कुछ जानकारी चाहता है, वहां पर आवेदक को यह बताया जाएगा कि उसे यह जानकारी किस व्यक्ति या पदाधिकारी से मिल सकती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार/तालुका समिति के स्तर पर :

1) जब कभी भी विधिक सहायता अधिवक्ता के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होता है या विधिक सहायता की मांग की जाती है या किसी योजना के लिए हक का दावा किया जाता है या नालसा/राज्य प्राधिकार से शिकायत प्राप्त होता है तब जिला विधिक सेवा प्राधिकार/तालुका समिति बिना कोई समय गंवाये :

   क) अगर शिकायत विधिक सहायता अधिवक्ता के विरूद्ध है तो उससे प्रतिवेदन की मांग करेगी और प्रतिवेदन से संतुष्ट नहीं रहने पर उचित कार्यवाही करेगी। इसके अलावा आवेदक से संपर्क कर तत्काल विधिक सहायता अधिवक्ता बदल दिया जायेगा।

   ख) विधिक सहायता मांगे जाने की स्थिति में तत्काल उचित कदम उठाया जाएगा।

   ग) अगर आवेदन में योजना के हक रखने का दावा किया गया है तब आवेदक को सूचित किया जाएगा कि उनके द्वारा क्या कदम उठाया जाना अपेक्षित है तथा मदद के लिए एक पारा विधिक स्वयंसेवक प्रतिनियुक्त किया जाएगा। आवेदक से संपर्क रखने में सूचना तकनीक ईमेल/एसएमएस आदि का इस्तेमाल किया जाएगा।

2) जहां शिकायत विधिक सहायता आवेदन को खारिज करने से संबंधित है वहां आवेदन खारिज करने की कारणों को बताया जाएगा। साथ ही आवेदक को अपील करने के अधिकार तथा फोरम के बारे में बताया जाएगा।

3) वैसे शिकायत जिनमें कोई मेरिट नहीं है उसका भी जवाब आवेदक को दिया जाएगा।

4) अज्ञात के द्वारा शिकायत भी किया जा सकता है।

5) जब एक सामान्य शिकायत प्राप्त किया जाता है और अगर उसे आगे प्रेषित नहीं किया

जाता है तो आवेदक को यह सूचित किया जाएगा कि उठाए गए मुद्दों को नोट किया गया है और आगे बढ़ने के लिए और कोई आधार नहीं है।

6) जहां आवेदक कुछ जानकारी चाहता है, वहां पर आवेदक को यह बताया जाएगा कि उसे यह जानकारी किस व्यक्ति या पदाधिकारी से मिल सकती है।

सभी स्तर पर शिकायत के निवारण हेतु यह पुनः संकल्प किया जाता है कि –

- शिकायत जन अभियोग को शीघ्रता से लिया जाएगा।
- एक सक्रिय तथा संवेदनशील रवैया अपनाया जाएगा।
- शिकायत पर निरंतर फॉलो अप कार्यवाही किया जाएगा।
- जहां नालसा आवेदन को राज्य प्राधिकार को प्रेषित करती है या राज्य प्राधिकार जिला अथवा तालुका समिति को प्रेषित करती है वहां नालसा अथवा राज्य प्राधिकार को यह बताया जाना चाहिए कि आवेदन पर क्या हुआ।
- अंततोगत्वा यह उद्देश्य है कि आम जन को यह महसूस होना चाहिए कि उनके शिकायत पर असरकारी कार्यवाही बिना कोई समय गंवाये किया गया।

❑❑❑

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण हिरासत में व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व के लिए मानक संचालन प्रक्रिया

विधिक सहायता प्रदान करना विधिक सेवा संस्थान का एक प्रमुख कर्तव्य है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के धारा 12 के अंतर्गत हिरासत में लिए गए सभी व्यक्ति मुफ्त विधिक सहायता पाने के हकदार हैं, परन्तु हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को विधिक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था पूरे देश में एकरूप नहीं है। जेल में जाकर बंदियों से पैनल अधिवक्ता द्वारा मिलना भी कहीं-कहीं महीने में एक बार है तो कहीं-कहीं हफ्ते में दो बार। जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता भी प्राय: स्पष्ट समझ नहीं रखते कि उनसे क्या अपेक्षा की जाती है। यह स्पष्ट है कि बंदियों के साथ बातचीत तथा उन्हें विधिक सहायता तथा कोर्ट में प्रतिनिधित्व आदि को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

देश के कई जिलों में हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को कई कई दिनों तक कोर्ट में नहीं प्रस्तुत किया जाता। ऐसा तब भी होता है जब आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है। ऐसे बहुत सी परिस्थितियां हैं कि जब रिमांड किए जाने के बाद कई कई दिन तक उस बंदी को न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। आमतौर पर ऐसा करने का कारण सुरक्षा इंतजाम नहीं होना अथवा वाहन नहीं होना बताया जाता है तथा कभी-कभी कारण यह बताया जाता है कि बंदी को अन्य न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना था। यह सब अपराध प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के विरूद्ध है तथा बंदी के मुलभूत अधिकार के विरूद्ध है। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को समय-समय पर कोर्ट में प्रस्तुत नहीं करने से न्यायालय यह जानने से वंचित रह सकती है कि उस व्यक्ति को हिरासत में कोई कठिनाई है कि नहीं। ऐसी परिस्थिति में हिरासत में लिए गए व्यक्ति को विधिक प्रतिनिधित्व भी नहीं दिया जा सकता।

हिरासत में लिया गया व्यक्ति जेल में सड़ता रहता है और उसके तरफ से जमानत आवेदन में दाखिल नहीं किया जाता है। अगर जमानत का आदेश हो भी जाता है तो भी वह व्यक्ति जेल में सड़ता है क्योंकि बंधपत्र दाखिल नहीं किया जाता है तथा न्यायालय उस बंदी से बातचीत भी नहीं कर पाता क्योंकि उसे प्रस्तुत नहीं किया जाता। ऐसे मामलों को न्यायालय के संज्ञान में लाने की जरूरत है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति को उसके केस की सही स्थिति के बारे में सही जानकारी भी नहीं हो पाती। अत: यह बहुत बड़ी जरूरत है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति तथा उसे मिलने वाली विधिक सेवाओं के बीच फासले को पाटा जाए।

कई सारे कदम उठाए जा चुके हैं जैसे कि सभी जेलों में विधिक सहायता केन्द्र खोलना

तथा बंदी में से ही पहचान कर पारा विधिक स्वयंसेवक के रूप में प्रशिक्षण देना जो सह बंदियों से बातचीत कर उन्हें विधिक सहायता पहुंचा सके। इस उद्देश्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए :

1) पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति प्रत्येक दण्डाधिकारी के न्यायालय तथा सत्र न्यायालय में किया जाना चाहिए।

2) जेल विधिक सहायता केन्द्र के लिए एक सुस्पष्ट रूप से चिन्हित जगह होनी चाहिए तथा मुलभूत सुविधा भी उपलब्ध भी कराया जाना चाहिए।

3) पैनल लॉयर में से कुछ को जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता के रूप में विजिट करने के लिए चिन्हित किया जाना चाहिए तथा हफ्ते में न्यूनतम दो दिन जेल विजिट होना चाहिए।

4) सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी को जेल विजिटिंग अधिवक्ता के रूप में नियुक्त करना चाहिए तथा उनका मानदेय माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकार नियत कर सकते हैं।

5) पर्याप्त संख्या में बंदीजन में से ही लंबी सजा प्राप्त को प्रशिक्षित कर पारा विधिक स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त करना चाहिए जो बंदी तथा विधिक सहायता के बीच में सेतु का काम करेंगे।

6) पारा विधिक स्वयंसेवक को इस बात का अभिलेख मेंटेन करना चाहिए कि कोई व्यक्ति जेल में कब आया, अपराध क्या है, केस का स्टेज क्या है, कोर्ट का नाम क्या है तथा अगली तारीख क्या है।

7) जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता नियमित रूप से बंदियों से मेलजोल करेंगे और बातचीत करेंगे तथा नये बंदी के पाये जाने पर इस बात की तहकीकात करेंगे कि उसने कोई वकील किया है कि नहीं तथा उसे बतायेंगे कि मुफ्त में विधिक सहायता अधिवक्ता पाना उसका हक है और यह उसे तत्काल मिल सकता है।

8) जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता अपने हर बातचीत का संक्षेप में ब्यौरा दर्ज करेंगे और उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के पास बंदी का नाम, उसके परिवार का पता तथा टेलीफोन नंबर के साथ भेजेंगे ताकि पैनल लॉयर के समन्वय से सक्षम विधिक सहायता दिया जा सके।

9) जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अपने संज्ञान में लाए जाने पर जिला जज अथवा जेल निरीक्षण करने वाले जज के संज्ञान में आवश्यक बात लाएंगे।

10) जेल अधीक्षक से प्रत्येक 15 दिन पर बंदियों की सूची मांगी जानी चाहिए तथा उस

सूची का समीक्षा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया जाना चाहिए ताकि उचित मामले में संबंधित अधिकारी के संज्ञान में बात लाई जाए।

11) पारा विधिक स्वयंसेवक तथा जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता वैसे बंदी के बारे में सूचना रखेंगे जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा अगली तिथि की सूचना सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार को देंगे।

12) जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के संज्ञान में यह बात आने पर कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को किन्हीं खास कारण से किसी खास दिन प्रस्तुत नहीं किया गया तब वह इस बात की सूचना मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अथवा मुख्य महानगर दण्डाधिकारी के संज्ञान में लाएंगे जो इसमें उचित कदम उठायेंगे।

13) सुरक्षा वाहन तथा सुरक्षाकर्मी का मुद्दा सरकार के उचित अधिकारी के समक्ष उठाया जाना चाहिए।

14) जेल विजिट करने वाले अधिवक्ता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार को सूचित करेंगे जब किसी बंदी के लिए जमानत का आवेदन दाखिल किया जाना है या कोई बंदी न्यायालय में अधिवक्ता के द्वारा प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा है। सचिव ऐसी स्थिति में अधिवक्ता मुहैया कराये जाने के बाबत उचित आदेश करेंगे। ऐसे मामले भी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संज्ञान में लाया जायेगा जहां बंधपत्र दाखिल नहीं किए जाने के कारण बंदी को जेल में रहना पड़ रहा है।

15) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए के तहत आने वाले बंदियों की सूची विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति के सामने तत्परता से पेश करेंगे।

16) हिरासत में लिए गए व्यक्ति के तरफ से न्यायालय में उपस्थित होने वाले पैनल अधि वक्ता को उस बंदी से बातचीत और मेलजोल करना चाहिए ताकि उसे केस की बेहतर समझ आए। पैनल लॉयर केस की अगली तिथि की सूचना तीन दिन के भीतर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार को देंगे।

17) जेल विधिक सहायता केन्द्र जेल अधीक्षक तथा पैनल लॉयर के साथ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से सामन्जस्य स्थापित करेगा तथा विधिक सहायता प्राप्त मामलों के बंदियों की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी रखेगा तथा मामले की अगली तिथि की जानकारी रखेगा। मामले की स्थिति की बात विधिक सहायता केन्द्र की रजिस्टर में दर्ज की जाएगी तथा बंदी और जेल अधीक्षक को भी इसकी सूचना दी जाएगी।

18) नियमित रूप से जागरूकता शिविर का आयोजन जेल में किया जाना चाहिए जिसमें

बंदियों के अधिकार के बारे में खासतौर पर बताया जाना चाहिए।

19) सुझाव/शिकायत पेटी प्रत्येक विधिक सहायता केन्द्र में होना चाहिए जो जेल में स्थापित किए गए हैं। इस पेटी को सप्ताह में एक बार कारा अधीक्षक तथा पैनल लॉयर की उपस्थिति में खोला जाना चाहिए तथा प्राप्त आवेदनों को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

20) जहां संभव हो वहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल में संसीमित बंदियों से संवाद कायम करना चाहिए।

सदस्य-सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को प्रमुखता से उपरोक्त बातों में कार्रवाई करना चाहिए। सदस्य सचिव के यह उचित है कि जेलों का निरीक्षण किया जाए तथा वैसे बंदी का पहचान किया जाए जिन्हें कई तिथियों पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा ऐसे मामलों में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार को संबंधित न्यायालय में आवेदन देने का आदेश पारित करना चाहिए। इसी तरह के कदम वहां भी उठाया जाना चाहिए जहां जमानत के लिए आवेदन दाखिल किया जाना है या जमानत के शर्तों में संसोधन के लिए आवेदन दिया जाना है। सदस्य सचिव को विधिक सहायता केन्द्र के कार्य प्रणाली का समीक्षा करना चाहिए हर नियमित अंतराल पर।

हरसंभव कदम उठाया जाना चाहिए कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति का कोर्ट में प्रतिनिधित्व असरकारी ढंग से हो और बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी दी जा सके।

❑❑❑

सफलता की कहानी

पारा विधिक स्वयंसेवक का नाम : बबली देवी
राँची जिला विधिक सेवा प्राधिकार

1. अपराध से पीड़ित महिलाओं को विधिक सहायता		
अपराध की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
हत्या	पुनर्वास तथा मुआवजा में सहायता	04
यौन हिंसा	पुनर्वास तथा मुआवजा में सहायता	05

2. वैकल्पिक विवाद निस्तारण व्यवस्था से विवादों का समाधान		
विधिक सहायता की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
मध्यस्थता तथा परामर्श	पति-पत्नी को मिलाया	02

3. विशिष्ट रूप से योग्य व्यक्तियों को सहायता		
विधिक सहायता की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
विशिष्ट रूप से योग्य होने का प्रमाणपत्र दिलाना	विशिष्ट रूप से योग्य व्यक्तियों को प्रमाणपत्र पाने में सहायता	327
4. असंगठित कर्मकार		
विधिक सहायता की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
असंगठित कर्मकार	निबंधन कराने में तथा स्मार्ट कार्ड पाने में मदद	140
5. गरीबी उन्मूलन		
विधिक सहायता की प्रकृति	**विधिक सेवा**	**लाभुक की संख्या**
गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार को मदद	सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाया, राशन कार्ड पाने में मदद किया	50

>kj[k.M jkT; fof/kd lsok izkf/kdkj ds izf'kf{kr ikjk fof/kd Lo;alsodksa ds }kjk fd;k x;k fof/kd tkx:drk in;k=k dk fooj.k

Ø-la	dk;Øe@ftyk	frfFk	Cyksd@LFkku	ykHkqd dh la[;k
01.	विधिक जागरूकता पदयात्रा, जामताड़ा	19.08.2014	व्यवहार न्यायालय, जामताड़ा	40,500 लगभग कानूनी सलाह दिया गया, आवेदन प्राप्त किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार भेजा गया
02.	जामताड़ा	19.08.2014	करमाटांड	
03.	जामताड़ा	19.08.2014	नारायणपुर	
04.	जामताड़ा	20.08.2014	नाला	
05.	जामताड़ा	20.08.2014	कुन्ढित	
06.	जामताड़ा	20.08.2014	फतेहपुर	
07.	जामताड़ा	21.08.2014	जामताड़ा	
08.	विधिक जागरूकता पदयात्रा, गोड्डा	22.09.2014	व्यवहार न्यायालय गोड्डा	67,000 लगभग कानूनी सलाह दिया गया, आवेदन प्राप्त किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार भेजा गया
09.	गोड्डा	22.09.2014	सुन्दरपहाड़ी	
10.	गोड्डा	23.09.2014	सुन्दरगंगटी	
11.	गोड्डा	23.09.2014	ठाकुरगंगटी	
12.	गोड्डा	23.09.2014	मेहरमा	
13.	गोड्डा	24.09.2014	बुआरीजोर	
14.	गोड्डा	24.09.2014	महगामा	
15.	गोड्डा	25.09.2014	पथरगामा	
16.	गोड्डा	25.09.2014	पोड़ैयाहाट	
17.	विधिक जागरूकता पदयात्रा, साहेबगंज	12.01.2015	व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज	76,000 लगभग कानूनी सलाह दिया गया, आवेदन प्राप्त किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार भेजा गया
18.	साहेबगंज	12.01.2015	मंडरो	
19.	साहेबगंज	13.01.2015	बोरेयो	
20.	साहेबगंज	13.01.2015	साहेबगंज	
21.	साहेबगंज	14.01.2015	राजमहल	
22.	साहेबगंज	14.01.2015	तालझाड़ी	
23.	साहेबगंज	15.01.2015	पटना	
24.	साहेबगंज	15.01.2015	बुरहरवा	
25.	साहेबगंज	16.01.2015	उधवा	
26.	साहेबगंज	16.01.2015	बरहेट	
27.	विधिक जागरूकता पदयात्रा, देवघर	09.02.2015	व्यवहार न्यायालय, देवघर	90,500 लगभग कानूनी सलाह दिया गया, आवेदन प्राप्त किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार भेजा गया
28.	देवघर	09.02.2015	देवीपुर	
29.	देवघर	10.02.2015	मोहनपुर	
30.	देवघर	10.02.2015	सोनाराईठडी	
31.	देवघर	11.02.2015	सरवन	
32.	देवघर	11.02.2015	सारथ	
33.	देवघर	12.02.2015	पालोजोड़ी	
34.	देवघर	12.02.2015	करोन	
35.	देवघर	13.02.2015	मार्गोमुण्डा	
36.	देवघर	13.02.2015	मधुपुर	

>kj[k.M jkT; fof/kd lsok izkf/kdkj ds izf'kf{kr ikjk fof/kd Lo;alsodksa ds }kjk fd;k x;k fof/kd tkx:drk lkbfdy;k=k dk fooj.k

क्र.सं.	कार्यक्रम	तिथि	स्थान
01.	साइकिल यात्रा को रवाना किया गया	12-02-2013	न्याय सदन, राँची, झारखण्ड
02.	कानूनी साक्षरता शिविर	15-02-2013	झुमरीतिलैया, झारखण्ड
03.	कानूनी साक्षरता शिविर	18-02-2013	बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, बिहार
04.	कानूनी साक्षरता शिविर	20-02-2013	आरा, बिहार
05.	कानूनी साक्षरता शिविर	21-02-2013	न्यायलय परिसर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश
06.	कानूनी साक्षरता शिविर	28-02-2013	लोहिया पार्क, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
07.	कानूनी साक्षरता शिविर	04-03-2013	जसराना, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश
08.	कानूनी साक्षरता शिविर	04-03-2013	व्यवहार न्यायालय, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश
09.	कानूनी साक्षरता शिविर	06-03-2013	व्यवहार न्यायलय, कासगंज, उत्तर प्रदेश
10.	कानूनी साक्षरता शिविर	08-03-2013	बदायूँ, उत्तर प्रदेश
11.	कानूनी साक्षरता शिविर	08-03-2013	व्यवहार न्यायालय, एटा, उत्तर प्रदेश
12.	कानूनी साक्षरता शिविर	10-03-2013	बजराघाट, उत्तर प्रदेश
13.	कानूनी साक्षरता शिविर	10-03-2013	किद्धौर, मेरठ, उत्तर प्रदेश
14.	कानूनी साक्षरता शिविर	11-03-2013	प्रतापपुर, उत्तर प्रदेश
15.	कानूनी साक्षरता शिविर	13-03-2013	बदोत, उत्तर प्रदेश
16.	कानूनी साक्षरता शिविर	14-03-2013	व्यवहार न्यायलय, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
17.	समापन समारोह	18-03-2013	जंतर-मंतर, नई दिल्ली

* 04.03.2017 से झालसा के पारा विधिक स्वयंसेवक विधिक जागरूकता पदयात्रा एवं साईकिल यात्रा खूंटी एवं राँची जिले में कर रहे हैं।

पारा विधिक स्वयंसेवक एवं विधिक सेवा केन्द्र

ikjk fof/kd Lo;alsod

izf'kf{kr ikjk fof/kd Lo;alsod vkt rd % 1839

पैनल में शामिल पारा विधिक स्वयंसेवक : 1199
पारा विधिक स्वयंसेवक (पुरूष) : 787
पारा विधिक स्वयंसेवक (महिला) : 412
विधिक सेवा केन्द्र में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 355
फ्रंट में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 43
जेलों में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 92
पुलिस थानों में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 118
वृद्धाश्रम में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 6
मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 2
सामुदायिक केन्द्र में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 42
जे0जे0बी0/सी0डब्ल्यू0सी0 में तैनात पारा विधिक स्वयंसेवक : 46

fof/kd lsok dsUnz

>kj[k.M jkT; esa fof/kd lsok dsUnz % 413

कानूनी विद्यालय/महाविद्यालयों में विधिक सेवा केन्द्र : 6
गाँव एवं उपविभाग में विधिक सेवा केन्द्र : 355
जेल में विधिक सेवा केन्द्र : 27
सामुदायिक केन्द्रों/जे0जे0बी0/रिनपास में विधिक सेवा केन्द्र : 25
रिमांड अधिवक्ताओं की कुल संख्या : 160
रिटेनर अधिवक्ताओं की कुल संख्या : 66
पैनल अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षक : 4
मध्यस्थ के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षक : 13
मध्यस्थ अधिवक्ता : 187
न्यायिक अधिकारी मध्यस्थ : 112
विशेषज्ञ मध्यस्थ : 20

वर्तमान झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार भवन

प्रस्तावित झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार भवन

द्वारा प्रकाशित
>kj[k.M jkT; fof/kd lsok ikf/kdkj
न्याय सदन, ए.जी. ऑफिस के समीप, डोरण्डा, राँची
फोन : 0651–2481520, 2482392, फैक्स : 0651–2482397
ईमेल : jhalsaranchi@gmail.com वेबसाइट : www.jhalsa.org
यह पुस्तक झालसा के वेबसाईट **www.jhalsa.org** पर भी उपलब्ध है।